*^^State Bank of India has consented to participate as a Selling Shareholder in the Offer. State Bank of India and SBICAPS, are associates in terms of the SEBI Merchant Bankers Regulations. Accordingly, in compliance with the proviso to Regulation 21A of the SEBI Merchant Bankers Regulations and Regulation 23(3) of the SEBI ICDR Regulations, SBICAPS would be involved only in the marketing of the Offer. SBICAPS has signed the due diligence certificate. For further details, see **"Risk Factors-A portion of the Net Proceeds is proposed to be utilized for repayment or pre-payment, in full or part, all or a portion of certain Book Running Lead Managers to the Offer. Additionally, SBI Capital Markets Limited, one of the other Book Running Lead Managers to the Offer, is an associate of State Bank of India has consented to participate as a Selling Shareholder in the Offer and our Independent Director, Sutapa Banerjee is also a director on the board of directors of Axis Capital Limited, one of the other Book Running Lead Managers to the to the Offer."** on page 52 of the RHP.*

**AVAILABILITY OF THE RHP:** Investors are advised to refer to the RHP and the *"Risk Factors"* beginning on page 41 of the RHP before applying in the Offer. A copy of the RHP will be made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in and is available on the websites of the BRLMs, JM Financial Limited at www.jmfl.com, Axis Capital Limited at www.axiscapital.co.in, Citigroup Global Markets India Private Limited at http://www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm, DAM Capital Advisors Limited at www.damcapital.in, Goldman Sachs (India) Securities Private Limited at www.goldmansachs.com, Jefferies India Private Limited at www.jefferies.com, Kotak Mahindra Capital Company Limited at https://investmentbank.kotak.com and SBI Capital Markets Limited at www.sbicaps.com and at the website of the Company, JSW CEMENT LIMITED at www.jswcement.in and the websites of the Stock Exchanges, for BSE at www.bseindia.com and for NSE Limited at www.nseindia.com.

**AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:** A copy of the Abridged Prospectus shall be available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Offer at: www.jswcement.in, www.jmfl.com, www.axiscapital.co.in, http://www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm, www.damcapital.in, www.goldmansachs.com, www.jefferies.com, https://investmentbank.kotak.com, www.sbicaps.com and www.kfintech.com, respectively.

**AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORM:** Bid cum Application Form can be obtained from the Registered Office of our Company, **JSW CEMENT LIMITED:** Telephone: +91 22 4286 3114; **BRLMs:** JM Financial Limited, Telephone: +91 22 6630 3030; Axis Capital Limited, Telephone: +91 22 4325 2183; Citigroup Global Markets India Private Limited, Telephone: +91 22 6175 9999; DAM Capital Advisors Limited, Telephone: +91 22 4202 2500; Goldman Sachs (India) Securities Private Limited, Telephone: +91 22 6616 9000; Jefferies India Private Limited, Telephone: +91 22 4356 6000; Kotak Mahindra Capital Company Limited, Telephone: +91 22 4336 0000 and SBI Capital Markets Limited, Telephone: +91 22 4006 9807 and **Syndicate Members:** JM Financial Services Limited, Telephone: +91 22 6136 3400; Kotak Securities Limited, Telephone: +91 22 6218 5410; Investec Capital Services (India) Private Limited, Telephone: +91 22 6849 7400; SBICAP Securities Limited, Telephone: +91 22 6931 6411 and Sharekhan Limited, Tel: +91 22 6750 2000 Registered Brokers, SCSBs, Designated RTA Locations and Designated CDP Locations for participating in the Offer. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of the Stock Exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com and at all the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available on the websites of the Stock Exchanges and SEBI.

**SUB-SYNDICATE MEMBERS:** Almondz Global Securities Ltd., Amrapali Capital & Finance Services Ltd., Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd., Anand Share Consultancy, Asit C. Mehta Investment Interrmediates Ltd., Axis Securities Ltd., Centrum Broking Ltd., Centrum Wealth Management Ltd., Dalal & Broacha Stock Broking Pvt. Ltd., Eurekha Stock & Share Brokers Ltd., Finwizard Technology Pvt. Ltd., G Raj & Co. (Consultants) Ltd., Globe Capital Markets Ltd., HDFC Securities Ltd., ICICI Securities Ltd., IDBI Capital Markets and Securities Ltd., IIFL Capital Services ltd., Innovate Securities Pvt Ltd., Jhaveri Securities, JM Financial Services Ltd.,Jobanputra Fiscal Services Pvt Ltd., Kalpataru Multiplier Ltd., Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd., Keynote Capitals Ltd., KJMC Capital Market Services Ltd., Lakshmishree Investment & Securities Pvt Ltd., LKP Securities Ltd., Marwadi Shares & Finance, Motilal Oswal Financial Services Ltd., Motilal Oswal Securities Ltd., Nirmal Bang Securities Pvt. Ltd., Nuvama Wealth and Investment Ltd. *(Formely known as Edelweiss Broking Ltd.)*, Patel Wealth Advisors Pvt Ltd., Prabhudas Lilladher Pvt Ltd., Pravin Ratilal Share and Stock Brokers Ltd., RR Equity Brokers Pvt. Ltd., SMC Global Securities Ltd., Systematix Shares and Stocks (India) Ltd., Tanna Financial Services, Trade Bulls Securities (P) Ltd., Tradebulls Securities Ltd. and YES Securities (India) Ltd.

**ESCROW COLLECTION BANK, REFUND BANK AND SPONSOR BANK:** Kotak Mahindra Bank Limited

**PUBLIC OFFER ACCOUNT BANK AND SPONSOR BANK:** Axis Bank Limited

**UPI:** UPI Bidders can also Bid through UPI Mechanism.

**All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.**

For **JSW CEMENT LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Sneha Bindra
Company Secretary and Compliance Officer

**Place:** Mumbai
**Date:** August 06, 2025

**JSW CEMENT LIMITED** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed a red herring prospectus dated August 01, 2025 (**"RHP"**) with the RoC. The RHP is made available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the website of the BRLMs i.e., JM Financial Limited at www.jmfl.com, Axis Capital Limited at www.axiscapital.co.in, Citigroup Global Markets India Private Limited at http://www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm, DAM Capital Advisors Limited at www.damcapital.in, Goldman Sachs (India) Securities Private Limited at www.goldmansachs.com, Jefferies India Private Limited at www.jefferies.com, Kotak Mahindra Capital Company Limited at https://investmentbank.kotak.com and SBI Capital Markets Limited at www.sbicaps.com, the website of the NSE at www.nseindia.com and the website of the BSE at www.bseindia.com and the website of the Company at www.jswcement.in. Any potential investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risks, please see the section ***"Risk Factors"*** beginning on page 41 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP for making any investment decision but should only rely on the information included in the RHP filed by the Company with the RoC.

This announcement does not constitute an invitation or offer of securities for sale in any jurisdiction. The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933,as amended (the **"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States and unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold within the United States only to "qualified institutional buyers", as defined in Rule 144A (**"Rule 144A"**) under the U.S. Securities Act, in transactions exempt from the registration requirements of the U.S. Securities Act, and outside the United States in "offshore transactions" as defined in, and in reliance on ,Regulation S (**"Regulation S"**) under the U.S. Securities Act, and in accordance with the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales are being made. There will be no public offering of the Equity Shares in the United States.

CONCEPT

सुविचार

धैर्य रखें। कभी-कभी तूफान ही वहां पहुंचा देता है, जहां आप जाना चाहते थे।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, गुरुवार. 7 अगस्त, 2025 | श्रावण शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण


| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,543.99 | -166.26 |
| डॉलर | 87.72 | -0.16 |

देश में मानसून औसत बारिश 515.7 मिमी

आपके शहर में अब तक 366.2 मिमी | कम/ज्यादा +74.5 मिमी






## पॉजिटिव न्यूज

### भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर देश की पहली फ्लाइब्रेरी

भुवनेश्वर | भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर देश की 'फ्लाइब्रेरी' चल रही है। यह देश की पहली ऐसी 'टेक-ए-बुक' लाइब्रेरी है, जहां यात्री बिना किसी पंजीकरण के फ्री में किताबें ले सकते हैं, पढ़ सकते हैं। इस पहल में कुछ महीनों में ही अलमारियों में अंग्रेजी, हिंदी और ओड़िया भाषाओं की 600 से ज्यादा किताबें हो गई हैं। यहां कोई स्टाफ नहीं, कोई नियम नहीं है। आप चाहें तो पसंदीदा किताब दान कर सकते हैं, पढ़ने के लिए ले जा सकते हैं, चाहें तो घर जाकर भी कूरियर कर सकते हैं।

### दुर्ग: घर-घर जाकर सुधार रहे हैं मानसिक स्वास्थ्य

दुर्ग | छग के दुर्ग में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष अभियान चल रहा है। इसकी शुरुआत आईएएस अफसर पुष्पेन्द्र मीणा के नेतृत्व में हुई थी। इसके तहत प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों और डॉक्टरों ने घर-घर जाकर सर्वे किया। इससे 3,584 मानसिक समस्या के केस मिले और 2,721 मरीजों को इलाज व फॉलो-अप सेवाएं दी गईं। एक सिजोफ्रेनिया पीड़ित युवती की पहचान कर उसे आत्महत्या से भी बचाया गया। अभियान ने अब तक 1.3 लाख से अधिक घरों तक पहुंच बनाई है।



## अमेरिका ने 25% पैनल्टी भी लगाई, भारत ने कहा- यह अनुचित, देशहित से समझौता नहीं करेंगे

### ट्रम्प ने किया डबल वार

# टैरिफ 50%... धोखा 100%

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन/नई दिल्ली

खुद को भारत का सबसे अच्छा दोस्त बताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। यह पहले से घोषित 25% बेस टैरिफ के साथ अब 50% हो जाएगा। ट्रम्प ने 30 जुलाई को 25% टैरिफ लगाया था, जो गुरुवार से लागू होता। इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने टैरिफ 'डबल' करने का कार्यकारी आदेश जारी कर दिया। ट्रम्प ने रूस से तेल लेने के चलते भारत पर पैनल्टी लगाने की घोषणा की थी। भारत पहला देश है, जिस पर पैनल्टी टैरिफ लगा है। हालांकि यह अतिरिक्त टैरिफ 21 दिन बाद लागू होगा। इसके साथ ही भारत अब ब्राजील के साथ सबसे ज्यादा अमेरिकी टैरिफ (50%) वाला देश बन गया। चुनाव के पहले चीन को सबसे बड़ा दुश्मन बताने वाले ट्रम्प ने उस पर सिर्फ 30% टैरिफ लगाया है और उसे 90 दिन की मोहलत भी दी है। वहीं, पाकिस्तान पर 19% टैरिफ है।



विशेषज्ञों ने कहा, अगर भारत-अमेरिका ट्रेड डील नहीं होती है तो भारत के अमेरिका को होने वाले सालाना करीब 7.5 लाख करोड़ रुपए के निर्यात का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो सकता है।

**भारत की कड़ी प्रतिक्रिया:** भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, अमेरिका ने रूस से तेल आयात को निशाना बनाया है। कई देश रूस से ट्रेड कर रहे हैं, फिर भी भारत को ही निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। हम 140 करोड़ नागरिकों के हित के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे।

**रूस से ट्रेड पर अनजान बने ट्रम्प:** मंगलवार को एक पत्रकार ने रूस से अमेरिकी ट्रेड पर सवाल पूछा तो ट्रम्प ने कहा- मुझे यह नहीं पता। दरअसल, भारत ने कहा था कि अमेरिका भी रूस से यूरेनियम और खाद लेता है।

### 7.58 लाख करोड़ में से 1.78 लाख करोड़ के निर्यात पर टैरिफ शून्य

**भारत** से अमेरिका को करीब 7.58 लाख करोड़ रुपए के उत्पाद निर्यात होते हैं। भारत से निर्यात होने वाले स्मार्टफोन के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 44% और फार्मा की हिस्सेदारी 40% है। 2025 में दोनों का कुल 1.78 लाख करोड़ का निर्यात हुआ। इन पर पहले टैरिफ शून्य था। पैनल्टी के बाद भी इन पर टैरिफ फिलहाल शून्य ही रहेगा।

#### ज्वेलरी का निर्यात सबसे ज्यादा, टैरिफ सर्वाधिक सिले कपड़ों पर

| उत्पाद | दुनिया को हमारे निर्यात में यूएस का हिस्सा | यूएस को निर्यात | पहले टैरिफ | नया टैरिफ | कुल टैरिफ |
|---|---|---|---|---|---|
| ▪ डायमंड, गोल्ड | 40% | 87,730 | 2.1 | 25 | 52.1 |
| ▪ मशीनरी, मेकेनिकल | 20% | 58,779 | 1.3 | 25 | 51.3 |
| ▪ स्टील, एल्युमीनियम | 16.6% | 41,233 | 1.7 | 50 | 51.7 |
| ▪ पेट्रोलियम उत्पाद | 4.3% | 35,969 | 6.9 | 0 | 6.9 |
| ▪ टेक्सटाइल | 48.4% | 26,319 | 9 | 25 | 59 |
| ▪ कपड़े, सिले हुए | 34.5% | 23,687 | 13.9 | 50 | 63.9 |
| ▪ अन्य | 19.8% | 1.07 लाख | -- | -- | -- |

निर्यात करोड़ रुपए में। आंकड़े 2025 के, स्रोत : जीटीआरआई

**आगे क्या : ईयू समेत पांच देशों से ट्रेड डील पर बात...** भारत के 190 से ज्यादा देशों से व्यापारिक संबंध हैं। 235 देशों को निर्यात, 140 देशों से आयात करता है। टैरिफ वॉर के बीच न्यूजीलैंड, ओमान, चिली, पेरू और यूरोपीय संघ (ईयू) से ट्रेड डील पर बातचीत जारी है। ईयू से समझौता होता है तो जर्मनी, फ्रांस, इटली समेत 27 देशों से व्यापार बढ़ेगा।

**ब्रिटेन से ट्रेड डील:** भारत-ब्रिटेन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) 24 जुलाई को हुआ। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 4.90 लाख करोड़ तक पहुंचाएंगे।

### कूटनीति: डोभाल रूस में, अमेरिका ने भी दूत भेजा

अमेरिका से तल्खी के बीच, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर बातचीत करने मॉस्को पहुंचे। वे इस साल के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के लिए भी जमीन तैयार करेंगे। दूसरी तरफ, ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भी मॉस्को में बुधवार को पुतिन से बात की। मालूम हो, ट्रम्प ने रूस को यूक्रेन के साथ शुक्रवार तक शांति समझौता करने अन्यथा परिणाम भुगतने की धमकी दी है।

### वैश्विक जीडीपी: भारत का 18%, यूएस का 11%

टैरिफ वॉर के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आईना दिखाया है। बुधवार को मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए मल्होत्रा ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था 'बहुत अच्छा कर रही है।' भारतीय इकोनॉमी वैश्विक विकास में अमेरिका से ज्यादा योगदान दे रही है। हम लगभग 18% का योगदान दे रहे हैं, जबकि अमेरिका का योगदान बहुम कम यानी महज 11% है।

### ब्राजील: ट्रम्प से बात नहीं, अपने उद्योगों को राहत देंगे

ब्रासीलिया | ब्राजील ने 50% अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ मोर्चा खोला है। राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने कहा है कि वे ट्रेड डील पर ट्रम्प से कोई बात नहीं करेंगे। इसके बजाय टैरिफ से प्रभावित देश के उद्योगों को राहत पैकेज देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उनकी प्राथमिकता निर्यातकों को तत्काल राहत देना है।

▪ ब्राजील दवा पेटेंट, मीडिया कॉपीराइट वाली कंपनियों पर जवाबी टैरिफ की तैयारी कर रहा है, जो अमेरिका को प्रभावित करे।

**एपल से लिया वादा, 8.70 लाख करोड़ का निवेश करेगी:** आईफोन निर्माता एपल पर ट्रम्प की धमकियों का असर दिखने लगा है। ट्रम्प ने एपल से वादा लिया है कि वह अमेरिका में 8.70 लाख करोड़ रु. का निवेश करेगी। यह एपल का यूएस में दूसरा बड़ा निवेश होगा।

### भास्कर एक्सपर्ट



अजय श्रीवास्तव, फाउंडर, ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई)

### ट्रेड वॉर बढ़ेगा... ऐसे में हमें क्वालिटी प्रोडक्ट बनाने होंगे, ताकि दुनिया उन्हें स्वीकार करे

**अभी टैरिफ वॉर** और भड़क सकता है, क्योंकि ट्रम्प को तेल के अलावा भारत से और भी तकलीफें हैं। जैसे- रूसी हथियार, ब्रिक्स। आज की तारीख में कुछ प्रोडक्ट पर टैरिफ नहीं है। इनका कुल निर्यात में करीब 30% हिस्सा है। लेकिन, ट्रम्प ने 14 अगस्त को इनका रिव्यू करने की बात कही है। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारत से संबंध रखने में थोड़ा डरेगा। अमेरिका में निगेटिव मैसेज जा रहा है कि इंडिया से बिजनेस थोड़ा कम करो। स्टील और एल्युमिनियम पर 50% टैरिफ है। बाकी देशों पर भी इतना ही है। यानी उससे कोई स्पेशल डिसएडवांटेज नहीं है। लेकिन, अन्य कैटेगरी में 50%+ टैरिफ है। इनमें हम ब्राजील के बराबर टैरिफ चुकाएंगे। लेकिन, ब्राजील इनमें से काफी आइटम निर्यात नहीं करता है। यानी इससे हम आउटप्राइस हो जाएंगे। जबकि चीन पर 30% टैरिफ है, ऐसे में हम चीन से भी आउटप्राइस हो जाएंगे। हमारा अनुमान है कि एक्स्ट्रा टैरिफ वाले सेगमेंट में हमारा एक्सपोर्ट 50% से अधिक गिरेगा।

**हमें करना क्या है:** ट्रेडिशनल प्रोडक्ट की गुणवत्ता सुधारनी होगी, ताकि बाजार उसे स्वीकार करे। इलेक्ट्रॉनिक्स में 80-90% माल आयातित है। इसमें हमारा वैल्यू एडिशन बढ़ाने के लिए प्रोडक्ट प्रोफाइल मजबूत करना होगा। बाधा विहीन पावर सप्लाई देनी होगी। क्वालिटी प्रोडक्ट का फायदा यह होता है कि चीन ने बेहतर प्रोडक्ट बनाए और उसने बिना ट्रेड एग्रीमेंट के 1990 से 2000 के बीच पूरी दुनिया में अपना एक्सपोर्ट बढ़ा लिया। - शेष पेज 06 पर

### आनंद महिंद्रा: भारत के लिए 'अमृत' निकालने जैसा मौका



चेयरमैन, महिंद्रा एंड महिंद्रा

जैसे 1991 के विदेशी मुद्रा भंडार संकट ने देश में उदारीकरण को गति दी थी, क्या टैरिफ पर वैश्विक 'मंथन' से हमारे लिए 'अमृत' निकल सकता है?

### हर्ष गोयनका: भारत कभी भी किसी के आगे नहीं झुकता



चेयरमैन, आरपीजी ग्रुप

आप निर्यात पर टैरिफ लगा सकते हैं, संप्रभुता पर नहीं। आप टैरिफ बढ़ाइए, हम दृढ़ता बढ़ाएंगे, आत्मनिर्भर बनेंगे। भारत किसी के आगे नहीं झुकता।

**शर्मनाक** • दो वारदात, अपनों ने ही बहाया अपनों का खून

## दिल्ली के नेब सराय में सिर पर हथौड़ा मार कर पत्नी की हत्या की, आरोपी पति फरार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के नेब सराय थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक पति ने पत्नी की हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी। नेब सराय थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान किरण झा (50) के रूप में हुई, जो 10 साल से पति प्रमोद झा उर्फ पप्पू से अलग रह रही थी। उनके साथ उनकी बेटी रोमा, बेटा और बहू रहते थे। प्रमोद बिहार में रह रहा था। उसने घरवालों से कहा था कि वह साधु बन गया है। 1 अगस्त को प्रमोद दिल्ली आया। बेटी रोमा ने बताया उनके पिता मां को बिहार ले जाकर वहां काम करवाना चाहता था, लेकिन मां ने घर जाने से इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर पिता ने मां की हत्या की साजिश रची।

### शाहदरा में विक्षिप्त बेटी ने पिता को तवे से पीट-पीट कर मार डाला

**भास्कर न्यूज़. नई दिल्ली** | शाहदरा इलाके में बुधवार को 32 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त महिला ने अपने 55 वर्षीय पिता की तवे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, दोपहर लगभग 3:56 बजे जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि रामनगर निवासी टेक चंद गोयल को उनके बेटा शिवम घायल और बेहोश अवस्था में अस्पताल लाया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के समय घर पर शिवम की बहन अनु (32), मां बाला देवी और पत्नी प्रिया (29) मौजूद थीं। प्रिया ने बताया कि अनु ने पिता पर हमला किया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

### दिल्ली में तमिलनाडु की सांसद से चैन स्नैचिंग करने वाला गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

तमिलनाडु की कांग्रेस सांसद आर. सुधा की सोने की चेन छीनने वाले को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान 24 वर्षीय सोहन रावत के रूप में की है। उसे बुधवार सुबह सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक, रावत पहले भी चोरी और स्नैचिंग के 26 मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई सोने की चेन, वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी, चार चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की बाइक भी बरामद की है।

**अर्थव्यवस्था** • आरबीआई ने रेपो दर 5.5% ही रखी

## ब्याज दरें यथावत, टैरिफ संकट के बीच ग्रोथ लक्ष्य नहीं बदला, महंगाई का अनुमान घटाया

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेरिका के टैरिफ संकट और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो दर 5.5% कायम रखने का निर्णय लिया है। तीसरी द्वैमासिक मौद्रिक नीति बैठक में नीति निर्धारण समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान 6.5% पर स्थिर रखा। मुद्रास्फीति का अनुमान 3.7% से घटाकर 3.1% कर दिया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जून में घटकर 2.1% हो गया, जो 77 माह में सबसे कम है। - शेष पेज 06 पर

### भास्कर नॉलेज

### मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद...

▪ **रेपो दर स्थिर क्यों रखी गई है?** आरबीआई का मत है कि आर्थिक विकास व महंगाई के बीच संतुलन है। वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद है। इसलिए बदलाव नहीं हुआ।

▪ **जीडीपी वृद्धि दर समान रहने का क्या अर्थ है?** वेंचुरा के रिसर्च हेड विनीत बोलिंजकर के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक दबाव के बाद भी सशक्त व टिकाऊ है। इसलिए वृद्धि दर 6.50% रखी गई।

▪ **क्या अर्थव्यवस्था के समक्ष कुछ चुनौतियां हैं?** एसबीआई कैपिटल के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में कंपनियों को दिए गैर खाद्य बैंक ऋण में ₹3.4 लाख करोड़ की कमी आई है। यानी कंपनियों ने नए प्रोजेक्ट में निवेश पर हिचकिचाहट दिखाई। टैरिफ के कारण जीडीपी वृद्धि 6.2% तक सीमित रह सकती है।

### प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में चीन जा सकते हैं

नई दिल्ली | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में चीन जा सकते हैं। वे 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तिआनजिन में होने वाले शंघाई को ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेंगे। यह दौरा जापान यात्रा के बाद होगा, जहां वे 29 अगस्त को जाएंगे। चीन दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने की कोशिशें चल रही हैं। इससे पहले वे जून 2018 में एससीओ समिट के लिए चीन गए थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अक्टूबर 2019 में भारत आए थे। लेकिन जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था।



**भास्कर खास** नडेला, पिचाई और जकरबर्ग जैसे दिग्गजों के साथ जुड़ा वर्टेक्स की सीईओ रेशमा केवलरमानी का नाम

## 'फॉर्च्यून 100' में भारतीय मूल की रेशमा भी... जीन एडिटिंग से खोजा गंभीर बीमारियों का इलाज; कहती हैं- जल्द लोग जीवन भर दवाएं लेने के बजाय एक ही बार में ठीक होंगे

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

भारतीय मूल की 50 वर्षीय अमेरिकी सीईओ रेशमा केवलरमानी 'फॉर्च्यून 100' सूची में शामिल हो गई हैं। प्रभावशाली बिजनेस लीडर्स की फेहरिस्त में उन्हें 62वें स्थान पर रखा गया है। अमेरिका की प्रमुख बायोटेक कंपनी 'वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स' की सीईओ रेशमा के साथ लिस्ट में माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला (2), गूगल सीईओ सुंदर पिचाई (6), रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (56), यूट्यूब के सीईओ नील मोहन (83) और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी (96) शामिल हैं। फॉर्च्यून की यह लिस्ट किसी व्यक्ति की नेटवर्थ से ज्यादा उसके प्रभाव और नेतृत्व क्षमता के आधार पर तैयार की जाती है। जानिए रेशमा का प्रेरक व्यक्तित्व...

**दृढ़ इच्छाशक्ति...**'हम छोटे-छोटे सुधार नहीं करते, बल्कि बदलाव या समाधान के लिए इनोवेशन करते हैं और बार-बार नए इनोवेशन करते हैं। हम इस राह पर लगातार आगे बढ़ते हैं, हमारा इतिहास हमें ऐसा ही बनने की प्रेरणा देता है...।' उद्यमिता के लिए पहचान बना चुके बोस्टन के बैब्सन कॉलेज की ग्रेजुएशन सेरेमनी में रेशमा ने यह बात कही तो उनका विजन साफ था। उन्होंने छात्रों से कहा,'काम वही करो जो तुम्हें असहज महसूस कराए। जब एक टीम में काम करो तो... सभी जवाब सही होने से ज्यादा अहम यह है कि सभी सही सवाल कैसे पूछें।'



**जुझारूपन...**रेशमा का जन्म मुंबई में हुआ था और जब वह 11 साल की थीं, तब उनका परिवार अमेरिका चला गया। रेशमा नेफ्रोलॉजिस्ट और शोधकर्ता के रूप में करियर बना रही थीं। तभी उन्हें एक फोन आया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। वो बायोटेक कंपनी एम्जेन से जुड़ गईं। 2004 में 6 माह के जुड़वा बेटों और पति के साथ कैलिफोर्निया शिफ्ट हो गईं। एम्जेन में रहते हुए कई इनोवेशन किए। 2017 में वर्टेक्स फार्मा से जुड़ीं। वर्टेक्स 'सिस्टिक फाइब्रोसिस' के लिए नई दवा विकसित कर रही थी। उस समय, उनके सामने दो संभावित दवाएं थीं। उनकी टीम का मानना था कि सिर्फ एक पर ही ध्यान देना चाहिए। रेशमा ने तर्क दिया कि दोनों दवाओं को समान मौका मिलना चाहिए, क्योंकि दोनों में सफलता की संभावना थी। उनके इस जोखिम भरे निर्णय के कारण ही 'ट्राइकाफ्टा' विकसित हो पाई। इसने सिस्टिक फाइब्रोसिस के हजारों मरीजों का जीवन पूरी तरह बदल दिया। रेशमा के नेतृत्व में वर्टेक्स को सिकल सेल रोग के लिए दुनिया की पहली क्रिस्पर-आधारित थेरेपी के लिए मंजूरी मिली।

**भविष्य पर भरोसा...** रेशमा ने डायबिटीज 1 के दो मरीजों का भी इलाज किया है, जिनमें से एक को इंसुलिन की जरूरत नहीं पड़ती। रेशमा का मानना है,'हम उन दिनों की ओर बढ़ रहे हैं जब लोग जीवन भर दवाएं लेने के बजाय एक ही बार में बीमारी ठीक करने वाली थेरेपी लेंगे। यह उन लोगों के लिए बहुत बड़ा मौका है जो जोखिम उठाने को तैयार हैं। रेशमा कहती हैं,'हमारे शरीर की भाषा डीएनए है। भविष्य में वे दवाएं ही कारगर होंगी, जो डीएनए से संवाद करेंगी।'

**टाइम 100 में भी ...** बोस्टन यूनिवर्सिटी से मेडिकल व हार्वर्ड से मैनेजमेंट की पढ़ाई कर चुकीं रेशमा को टाइम मैगजीन ने इसी साल टॉप 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट और 'टाइम 100 हेल्थ' में भी शामिल किया है। वह किसी अमेरिकी बायोटक कंपनी का नेतृत्व करने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं। फॉर्च्यून के अनुसार उनकी संपत्ति **877 करोड़** रु. है।

## हाईवे सुगम-सुरक्षित नहीं हैं तो टोल नहीं ले सकते: केरल हाईकोर्ट

एजेंसी | कोच्चि

हाईवे सुगम न होने पर टोल नहीं वसूला जा सकता। केरल हाई कोर्ट ने एनएच 544 के एदापल्ली-मनुथी हिस्से पर टोल वसूली 4 हफ्ते तक रोकते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, एनएचएआई या उसके एजेंट हाईवे पर बिना रुकावट, सुरक्षित व नियंत्रित रास्ता देने में नाकाम रहते हैं, तो वे टोल नहीं वसूल सकते। यह जनता की वैध उम्मीदों का उल्लंघन है और टोल व्यवस्था की मूल भावना के खिलाफ है।

जस्टिस ए मुहम्मद मुश्ताक और जस्टिस हरिशंकर वी मेनन की बेंच ने अंतरिम आदेश में कहा कि जब तक केंद्र सरकार इस मामले में जनता की शिकायतों का समाधान नहीं करती, तब तक टोल वसूली पर रोक रहेगी। इस संबंध में दायर याचिकाओं में कहा गया था कि हाईवे पर अंडरपास, फ्लाईओवर और ड्रेनेज निर्माण के कारण भारी ट्रैफिक जाम है और सर्विस रोड की हालत भी खराब है, फिर भी टोल वसूला जा रहा है। एनएचएआई ने दलील दी थी कि टोल वसूली एक कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है। इसे रोकने से नुकसान होगा। कोर्ट ने यह तर्क खारिज कर दिया।

### राज्य अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते

कोर्ट ने कहा कि हर सार्वजनिक परियोजना के साथ राज्य की यह जिम्मेदारी होती है कि वह जनता के हित को प्राथमिकता दे। निजी कंपनियों से किए अनुबंध इस जिम्मेदारी से राज्य को मुक्त नहीं कर सकते।

**विधानसभा** • मानसून सत्र के तीसरे दिन भी 'फांसी घर' को लेकर हंगामा

# हंगामा करने पर स्पीकर ने आतिशी-आप विधायकों को सदन से बाहर निकलवाया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भी 'फांसी घर' को लेकर जमकर हंगामा हुआ। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और सदन में नेता विपक्ष आतिशी और अन्य आप विधायक 'फांसी घर' पर चर्चा के दौरान लगातार अवरोध उत्पन्न करते रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी भी की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आतिशी सहित सदन में मौजूद सभी आप विधायकों को मार्शल के जरिए बाहर निकलवा दिया। बाद में जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'फांसी घर' को लेकर चर्चा में भाग लिया तो अनिल झा सहित कुछ अन्य आप विधायक सदन में आ गए और टोका-टोकी करने लगे।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जनता की भावनाओं से खेलते हुए और सहानुभूति बटोरने के लिए बिना किसी प्रमाण, दस्तावेज या ऐतिहासिक आधार के विधानसभा भवन के एक हिस्से को 'फांसी घर' घोषित कर दिया था।

वे शुरू से ही कैलकुलेटिव ढंग से राजनीति करते रहे हैं। उनका हर हावभाव, पहनावा, नाटक किसी उद्देश्य से किया गया। ईमानदारी, देशभक्ति और त्याग का दिखावा कर जनता को गुमराह किया गया, जबकि यह सब एक स्क्रिप्टेड ड्रामा था, जिस पर पूर्ववर्ती सरकार ने जनता के 1 करोड़ रुपए विज्ञापनों और प्रचार पर खर्च कर दिए। यह केवल एक राजनीतिक नाटक नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता के विश्वास के साथ खुला धोखा है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम सत्य को सामने लाएं और इस ऐतिहासिक भवन की गरिमा को सच्चाई के साथ सुरक्षित रखें।

## मौलाना आजाद कॉलेज में दी जाती थी फांसी: सीएम



सीएम गुप्ता ने ऐतिहासिक तथ्यों का हवाला देते हुए बताया कि यह भवन वर्ष 1912 में बना और 1913 से 1926 तक यहां इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल की बैठकें हुईं। जिस हिस्से को 'फांसी घर' बताया गया, वो दरअसल ब्रिटिश काल में अंग्रेज अफसरों के लिए बनाई गई सर्विस सीढ़ियां थीं, जिनका इस्तेमाल टिफिन सर्विस और अन्य कार्यों के लिए होता था। पुरानी दिल्ली की जेल मौलाना आजाद कॉलेज परिसर में थी और वहीं फांसी दी जाती थी। उन्होंने कहा कि इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करना केवल जनता को भ्रमित करने के लिए नहीं, बल्कि शहीदों की कुर्बानी का भी अपमान है। जिस भवन में संविधान की गरिमा के अनुरूप कानून बनाए जाते हैं, उसी के दर-ओ-दीवार पर झूठ लिख देना अक्षम्य अपराध है। उन्होंने आग्रह किया कि 'फांसी घर' संबंधी भ्रामक बोर्ड तुरंत हटाया जाए।

## इतिहास अंग्रेजों की क्रूरता का प्रमाण है: संजीव झा

आप विधायक संजीव झा ने कहा, आप कह रहे हैं इतिहास किसने बनाया, यह अंग्रेजों की क्रूरता का प्रमाण है। इतिहासकार ने कहा कि देश में कई फांसी घर बने। ऐसी कई घटनाएं हैं जिसका इतिहासकारों ने जिक्र नहीं किया। इसी सदन में भगत सिंह ने बम फेंका, इतिहासकार इस पर सहमत नहीं हैं। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि जिस फांसी के फंदे पर क्रांतिकारी हंसते-हंसते झूल गए, उसे मजाक बनाकर रख दिया। पिछली सरकार ने विधानसभा अध्यक्ष को गुलाम बनाकर रखा। इस सदन में मर्यादा तार-तार की गई। फर्जी सीएम, फर्जी सरकार और फर्जी फांसी घर। नकली फांसी घर के नाम पर करोड़ों रुपए फूंकने का काम किया गया।

## सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि: स्मृति में पौधरोपण किया



**नई दिल्ली** | दिल्ली की पहली महिला सीएम और भाजपा की वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की छठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, उनके सांसद पुत्री बांसुरी स्वराज के साथ सीएम रेखा गुप्ता ने उन्हें याद किया और उनकी स्मृति में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख थे विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, मध्य प्रदेश के सह प्रभारी एवं विधायक सतीश उपाध्याय, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद सहित बड़ी संख्या में विधायक व निगम पार्षद थे।

## जामिया ने की जापानी एजेंसी की मेजबानी

**नई दिल्ली** | जामिया ने जापानी संस्थानों और विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए जापान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। जेएसटी प्रतिनिधिमंडल में निदेशक एवं कार्यक्रम अधिकारी ताकाशी कोनिशी और जेएसटी के सकुरा साइंस प्रोग्राम के सलाहकार युजी निशिकावा शामिल थे। प्रो. उशविंदर कौर पोपली ने विश्वविद्यालय के विविध संकायों, अनुसंधान केंद्रों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगों पर प्रकाश डाला।

एमसीडी की 12 विशेष समितियों के चुनाव

## 10 समितियों पर भाजपा और 1 पर जीती आईवीपी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 12 में से 11 विशेष समितियों के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। इनमें से भाजपा 10 समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर विजयी हुई। वहीं, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) ने एक समिति में अध्यक्ष एवं एक अन्य समिति में उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई। एमसीडी में संख्या के आधार पर विपक्ष में दूसरा स्थान रखने वाली आईवीपी को भागीदारी मिल गई है। आईवीपी की निगम पार्षद हिमानी जैन आश्वासन समिति के अध्यक्ष पद पर विजयी हुई हैं, वहीं रुनाक्षी शर्मा ने गार्डन कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। खेल समिति का चुनाव स्थगित कर दिया गया, क्योंकि आप ने चुनाव के दौरान भाजपा सदस्यों पर मोबाइल से रिकॉर्डिंग करने का आरोप लगाया था। एमसीडी के नेता सदन प्रवेश वाही ने सभी विशेष समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चयनित सभी निगम पार्षदों को हार्दिक बधाई दी।

**11 विशेष समिति के नतीजे**

| समिति | अध्यक्ष | उपाध्यक्ष |
|---|---|---|
| पर्यावरण प्रबंधन समिति | संदीप कपूर | धर्मवीर सिंह |
| नियुक्ति, पदोन्नति ... समिति, | विनीत वोहरा, | बृजेश सिंह |
| वर्क्स कमेटी, | प्रीति | शरद कपूर |
| मेडिकल राहत एवं ... समिति | मनीष चड्ढा | रमेश कुमार गर्ग |
| गार्डन समिति | हरीश ओबेरॉय | रुनाक्षी शर्मा (IVP) |
| कानूनी एवं सामान्य प्रयोजन | रितु गोयल | आरती चावला |
| आचार संहिता समिति | सीमा पंडित | सुमन त्यागी |
| प्रॉपर्टी टैक्स समिति | सत्या शर्मा | रेनू चौधरी |
| म्युनिसिपल अकाउंट्स समिति | सत्या शर्मा | रेनू अग्रवाल |
| हिंदी समिति | जय भगवान यादव | नीलकुमारी |
| आश्वासन समिति | हिमानी (आईवीपी) | ब्रह्म सिंह |






## टिल्लू ताजपुरिया गैंग का कुख्यात मुठभेड़ में घायल

**नई दिल्ली** | क्राइम ब्रांच ने टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शार्प शूटर मंजीत उर्फ दादा को सरोजनी नगर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। मंजीत, गोगी गैंग के करन थापा की हत्या में वांछित था। एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस को उसके पास से 0.32 बोर पिस्टल, तीन कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद हुआ है। ज्वाइंट सीपी सुरेंद्र कुमार ने बताया 28 मार्च को अलीपुर के नेहरू एन्क्लेव में करण थापा की मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जांच में गोगी और टिल्लू ताजपुरिया गैंग की दुश्मनी सामने आई। तीन शूटरों मंजीत (रोहतक), नीरज उर्फ भूरा (नांगलोई), और हिमांशु उर्फ मोनू (बहरोड़) की पहचान हुई। हिमांशु पहले गिरफ्तार हो चुका है, जबकि मंजीत और नीरज फरार थे। 5 अगस्त को क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि मंजीत सरोजनी नगर में होगा। पुलिस ने जाल बिछाया। मंजीत ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर तीन राउंड फायर किए। सब-इंस्पेक्टर अमित ने जवाबी फायरिंग की जिसमें मंजीत के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अरबिंदो कॉलेज: स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

श्री अरबिंदो कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के सहयोग से स्वच्छ और हरित पर्यावरण बनाए रखने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया। नवागंतुक विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने 'मेरी दिल्ली, स्वच्छ दिल्ली' अभियान के तहत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर के अलावा गीतांजलि व मालवीय नगर के आसपास सड़कों पर पड़ा कूड़ा उठाकर एक सशक्त स्वच्छता पहल का आयोजन किया।

## सफेद चूरन से बनी दवाएं बेच रहे थे, 6 आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एंटी गैंग स्क्वॉड (एजीएस) ने जीवन रक्षक दवाओं की आड़ में सफेद चूरन से बनी नकली टैबलेट और कैप्सूल बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना राजेश मिश्रा समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरोह पिछले 6 सालों से दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के मेडिकल स्टोर्स को नकली दवाएं सप्लाई कर रहा था।

### इन ब्रांडेड कंपनियों की नकली दवाएं बरामद

पुलिस ने बद्दी और जींद की दो फैक्ट्रियों से 1.5 क्विंटल से अधिक सफेद पाउडर और 20 किलो कैप्सूल, भारी मात्रा में फर्जी पैकिंग मटेरियल, मशीन और 10 अधिक ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर छपे बॉक्स जब्त किए गए। इस ब्राड्स की बेच रहे है थे दवाएं जॉनसन एंड जॉनसन), जीएसके, अलकेम, बेटनोवेट एन, एमॉक्सीलीन, पीसीएम, प्रोयको स्पैस और कानाकोर्ट के इंजेक्शन।


इम्पेक्ट फीचर

# समर्पण और सेवा की गौरवशाली यात्रा : डॉ. मनीष तनेजा




डॉ. मनीष तनेजा समर्पण, मेधा और समाज सेवा का एक जीवंत और प्रेरक उदाहरण हैं। छात्र जीवन से ही उनकी प्रतिभा के चर्चे रहे हैं- उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की पहली झलक थी। लेकिन डॉ. तनेजा की यात्रा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को समाजसेवा से जोड़ा, और रेवाड़ी में एक संपूर्ण बाल एवं मातृ चिकित्सालय की स्थापना कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया। यह अस्पताल आज हजारों माताओं और बच्चों को निःस्वार्थ सेवा और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। बाल रोग और प्रसूति चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. मनीष तनेजा आज एक विश्वसनीय और सम्मानित नाम बन चुके हैं। उनकी कार्यशैली में मानवीय संवेदना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सेवा-भाव का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। उनकी यह यात्रा हमें यह सिखाती है कि सच्चा समर्पण और निष्ठा किसी भी क्षेत्र में असाधारण परिवर्तन ला सकते हैं।






समर्पण, मेधा और सेवा के प्रतीक

**डॉ. मनीष तनेजा**

M.B.B.S., M.D. (बाल रोग विशेषज्ञ)

**MAHARAJA HOSPITAL**

**THE COMPLETE CHILD HOSPITAL**

नजदीक पंजाब नेशनल बैंक, सरकुलर रोड़, रेवाड़ी (हरियाणा), फोन: 01274-254040, 9053370555, 7988418774






**दूरदृष्टि, समर्पण और सेवा के प्रतीक: डॉ. मनीष तनेजा**

डॉ. मनीष तनेजा एक ऐसे चिकित्सक हैं जिन्होंने न केवल चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की, बल्कि समाज सेवा और नेतृत्व में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनका जीवन एक प्रेरक यात्रा है - जो मेधा, सेवा और मानवीय संवेदना से भरपूर है।

**शैक्षणिक उत्कृष्टता और चिकित्सा शिक्षा**

शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. तनेजा का प्रदर्शन प्रारंभ से ही अनुकरणीय रहा है। उन्होंने स्कूल स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर जिले में टॉप किया। इसके बाद उन्होंने प्रतिष्ठित PMT परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की और देश के एक प्रमुख मेडिकल कॉलेज से MBBS तथा MD की डिग्रियाँ प्राप्त कीं।उन्होंने अपने अकादमिक जीवन में अनेक शोध पत्र और लेख प्रकाशित किए, जो उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और चिकित्सा शिक्षा में गहराई को दर्शाते हैं।

**महाराजा हॉस्पिटल, रेवाड़ी के संस्थापक**

अपने जन्मस्थान रेवाड़ी में उच्च गुणवत्ता की बाल और मातृ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ. मनीष तनेजा ने महाराजा हॉस्पिटल, रेवाड़ी की स्थापना की। यह अस्पताल आज एक संपूर्ण बाल एवं प्रसूति चिकित्सा केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यहाँ पर नवजात शिशु देखभाल से लेकर आधुनिक प्रसव सेवाएं, टीकाकरण, और बाल विकास केंद्र जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह संस्थान डॉ. तनेजा की दूरदर्शिता, चिकित्सा ज्ञान और सेवा भावना का जीवंत प्रमाण है।

**नेतृत्व और सामाजिक योगदान**

डॉ. तनेजा का योगदान केवल अस्पताल की दीवारों तक सीमित नहीं है। वे एक सक्रिय समाजसेवी भी हैं। रोटरी क्लब के सक्रिय सदस्य के रूप में उन्होंने कई निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, और जनजागरूकता कार्यक्रमों का नेतृत्व किया है। वे वर्तमान में भारतीय चिकित्सा संघ रेवाड़ी के मानद सचिव के रूप में कार्यरत हैं, जहाँ वे चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान, नीति निर्माण में योगदान और स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं।

**ज्ञान, अनुभव और मानवीय सेवा का अद्वितीय संगम**

डॉ. मनीष तनेजा की जीवन यात्रा ज्ञान, अनुभव और मानवीय सेवा का अद्वितीय संगम है। वे केवल एक कुशल चिकित्सक नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक नेतृत्वकर्ता, समाज के सजग प्रहरी, और युवाओं के लिए आदर्श हैं।

## प्रतिष्ठित अस्पतालों में कार्य अनुभव

चिकित्सा शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात डॉ. तनेजा ने देश के कई प्रतिष्ठित अस्पतालों में कार्य किया। उनके कार्य अनुभव में शामिल हैं:

**गुरु तेग बहादुर अस्पताल, दिल्ली-** जहाँ उन्होंने आपात चिकित्सा सेवाओं और जटिल बाल चिकित्सा मामलों के प्रबंधन में गहन अनुभव प्राप्त किया।

**चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय, दिल्ली-** भारत के अग्रणी बच्चों के अस्पतालों में से एक, जहाँ उन्होंने नवजात एवं शिशु चिकित्सा की बारीकियों को समझा और आधुनिक तकनीकों से इलाज किया।

**केईएम अस्पताल, मुंबई और पुणे-** देश के सबसे व्यस्त और प्रतिष्ठित सरकारी अस्पतालों में कार्य करते हुए उन्होंने विविध सामाजिक पृष्ठभूमि से आए रोगियों की सेवा की और चिकित्सा क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों का सामना किया।



**डॉ. दीप्ति तनेजा**

M.B.B.S., M.D. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)

भूतपूर्व विशेषज्ञ: लेड़ी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली

रूबी हॉल Infertility सेन्टर, KGMC, Lucknow

क्विज - 95
दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
आज अखबार में सोने के कितने सिक्के छपे हैं?
A:3 | B:6 | C:2
क्विज 93 का सही जवाब C है। | विजेताओं के नाम अंदर देखें।
जीतो सोना चांदी में भाग लें
रोजाना 100 विजेता जीतेंगे — 10 ग्राम चांदी का सिक्का
हर हफ्ते 10 विजेता जीतेंगे — 01 ग्राम सोने का सिक्का
जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, गुरुवार, 7 अगस्त, 2025 | श्रावण शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण

**आज का दिन**

**स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत**

1905. बंगाल विभाजन के बाद स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई। विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई। स्वदेशी चीजों की बिक्री बढ़ने लगी।

## उत्तराखंड त्रासदी: 5 शव मिले, लापता लोगों का सुराग नहीं, इनमें केरल के 28 पर्यटक



मलबे में मिला शव ले जाते जवान।

**भास्कर न्यूज़. उत्तरकाशी।** प्राकृतिक आपदा में तबाह हुए उत्तराखंड के धराली गांव में मलबे में दबे लोगों की तलाश बुधवार को भी जारी रही। सेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ जवानों को अब तक 5 शव मिल चुके हैं। लापता लोगों में केरल के 28 पर्यटक भी शामिल हैं। इनका कोई सुराग नहीं मिला है। महाराष्ट्र के 51 पर्यटक भी फंसे हैं। 190 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली और हर्षिल का हवाई सर्वे किया।

### पौड़ी में बादल फटा, 2 की मौत

**पौड़ी/रिकांगपिओ|** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के बुरांसी गांव में बुधवार को बादल फटा। इसमें दो महिलाओं की मौत हो गई। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग समेत 6 जिलों में गुरुवार को भारी बारिश का रेड अलर्ट है। केदारनाथ, मद्महेश्वर यात्रा को दो दिन के लिए रोक दी गई है।

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** गंगोत्री हाईवे कई जगह टूटा, भटवाड़ी के आगे नहीं जा पा रहे राहत वाहन

# धराली में 36 घंटे बाद भी नहीं पहुंची मशीनें, रेस्क्यू मुश्किल, 150 लोग दबे होने की आशंका

**मनमीत** | भटवारी/धराली

धराली मलबे में दफन है। आसपास न सड़क बची, न बाजार। जहां नजर उठाओ, सिर्फ 20 फीट का मलबा और दिल चीरने वाला सन्नाटा है। जेसीबी जैसी बड़ी मशीनें 36 घंटे बाद भी नहीं पहुंच पाई हैं। आर्मी के जवान हाथों से बड़े-बड़े बोल्डरों वाले मलबे के नीचे जिंदगियां खोज रही है। 150 से ज्यादा लोग इसमें दबे हो सकते हैं, क्योंकि जब सैलाब आया, उस वक्त गांव के लगभग सभी बुजुर्ग 300 मी. दूर पूर्वजों के मंदिर में सामूहिक पूजा में गए थे। वे सब बच गए। लेकिन गांव में मौजूद ज्यादातर युवा, कारोबारी और पर्यटक सैलाब की चपेट में आ गए।

यह बताते-बताते 37 साल के भूपेंद्र पंवार फोन पर रोने लगे। वह उन चंद खुशनसीबों में हैं, जो सैलाब से बच गए। भास्कर टीम धराली से 60 किमी दूर भटवारी में है। यहां से आगे सड़क टूट चुकी है, इसलिए प्रशासनिक और बचाव टीमें बुधवार को भी आगे नहीं बढ़ पाईं। भास्कर ने यहीं से भूपेंद्र से बात की। उन्होंने बताया कि जब सैलाब आया, तब होटलों में काम करने वाले 20 नेपाली लड़के, करीब 100 पर्यटकों समेत 200 लोग बाजार में थे। चीख सुनते ही मैं अपना होटल छोड़कर 100 मी. भागा। उस वक्त मेरे पीछे 30 से 40 लोग थे। इनमें मेरा स्टाफ भी था, जो अभी लापता है।

### रेस्क्यू सेना के हवाले... वैली ब्रिज बना रही, आज पहुंच सकती है मदद



**100 मी. सड़क ध्वस्त...** तस्वीर भटवारी के आगे गंगोत्री हाईवे की है, इसमें 100 मी. की सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

धराली में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे जल सैलाब आया था। उसके तुरंत बाद हर्षिल में मौजूद आईटीबीपी और सेना के जवानों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया था। लेकिन, घटना के 36 घंटे बाद भी बड़ी मशीनें और अतिरिक्त राहत-बचाव टुकड़ियां धराली नहीं पहुंच पाई हैं, क्योंकि भटवाड़ी से धराली तक 60 किमी में करीब 5 जगह सड़क टूट चुकी है। सभी टीमें भटवारी में फंसी हुई हैं। फिलहाल पूरा ऑपरेशन सेना को सौंप दिया गया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनारी के पास पुल भी बह चुका है। यहां सेना वैली ब्रिज बना रही है। संभवतः यह गुरुवार को बन जाएगा। इसके बाद मदद पहुंचने लगेगी। वहीं, वायुसेना भी एमआई-17 हेलिकॉप्टर, एएलएच एमके-3 एयरक्राफ्ट के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटेगी। एएन-32 और सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भी आगरा से देहरादून पहुंच चुके हैं। ये गुरुवार को उड़ान भर सकते हैं।

### पहाड़ पर बादल नहीं फटा था... हैंगिंग ग्लेशियर पिघलकर गिरे, इससे 2-3 झीलें टूटीं और सैलाब आया

**धराली** के श्रीखंड पर्वत से जो सैलाब नीचे उतरा, उसकी वजह बादल का फटना नहीं थी। बल्कि, पर्वत पर 6 हजार मी. ऊपर मौजूद हैंगिंग ग्लेशियर था। मौसम विभाग के डायरेक्टर डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार मंगलवार को धराली में दिनभर में सिर्फ 2.7 सेमी बारिश हुई, जो सामान्य थी। फिर भी तबाही आ गई। इसकी बड़ी वजह- श्रीखंड पर्वत पर मौजूद हैंगिंग ग्लेशियर हो सकते हैं। वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. डॉ. एसपी सती ने बताया कि यह आपदा मौसमीय नहीं, बल्कि भूगर्भीय और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी है। ट्रांस हिमायल में लगातार तापमान बढ़ने से ऊपर मौजूद हैंगिंग ग्लेशियर पिघल रहे हैं। ये ग्लेशियर खड़ी ढलानों पर टिके रहते हैं। ऐसे ग्लेशियर श्रीखंड पर्वत पर भी हैं। पूरी संभावना है कि बारिश और उमस में ग्लेशियर का बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा, जो ऊपर मौजूद 2-3 झीलों को तोड़ता हुआ आगे बढ़ा। इसलिए पहाड़ के टुकड़े इतने वेग के साथ बहकर धराली पहुंचे। शेष पेज 06 पर

**हिमाचल में भी मानसून का कहर जारी**

## किन्नौर में फंसे 416 श्रद्धालु बचाए, 3 हादसों में 6 की मौत



चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर भूस्खलन...

**भास्कर न्यूज़** | टीम हिमाचल

प्रदेश में मानसून का कहर जारी है। बुधवार को अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की जान चली गई। शिमला में चिड़गांव के पास एक कार के पब्बर नदी में गिरने से 3 युवकों, जबकि किन्नौर जिले में नेसंग पुल के पास पिकअप के सतलुज नदी में गिरने से चालक की मौत हो गई। इसी तरह किन्नर कैलाश यात्रा पर गए दो श्रद्धालुओं की भी खाई में फिसलने से मौत हो गई। प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान (20 जून से 6 अगस्त) अभी तक कुल 199 मौतें हो चुकी हैं, जबकि 304 घायल हुए और 36 लोग अभी भी लापता हैं।

उधर, किन्नर कैलाश यात्रा पर गए करीबन 500 श्रद्धालु मिलिंग खट्टा व अन्य स्थानों में फंसे हुए थे। प्रशासन ने ग्रामीणों और आईटीबीपी की मदद से देर रात को इनमें से 416 श्रद्धालुओं को कांग्यरंग स्थान से रस्सी का अस्थाई पुल बनाकर रेस्क्यू किया। 350 श्रद्धालुओं को पूर्वनी गांव से निकाला गया। किन्नौर में कांग्यरंग नाला व तंगलिंग के पास बने पैदल पुल तेज बहाव में बह गए हैं।

## मप्रः सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में 2 और लोगों की मौत, 1 गंभीर

**भास्कर न्यूज़** | भोपाल

सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा की कांवड़ यात्रा में शामिल होने पहुंचे 2 और श्रद्धालुओं की बुधवार को मौत हो गई। मंगलवार को धाम में भगदड़ मचने से दो महिलाओं की मौत हुई थी। दूसरे दिन भी दो पुरुषों की मौत हुई। एक अन्य की हालत नाजुक है।

बुधवार को कांवड़ यात्रा में शामिल हुए दो श्रद्धालुओं का अलग-अलग समय में अलग-अलग स्थानों पर अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया। इन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में गुजरात के पंचावल निवासी चतुरभाई (50) पिता भूराभाई और हरियाणा के रोहतक निवासी ईश्वर सिंह यादव (65) पिता मवासीराम है। वहीं, एक दिन पहले मंगलवार को भगदड़ में जसवंतीबेन (56), राजकोट और संगीता गुप्ता (48) फिरोजाबाद की मौत हो गई थी।

**न्यूज ब्रीफ**

### झारखंडः राहुल गांधी को मानहानि केस में जमानत

**चाईबासा** | कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित मानहानि वाले बयान के मामले में सशर्त जमानत मिल गई। राहुल गांधी बुधवार सुबह झारखंड के चाईबासा की एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। यह मामला 2018 में पहले रांची में दर्ज हुआ था। इसे 2021 में चाईबासा ट्रांसफर कर दिया गया।

### वॉट्सएपः अनजान ग्रुप में जोड़े जाने पर अलर्ट मिलेगा

**नई दिल्ली** | वॉट्सएप ने नया सेफ्टी ओवरव्यू टूल लॉन्च किया है। यह टूल अनजान ग्रुप में जोड़े जाने या चैट शुरू होने पर अलर्ट भेजेगा। यह फीचर फ्रॉड रोकने के लिए शुरू किया गया है। यूजर चाहे तो बिना चैट खोले ही ग्रुप से बाहर हो सकता है। वॉट्सएप पर इस साल 68 लाख से ज्यादा अकाउंट्स को बैन भी किया गया है।

### एससी-एसटी हेल्पलाइन पर सबसे ज्यादा कॉल यूपी से

**नई दिल्ली** | एससी-एसटी हेल्पलाइन (14566) पर अब तक 6.34 लाख कॉल आ चुकी हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2020 से जुलाई 2025 तक सबसे ज्यादा कॉल यूपी (3.4 लाख) से आईं। इसके बाद बिहार से 59,205 और राजस्थान से 40,228 कॉल दर्ज की गईं।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
चांदी का कूपन 89
कूपन काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं

### औरंगाबादः कांग्रेस विधायक आनंद शंकर पर एफआईआर

**औरंगाबाद** | बिहार के औरंगाबाद में एक वायरल वीडियो के आधार पर भाजपा कार्यकर्ता ने कांग्रेस के विधायक आनंद शंकर सिंह व अन्य पर माई-बहिन योजना के नाम पर भ्रामक प्रचार कराने व जनता से धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। यह भी कहा है कि वीडियो में महिलाओं के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है।

**बिहार** • वोटर लिस्ट पर सुप्रीम कोर्ट का निर्वाचन आयोग को निर्देश

# जिनके नाम काटे वो 65 लाख कौन, आयोग 3 दिन में बताए

**भास्कर न्यूज़** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को निर्वाचन आयोग से बिहार में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर किए गए करीब 65 लाख मतदाताओं का विवरण 9 अगस्त तक पेश करने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्वाचन आयोग से कहा, वोटर लिस्ट से हटाए गए मतदाताओं का विवरण दें और एक प्रति गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स को भी दें।

बुधवार को एडीआर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस मुद्दे को उठाया। मामला आयोग के 24 जून के आदेश से जुड़ा है, जिसमें बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश दिया गया था। एडीआर सहित कुछ संगठनों और राजनीतिक दलों ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। एडीआर ने कहा, आयोग ने 65 लाख हटाए नामों की सूची जारी नहीं की है। - शेष पेज 06 पर




विपक्षी गठबंधन इंडिया ने बुधवार को संसद परिसर में फिर प्रदर्शन किया।

### संसदः विपक्ष ने कहा- चुनाव सुधार पर चर्चा हो, सरकार बोली- मामला कोर्ट में

- बिहार में वोटर लिस्ट मामले पर संसद में बुधवार को भी गतिरोध जारी रहा। विपक्ष ने कहा- सरकार सीधे एसआईआर पर बहस नहीं चाहती तो 'चुनाव सुधारों' पर चर्चा करवा दे। कांग्रेस ने 1961, 1981, 1991, 2015 और 2019 में संसद में हुई बहस का जिक्र किया और कहा, चुनाव सुधार पर चर्चा संसदीय परंपरा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, हम सिर्फ चर्चा मांग रहे हैं, सरकार को दिक्कत क्या है?'
- दूसरी ओर, सरकार ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा, बिहार में एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए उस पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने पूर्व स्पीकर बलराम जाखड़ के 1998 और 1988 के फैसलों का हवाला देते हुए कहा, संसद स्वायत्त निकायों जैसे- चुनाव आयोग के कामकाज पर टिप्पणी नहीं कर सकती।

### अमेरिका में जींद के युवक की झील में डूबने से मौत



संदीप बूरा

**उचाना (जींद)** | जींद के घोघड़िया निवासी संदीप बूरा (37) की अमेरिका में झील में डूबने से मौत हो गई। संदीप दोस्तों के साथ नहाने गया था। छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि संदीप करीब तीन साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। वह फ्रेसनो शहर में रह रहा था। 4 अगस्त की शाम किंग रीवर झील में नहाते समय संदीप लहरों में फंसकर डूब गया। फायर फाइटर्स ने संदीप को बाहर निकालकर सीपीआर दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संदीप के दो बच्चे हैं। उसे करीब 60 लाख रुपए खर्च कर अमेरिका भेजा था।

**शुभारंभ** • पीएम ने केंद्रीय सचिवालय के पहले भवन का उद्घाटन किया

## कर्तव्य भवन से गरीबी से मुक्ति व विकसित भारत का सपना साकार होगाः पीएम मोदी

**भास्कर न्यूज़** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया। यह कॉमन सेंट्रल सेक्रेटिएट (सीसीएस) के 10 नए भवनों में से एक है। इसका उद्देश्य सभी मंत्रालय और विभाग एक छत के नीचे लाना है।

प्रधानमंत्री ने शाम को संबोधन में कहा कि ये सिर्फ नए भवन नहीं हैं। यहां से विकसित भारत की नीतियां बनेंगी और राष्ट्र की दिशा तय होगी। विकसित भारत का सपना साकार होगा। पुराने भवनों में काम करते हुए हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला। नए भवनों में ज्यादा दक्षता से काम कर देश को गरीबी मुक्त करना है। दिन में उन्होंने भवन निर्माण करने वाले श्रमिकों से भी बात की। कर्तव्य भवन-3 में गृह, विदेश, ग्रामीण विकास, एमएसएमई, डीओपीटी, पेट्रोलियम मंत्रालय व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय होगा।



प्रधानमंत्री ने कहा- श्रमयोगियों से संवाद कर अत्यंत प्रसन्नता हुई।

**1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल, 600 कारों की पार्किंग**

कर्तव्य भवन-3 का क्षेत्रफल 1.5 लाख वर्ग मीटर है। यहां 600 कारों की पार्किंग की क्षमता है। क्रेच, योग रूम, मेडिकल रूम, रसोई और मल्टीपर्पज हॉल हैं। 24 मेन व 26 छोटे कॉन्फ्रेंस रूम हैं। 27 लिफ्ट हैं।

### 'समान मानदंड पर महिला-पुरुष अफसरों को स्थायी कमीशन नहीं'

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना में महिला और पुरुष अफसर दो अलग और असमान वर्ग हैं। ऐसे में उन्हें स्थायी कमीशन देने के लिए एक जैसे मानदंड और कटऑफ लागू नहीं किए जा सकते। यह समानता के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। कोर्ट ने यह टिप्पणी शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अफसरों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की। याचिकाकर्ताओं ने पुरुष अफसरों की तुलना में भेदभाव का आरोप लगाते हुए स्थायी कमीशन से वंचित किए जाने को चुनौती दी है। - शेष पेज 06 पर

### पंजाब सरकार ने नई लैंड पूलिंग नीति फिलहाल स्थगित की

**चंडीगढ़** | पंजाब सरकार ने 4 जुलाई को अधिसूचित की गई नई लैंड पूलिंग नीति को फिलहाल रोक लिया है। नीति के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को पंजाब सरकार की तरफ से यह आश्वासन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दिया गया। जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने पंजाब सरकार से पूछा कि क्या नीति अधिसूचित करने से पहले सोशल और इनवायरमेंट इंपेक्ट असेसमेंट किया गया या नहीं। पंजाब सरकार बताए कि क्या नीति में भूमिहीन मजदूरों और आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर लोगों के पुनर्वास का कोई प्रावधान किया गया है या नहीं।

**भास्कर खास** दुख ऑनलाइन साझा करने और दूसरों को असहज करने के बीच महीन रेखा, इसे समझना जरूरीः एक्सपर्ट

# सोशल मीडिया पर जताया शोक सच्चा या दिखावा? यह सूचना देने, भावना साझा करने और मृतक से जुड़ाव का जरिया है... पर सामाजिक नियम न टूटें

**TIME**

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क** | गूगल में जॉब कर रहीं मौली लेविन के पिता का कुछ वक्त पहले निधन हो गया था। इससे पहले तक वे न्यूयॉर्क की नाइट लाइफ का मजा ले रहीं थी। वीकेंड पर शॉपिंग और रेस्तरां में हैंग आउट होता था। पिता के जाने के बाद मौली (28) ने छुट्टी ली। परिवार को ज्यादा वक्त देने लगीं। मौत के रहस्य समझने के लिए किताबें पढ़तीं। यादों में अर्थ तलाशतीं। पर एक सवाल उन्हें परेशान कर रहा था- क्या सोशल मीडिया पर दुख साझा करना चाहिए? उन्हें डर था कि कहीं यह दिखावा न लगे। एक्सपर्ट कहते हैं, 'सोशल मीडिया पर दुख साझा करने व दूसरों को असहज करने के बीच एक महीन रेखा होती है। इसके कुछ अनकहे नियम हैं।' जानिए इनके बारे में...

**हर छोटी बात सोशल मीडिया पर साझा हो रहीः** ओक्लाहोमा यूनिवर्सिटी में जर्नलिज्म की प्रोफेसर जेनसन मूर कहती हैं,'किशोर और युवा छोटी-छोटी चीजें ऑनलाइन शेयर करते हैं, जैसे ब्रश करना...। ऐसे में शोक भी उनके ऑनलाइन जीवन का हिस्सा बन गया है। मौली ने पिता की मौत के 10 दिन बाद सोशल मीडिया पर एक फोटो के साथ 350 शब्दों का कैप्शन लिखा। कमेंट्स और मैसेज की बाढ़ आ गई। मौली कहती हैं, मैंने अपने शब्दों को बहुत सोच-समझकर लिखा। मुझे पता था कि मेरी बातों से लोग असहज महसूस कर सकते हैं।'



**चुप रहने पर ट्रोलिंगः** सोशल मीडिया ने दुख जताने का तरीका बदल दिया है। कई लोगों को सार्वजनिक रूप से शोक मनाना गलत या असहज लगता है। वोग की एडिटर क्लोई मैल को इमोजी से शोक जताना और पब्लिक प्लेटफॉर्म पर दुख जाहिर करना ठीक नहीं लगता। दूसरी ओर, कुछ लोगों को जल्दी पोस्ट न करने पर आलोचना झेलनी पड़ती है- जैसे हॉलीवुड अभिनेत्री जेनी गार्थ को अभिनेता ल्यूक पेरी की मौत पर चुप रहने के लिए ट्रोल किया गया था।

**पहले कौन बताएः** बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी के प्रो. पेलहम कार्टर कहते हैं,'सोशल मीडिया पर शोक जताने की व्यावहारिक वजहें भी हैं- यह खबर पहुंचाने, भावनाएं साझा करने और मृतक से जुड़ाव बनाए रखने का जरिया बनता है। लेकिन हर पोस्ट, अनकहे सामाजिक नियम को तोड़ने का खतरा भी है। डिजिटल एंथ्रोपोलॉजिस्ट क्रिस्टल अबिडिन कहती हैं,'अगर मृतक के परिवार या पार्टनर से पहले कोई पोस्ट कर दे, तो यह असंवेदनशील माना जाता है। फेसबुक मेमोरियल पेज पर भी पहली पोस्ट किसी करीबी से ही आना चाहिए।'

**इमेज मैनेजमेंट न बन जाएः** कार्टर और उनकी सहयोगी रैचेल किंग ने स्टडी में पाया कि लोग अपनी पोस्ट को सच्चा पर दूसरों के पोस्ट को दिखावा समझते हैं। 2019 में जेनिफर के दोस्त ने खुदकुशी कर ली थी। वे बताती हैं कि निजी बातचीत में दुख सच्चा लगता था, पर सोशल मीडिया पर सब बनावटी लगने लगा। उन्होंने महसूस किया कि सोशल मीडिया पर शोक एक तरह का 'इमेज मैनेजमेंट' बन गया है।

**बात सही तरह से पहुंचेः** भाषा विशेषज्ञ कोरीना गियाक्सोग्लू कहती हैं कि पोस्ट करते वक्त हम बहुत भावुक होते हैं। चाहते हैं कि हमारी बात लोगों तक पहुंचे, उन्हें जुड़ाव महसूस हो। यही तो पोस्ट करने का मकसद होता है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि हम दिखावा कर रहे हैं। लोगों का ध्यान चाहना व अपने दुख में सच्चा होना, साथ में संभव है।

**युवा पीढ़ी का नजरियाः** युवा पीढ़ी ने शोक को सोशल मीडिया पर लाकर मौत पर बातचीत को दोबारा सार्वजनिक किया है। गियाक्सोग्लू कहती हैं,'इन भावनाओं को देखना जरूरी है, वरना हम उन्हें छिपा रहे होते हैं।' मौली अब सामान्य हो रही हैं। कहती हैं,'शोक के बाद अगली पोस्ट करना मुश्किल था। आप शोक न दिखाएं, तो लोग सोचते हैं कि आपको फर्क ही नहीं पड़ा।'

**सिर्फ सरकारी फंड लेने वाले खेल संगठन दायरे में**

## बीसीसीआई आरटीआई से बाहर रहेगा, स्पोर्ट्स बिल में संशोधन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में बड़ा बदलाव करते हुए आरटीआई से जुड़ी धारा में संशोधन किया है। अब इस बिल के तहत सिर्फ वही खेल संगठन आरटीआई के दायरे में आएंगे, जो सरकार से फंड या किसी तरह की मदद लेते हैं। इससे बीसीसीआई को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि वह सरकार से कोई आर्थिक सहायता नहीं लेता।

यह विधेयक 23 जुलाई को खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में पेश किया था। इसके क्लॉज 15(2) में कहा गया था कि मान्यता प्राप्त खेल संगठन आरटीआई एक्ट 2005 के तहत सार्वजनिक प्राधिकरण माने जाएंगे। लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि संशोधित क्लॉज में सार्वजनिक प्राधिकरण की परिभाषा स्पष्ट कर दी गई है। अब वही संगठन आरटीआई के तहत आएंगे, जो सरकारी फंड या सहायता पर निर्भर हैं।

**राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में कराना होगा पंजीकरण**

ये कानून बनने के बाद बीसीसीआई को खुद को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में पंजीकृत कराना होगा। दरअसल, क्रिकेट अब ओलिंपिक खेल बन चुका है और 2028 के ओलिंपिक में टी20 फॉर्मेट में पहली बार खेला जाएगा।

**शिकंजा** • अलग-अलग हथकंडे अपना ठगी करने वाले सात ठग धरे गए

# सेक्स रैकेट के नाम पर गिरफ्तारी का डर दिखा ठगी के 3 आरोपी दबोचे

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद



सेक्स रैकेट चलाने के नाम पर गिरफ्तारी का डर दिखा ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। साइबर थाना सेंट्रल में सरस्वती कालोनी, सेहतपुर निवासी ने पुलिस को दी शिकायत में कहाकि 8 जुलाई को उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने अपने को पुलिस बताते हुए कहाकि आप पर सेक्स रैकेट चलाने का केस है। इसमें बचाने के लिए उसने पैसों की मांग की। बदनामी के डर से उन्होंने 182475 रुपए दे दिए। इसके बाद और पैसों की मांग की जाने लगी तब उन्हें फ्राड का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने केस दर्ज कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते राजस्थान के भीलवाड़ा जिला निवासी प्रकाश, असलम खान व मनमोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि प्रकाश व मनमोहन खाताधारक हैं। इनके खाते में 30 हजार व 25500 रुपए आए थे। जबकि असलम ने प्रकाश का खाता लेकर आगे ठगों को बेच दिया था। आरोपी प्रकाश ई-मित्र सेंटर व असलम भीलवाड़ा में ऑटो चलाता है। जबकि मनमोहन कपड़ों की दुकान पर सेल्समैन है।

### अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल कर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुभाष नगर निवासी ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में कहा कि 3 दिसंबर 2024 की रात 10.30 बजे इंस्टाग्राम पर एक रिक्वेस्ट आई। जिसे उन्होंने एक्सेप्ट कर लिया। इसके कुछ देर बाद उनके पास एक वीडियो कॉल आई। उधर से एक लड़की दिखी। उसने कुछ समय बाद कपड़े उतारने शुरू कर दिए। इसी दौरान उसने कुछ देर का वीडियो रिकार्ड कर लिया। फिर उसने उनसे पैसे की डिमांड की। जब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया तो उनके दोस्तों के पास ठगों ने कुछ फोटो भेज दिए। पैसे न देने पर सोशल मीडिया पर वीडियो डालने की धमकी दी।

### पानी का बिल भरने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार

पानी का बिल भरने के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार व झारखंड के रहने वाले हैं। इन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-17 निवासी ने दी शिकायत में कहाकि उनके पास एक मैसेज आया। इसमें छह महीने के पानी का बिल न भरने से कनेक्शन काटने का नोटिस था। साथ ही इस मामले में संबंधित अधिकारी से बात करने के लिए नंबर भी दिया था। उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया तो कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद व्हाट्सएप कॉल आई। इसके बाद बिल को अपडेट करने के लिए एक लिंक भेजा गया। उस पर उन्होंने अपनी और क्रेडिट कार्ड की जानकारी भर दी। उसके कुछ देर बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 349878 रुपए कट गए।

## सर्विस लाइन में वाहन पार्किंग पर होगी कार्रवाई

भास्कर न्यूज | पलवल

शहर से गुजर रहे नेशनल हाईवे और सर्विस लाइन पर ट्रक, बस के साथ अन्य वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस चालान करने के साथ-साथ वाहन जब्त करने की भी कार्रवाई करेगी। डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने अधिकारियों की बैठक में कहा कि बस व ट्रक के साथ-साथ अन्य बड़े वाहनों को खड़ा करने के लिए अगवानपुर में ट्रांसपोर्ट नगर बनाया गया है। वहां कोई भी अपना वाहन खड़ा कर सकता है। उन्होंने कहा प्रशासन शहर को जाममुक्त रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। आमजन को जाम से परेशानी न हो इसको लेकर जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ अवैध रूप से पार्किंग करने व अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा जाम लगने के मुख्य कारणों में अवैध रूप से पार्किंग भी शामिल है। शहर से गुजर रहे नेशनल हाईवे और दोनों तरफ सर्विस लाइन पर बस और ट्रक के साथ-साथ अन्य वाहन खड़े रहते हैं। इससे लोगों को परेशानी होती है। वाहन खड़े होने से सर्विस लाइन पर सफाई भी नहीं हो पाती है।

# गड्ढे में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

भास्कर न्यूज | पलवल



मुंडकटी थाना क्षेत्र के सराय गांव की तीन बच्चियों की सेवली गांव के जंगल में गड्ढे में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। बच्चियां पिता के साथ बकरी चराने गई थीं। इस दौरान वहां ईंट भट्ठे पर खुदे गड्ढे में नहाने लगीं। इसी दौरान तीनों की डूबने से मौत हो गई। थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार सराय जमशेद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बकरी चराते हैं। बुधवार को वह बेटी अल्फिया उम्र लगभग 9-10 साल और भाई शाहिद की बेटी अनसिपा उम्र लगभग 9-10 साल व सोफिया उम्र लगभग 6-7 साल के साथ सेवली गांव के जंगल में बकरी चराने गए थे। जब वह सुभाष के ईंट भट्ठे के पास बकरी चरा रहे थे, तभी तीनों बच्चियां वहां गड्ढे में नहाने के लिए चली गईं। इसी दौरान नहाते समय तीनों की डूबने से मौत हो गई। हादसे का पता चलने पर जमशेद व उनके परिवार के सदस्यों ने बच्चियों को गड्ढे से निकाल कर सरकारी अस्पताल ले गए। वहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। जमशेद ने इसकी सूचना मुंडकटी थाने में दी। सूचना मिलते ही पुलिस जिला अस्पताल पहुंच गई। पोस्टमार्टम कराकर तीनों बच्चियों के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

## यात्री से एक करोड़ लूट में मास्टर माइंड सहित फरार दो गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | पलवल

नेशनल हाईवे-19 पर बस में सवार यात्री से एक करोड़ रुपए लूट के मामले में पुलिस ने फरार दो और लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा रिमांड पर चल रहे तीन लुटेरों से पुलिस ने 31 लाख रुपए व दो ब्रेजा गाड़ी बरामद की है। बाकी रकम गिरफ्तार किए दो लुटेरों से बरामद की जाएगी। सीआईए प्रभारी जगमिंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में राजस्थान के सीकर जिले के विजयपुरा गांव निवासी रामप्रमेश्वर शर्मा ने दी शिकायत में बताया था कि वह असम के गुवाहाटी निवासी सुरेश कुमार अग्रवाल के यहां काम करते हैं। उनकी कुछ जमीन वृंदावन में थी। जिसे उन्होंने कपिल देव उपाध्याय को बेची थी। उसी के पैसे लेने वह रविवार को वृंदावन आए थे।

## अपहरण कर हत्या के प्रयास में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद** | युवक का अपहरण कर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यूपी के संतनगर जिले के बिलौरा निवासी पुष्पेंद्र चौरसिया ने सेक्टर-31 थाने में दी शिकायत में आरोप लगाया कि चार अगस्त की रात वह, उनके दोस्त नीरज व अन्य के साथ डीएलएफ पर ऑर्डर ले जाने के लिए बैठे थे। एक गाड़ी आकर वहां रुकी। उसमें से चार लड़के उतरे और उनके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद एक स्कूटी पर दो और लड़के आए थे।

इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ

## खेल के साथ जीवन में अनुशासन, धैर्य व उत्कृष्टता जरूरी: गोपीचंद

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद



प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी व पद्मभूषण से सम्मानित पुलेला गोपीचंद ने छात्रों को खेल के साथ-साथ जीवन में अनुशासन, धैर्य व उत्कृष्टता अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा सफलता के लिए यह बहुत जरूरी है। अगर जीवन में तारगेट को हासिल करना है तो अनुशासन व धैर्य जरूरी है। यदि इन पर फोकस करेंगे तो निश्चित रूप से कामयाबी हासिल करेंगे। पुलेला गोपीचंद बुधवार को सेक्टर-88 स्थित एमवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। इस दौरान उनकी बातें हर खिलाड़ी के दिल को छू गईं। डायरेक्टर डॉ. नीता बाली ने कहाकि खेल सिर्फ शरीर नहीं, मन और चरित्र को भी मजबूत बनाता है। प्रिंसिपल नीता अरोड़ा ने कहाकि हर छात्र को सप्ताह में चार फिटनेस और चार खेल सत्र मिलते हैं। जिससे सेहत, अनुशासन और आनंद, शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बन सके।

### सॉस बनाने वाली वर्कशॉप पर की छापेमारी, सैंपल भरे

**फरीदाबाद** | सीएम फ्लाइंग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ मिलकर सॉस बनाने वाली एक वर्कशॉप में छापेमारी की। टीम ने यहां से जांच के लिए सैंपल लिए हैं। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि बाजरी गांव के औद्योगिक क्षेत्र स्थित मिथलेश बेकरी में मिलावटी लाल व हरी चटनी (सॉस) का उत्पादन कर इसे बाजार में बेचा जा रहा है। यदि यहां से सास का सैंपल लेकर इसकी जांच कराई जाई तो मिलावटखोरी का मामला सामने आ सकता है। इस सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. पुनीत शर्मा के साथ मिलकर मिथलेश बेकरी में छापा मारा। बेकरी से 600 लीटर लाल चटनी (सॉस) व 60 लीटर हरी चटनी (सॉस) रखी मिली। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बेकरी संचालक से चटनी (सॉस) बनाने के तरीके की जानकारी प्राप्त करनी चाही तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## सुनपेड गांव: 17 एकड़ में अवैध विकसित 2 कालोनियां हुईं ढेर

डीटीपी इंफोर्समेंट का दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

भास्कर न्यूज. फरीदाबाद

डीटीपी इंफोर्समेंट ने बुधवार को सुनपेड गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कालोनियों को ध्वस्त कर दिया। यहां किए गए सभी निर्माणों को मशीनों से तोड़ दिया। विभाग को इन अवैध कालोनियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई करने के लिए प्लानिंग तैयार कर यहां किए गए सभी निर्माणों को जमींदोज कर दिया। इस दौरान पुलिस बल के मौजूद होने से किसी ने विरोध करने की ज्यादा हिम्मत नहीं की।

डीटीपी इंफोर्समेंट यजन चौधरी बुधवार सुबह तोड़फोड़ दस्ते के साथ मौके पर पहुंच गए। दस्ते को देखते ही हड़कंप मच गया। दस्ते ने पहुंचते ही तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस बल मौजूद होने से उनकी एक भी नहीं चली। कुछ लोगों ने कार्रवाई रुकवाने के लिए इधर उधर फोन भी किए, लेकिन उन्हें कहीं से कोई रिस्पांस नहीं मिला। इस दौरान डीटीपी अधिकारी चौधरी के कड़े तेवरों को देख विरोध करने वाले धीरे-धीरे खिसकने लगे। तोड़फोड़ की कार्रवाई बिना रोकटोक के जारी रही। सुबह से चली कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। तोड़फोड़ दस्ते ने अवैध रूप से बने सभी निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। यहां एक कालोनी पांच एकड़ और दूसरी 12 एकड़ में विकसित की जा रही थी। यहां कुछ निर्माण हो चुके थे। जबकि कुछ चालू थे।

### गन्ना किसानों के मोर्चा ने एमडी को ज्ञापन सौंपा

**पलवल** | गन्ना उत्पादक किसानों की समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मिल के एमडी से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें चेतावनी दी गई है यदि समय रहते उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

किसान नेताओं ने कहा कि इस वर्ष 25 अक्टूबर से शुगर मिल को चालू कर दिया जाए। लंबे समय से नहीं बुलाई गई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक जल्द की जाए। गन्ना उत्पादक किसानों से प्रति क्विंटल काटे गए दस रुपए वापस किए जाएं। निदेशक मंडल के चुनाव शीघ्र कराए जाएं। सभी गन्ना उत्पादक किसानों के खेतों पर जाकर गन्ने की बांडिंग बोन की जाए व पर्चियां सही तरीके से वितरित की जाएं। किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान व धर्म चन्द ने शुगर मिल में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

## नेशनल हाईवे पर कैंटर ऑटो के ऊपर पलटा, 15 लोग हुए घायल

### कंपनी से छुट्टी होने के बाद घर लौट रही थीं महिलाएं

भास्कर न्यूज | पलवल

नेशनल हाईवे-19 पर अनियंत्रित होकर एक कैंटर सवारियों से भरे ऑटो पर पलट गया। इससे ऑटो सवार 15 महिला-पुरुष घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां से चार की हालत नाजुक देखते हुए हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया। गदपुरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीकरी गांव स्थित साईं ऑटो कंपनी में नौकरी करने वाली पलवल निवासी इंद्रेश, रसूलपुर गांव निवासी बीना, जनौली गांव निवासी पूनम, कासीपुर गांव निवासी काशीराम, पलवल निवासी सचिन व भारत, खजूरका गांव निवासी सुभाष ऑटो चालक, इस्लामाबाद निवासी रचना, कैलाश नगर निवासी श्यामवती, सल्लागढ़ निवासी सरोज, बामनीखेड़ा गांव निवासी सावित्री व गीता, रीना, सीमा वरानी देवी सहित अन्य घायल हो गए। सभी रोज खजूरका गांव निवासी सुभाष के ऑटो से ड्यूटी आती-जाती हैं। शाम करीब पांच बचे कंपनी से छुट्टी होने के बाद साढ़े पांच-छह बजे उनका ऑटो नेशनल हाईवे-19 पर आल्हापुर गांव के निकट पहुंचा तभी पीछे से आ रहा कैंटर अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। इससे ऑटो सवार सभी महिला-पुरुष घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार सुन राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों को ऑटो से निकाल कर निजी वाहनों से जिला अस्पताल पलवल भिजवाया। वहां से सुभाष, श्यामवती, सचिन व काशीराम के अलावा अन्य कई को हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया।



### डीटीपी ने फर्रुखनगर क्षेत्र में दो अवैध कालोनियों पर चलाया पीला पंजा



**गुरुग्राम** | फर्रुखनगर क्षेत्र में डीटीपी अमित मधोलिया ने बुधवार को दो अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलाने की कार्रवाई की। इस दौरान मुबारिकपुर व इकबालपुर गांव में काटी जा रही अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान फर्रुखनगर थाना से पुलिस बल भी तैनात किया गया था। डीटीपी अमित मधोलिया ने बताया कि बुधवार को मुबारिकपुर गांव की राजस्व सम्पदा में एक एकड़ में काटी जा रही अवैध कालोनी में 12 डीपीसी व एक निर्माणाधीन मकान के स्ट्रक्चर को ध्वस्त किया गया।

### स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल ने गुरुग्राम ब्लॉक फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

**गुरुग्राम** | स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल, गुरुग्राम ने अंडर-14 श्रेणी के एसजीएफआई गुरुग्राम ब्लॉक फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बना है। फाइनल मुकाबले में स्कॉटिश हाई ने डीपीएस सेक्टर 45 गुरुग्राम की टीम को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीत दर्ज की। इस अवसर पर स्कूल के फुटबॉल कोच राहुल कुक्रेती ने कहा कि हमें अपनी अंडर-14 टीम पर बेहद गर्व है। मैदान पर उनकी मेहनत और एकजुटता ने इस जीत को संभव बनाया।

**सोहना रोड हाइवे** • बादशाहपुर से राजीव चौक तक एलिवेटेड फ्लाईओवर पर लगता है जाम

# फ्लाईओवर के नीचे 5 किमी. जाने में 30 मिनट जबकि फ्लाईओवर पर 15 मिनट में 20 किमी.

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

स्कूल की छुट्टी होने के दौरान भारी ट्रैफिक दबाव के अलावा रॉन्ग साइड भी गाड़ियां दौड़ती हैं

सोहना हाइवे को सिक्स लेन करने पर करीब दो हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इसे हाइवे को प्रदेश में दूसरा सबसे लंबा (5.5 किलोमीटर) एलिवेटिड फ्लाईओवर बनाया गया। हालांकि इस 22 किलोमीटर लंबे हाइवे पर छोटी गाड़ी के लिए भी 245 रुपए टोल टैक्स देना पड़ता है, लेकिन यहां करीब 17 किलोमीटर तक फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों के लिए पांच किलोमीटर का सफर मुसीबत बना हुआ है। राजीव चौक से साउथ सिटी-2 तक वाहन चालक ट्रैफिक जाम में फंसे रहते हैं। राजीव चौक व सुभाष चौक के पास दोनों सर्विस लेन पर बोटलनेक बनने से पीक-ओवर्स में हजारों वाहन फंसे रहते हैं। 17 किलोमीटर के सफर को मात्र 15 मिनट में पूरा हो जाता है, लेकिन पांच किलोमीटर सफर आधे में पूरा हो पाता है।



सोहना-गुरुग्राम हाइवे का उद्घाटन वर्ष 2022 में हुआ था। राजीव चौक के बाद सुभाष चौक पर एंट्री व एग्जिट प्वाइंट दिए गए हैं। लेकिन इसके बाद जेल रोड के पास एंट्री व एग्जिट प्वाइंट है। बादशाहपुर बिजली निगम के कार्यालय से सुभाष चौक के बीच एलिवेटेड फ्लाईओवर है। साउथ सिटी-2 से राजीव चौक के बीच फ्लाईओवर के नीचे भारी ट्रैफिक का दबाव रहता है। खासकर पीक ओवर्स में फ्लाईओवर के नीचे चलने वाले वाहनों को राजीव चौक तक पहुंचने के लिए पीक ओवर्स में 30 मिनट से भी अधिक समय लग जाता है। हालांकि पीक ओवर्स के बाद भी पूरी तरह राहत नहीं मिलती, लेकिन ट्रैफिक दबाव कुछ कम हो जाता है। वहीं दोपहर के समय एसडी आदर्श स्कूल टीकरी की छुट्टी होने के दौरान भी भारी ट्रैफिक दबाव के अलावा रॉंग साइड भी गाड़ियां दौड़ती हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा रहता है।

### बोटलनेक बनने से लगता है जाम

सुभाष चौक के पास हीरो होंडा चौकी ओर व हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन की ओर दोनों तरफ वाहन निकलते हैं, लेकिन यहां दबाव अधिक होने व सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। इसी तरह राजीव चौक पर बीच में अंडरपास व दोनों तरफ सड़क की चौड़ाई कम है। मात्र दो गाड़ियां ही निकल पाती हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा राजीव चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने हाल ही में सिग्नल की शुरुआत की है, जिससे राजीव चौक पर एक किलोमीटर तक जाम लग जाता है। ऐसे में सुबह व शाम को हजारों वाहन ट्रैफिक जाम में फंसे रहते हैं।

## भारतीय आर्थिक व्यापार संगठन ने खोला एससीओ व्यापार कार्यालय



भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

एससीओ देशों के साथ जुड़ने के लिए गुरुग्राम में कार्यालय का उद्घाटन करने बुधवार को पहुंचे म्यांमार के भारत में राजदूत जॉ ऊ ने गुरुग्राम, हरियाणा में भारतीय निवेशकों के साथ व्यापार और वाणिज्यिक द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए देश की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और निवासियों के जीवन को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

इस योजना का नेतृत्व भारतीय आर्थिक व्यापार संगठन के तहत भारत एससीओ व्यापार परिषद के मानद व्यापार आयुक्त प्रमोद कुमार कर रहे हैं। इस दौरान राजदूत जॉ ऊ ने भारत के निकटवर्ती पड़ोस में संबंधों को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

भारतीय आर्थिक व्यापार संगठन के अध्यक्ष डॉ. आसिफ इकबाल ने आशा व्यक्त की कि पिछले साल किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ देश के व्यापार प्रतिनिधि के साथ भारत के प्रतिनिधिमंडल की बैठक से पारस्परिक लाभ के लिए और अधिक विकास के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने क्षेत्रीय व्यापार के लिए यूपीआई के उपयोग का विस्तार करने का सुझाव दिया। दुनिया के सातवें सबसे बड़े सेवा निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए डॉ. इकबाल ने टैरिफ बाधाओं के विरुद्ध इस क्षेत्र के लचीलेपन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम क्षेत्र में एडटेक एक बेहतरीन क्षेत्र है जहां आसान अवसर उपलब्ध हैं और एनसीआर दिल्ली टेलीमेडिसिन में अच्छा है।

### वकील की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर परिचितों से रुपए मांगे

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज द्वारा गुरुग्राम कोर्ट में कार्यरत एक अधिवक्ता की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उनके परिचितों से रुपए मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के हरिनगर निवासी रोहित यादव ने कहा कि वह गुरुग्राम अदालत में बतौर जूनियर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहा है। किसी ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फर्जी आईडी बना ली और उसके परिचितों से रुपए मांग रहा है। यहीं नहीं जालसाज ने आईडी में उसकी फोटो भी इस्तेमाल की है और उसकी छवि को खराब कर रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

### वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर महिला से 2.46 लाख रुपए ठगे

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में टेलीग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर महिला से करीब 2.46 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पटौदी के गांव छिल्लारकी निवासी अरुणा ने बताया कि 23 जुलाई 2025 को टेलीग्राम पर उसकी एक व्यक्ति से बातचीत हुई। जिसमें उस व्यक्ति ने खुद को किसी कंपनी से जुड़ा बताते हुए उसे वर्क फ्रॉम होम के लिए टास्क देने की बात कही। शुरुआत में भरोसा दिलाने के लिए कुछ छोटे-छोटे टास्क देकर उसकी पेमेंट कर दी गई। इसके बाद हर टास्क के लिए अलग-अलग धनराशि जमा करवाने को कहा गया।

### अलग-अलग भार वर्ग में युवराज और शुभम ने जीती कुश्ती



भास्कर न्यूज | फर्रुखनगर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोनियावास में खंड स्तरीय खेल महोत्सव के पांचवें दिन लड़के और लड़कियों के सभी आयु वर्ग के कुश्ती, योग, शतरंज, टेबल टैनिस, तीरंदाजी, साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, तैराकी और भारोत्तोलन के मुकाबले हुए। बॉयज कुश्ती में युवराज सिंह डीपीएस स्कूल पटौदी ने 55 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोनियावास के शुभम ने 72 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुडेडा 39 किलो भार वर्ग में, दिव्या डागर खेड़ा खुरमपुर 42 किलो भार वर्ग में, 54 किलो भार वर्ग में हर्षिता डीपीएस पटौदी और 62 किलो भार वर्ग में शिया राजकीय माध्यमिक विद्यालय फाजलपुर बादली प्रथम स्थान पर रहीं। 38 किलो भार वर्ग में नक्श, 44 किलो भार वर्ग में अर्जुन, 48 किलो भार वर्ग में पुनीता, 52 किलो भार वर्ग में यश, 92किलो भार वर्ग में नतिक यादव आदि प्रथम स्थान पर रहें।

### हथनगांव का सरपंच, ग्राम सचिव सस्पेंड, 2 पंच पदमुक्त

**नूंह** | बुधवार का दिन ग्राम पंचायतों व उनसे जुड़े कर्मचारियों के लिए भारी रहा। डीसी ने दो ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच व ग्राम सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की है। दो पंचों को उनके पद से मुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। डीसी विश्राम कुमार मीणा की ओर से जारी आदेशों में ग्राम पंचायत हथनगांव में गत चार महीनों के दौरान कार्यरत रहे ग्राम सचिवों व वर्तमान सरपंच माजिद खां को सस्पेंड कर दिया गया है।

### नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी करने का आरोपी को 20 वर्ष कैद

**गुरुग्राम** | बिलासपुर एरिया में नाबालिग का दुष्कर्म कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को एडीजे जैस्मिन शर्मा की अदालत ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के मुताबिक, 6 मई 2021 को बिलासपुर थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने 15 साल की किशोरी के किडनैप होने की शिकायत दी थी।

## मानव अधिकार आयोग ने नवजात का हाथ कटने को लिया स्वतः संज्ञान

भास्कर न्यूज | नूंह

डिलीवर के दौरान नवजात का हाथ कटकर धड़ से अलग होने के मामले को मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस घटना को गंभीर मानते हुए आयोग ने कहा, 'सुरक्षित प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल का अधिकार भारतीय संविधान के आर्टिकल 21 के तहत संरक्षित है।' आयोग ने इस घटना को प्रथम दृष्टि में 'घोर चिकित्सीय लापरवाही' माना और सिविल सर्जन को नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर घटना की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। जारी चार पेज के नोटिस में इस मुद्दे को बेहद गंभीर मानते हुए कहा है, 'प्रसव के दौरान नवजात शिशु का कथित तौर पर हाथ कटकर धड़ से अलग हो जाना प्रथम दृष्टया गंभीर चिकित्सा लापरवाही का मामला दर्शाता है। परिजनों का आरोप है कि कारण पूछने पर डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ ने न सिर्फ उनके साथ बदसुलूकी की, परिजनों को वार्ड से बाहर भी निकाल दिया।

### फेक अकाउंट बना पति व खुद को जान से मारने के मैसेज भेजने की आरोपी अरेस्ट

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस ने फेक इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर पति व खुद को जान से मारने के मैसेज भेजने की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पति से मनमुटाव के चलते एक लड़की के नाम से फेक आईडी बनाकर वारदात को अंजाम दिया। वहीं पुलिस को धमकी भरे मैसेज भेजने की शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपी महिला से मैसेज भेजने में यूज किया मोबाइल बरामद कर केस दर्ज कर लिया। दरअसल, साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस में सोहना की एक सोसाइटी में रहने वाली प्रिया मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें महिला ने कहा कि उसे व उसके पति को इंस्टाग्राम पर एक युवती द्वारा जान से मारने की धमकी के मैसेज भेजे जा रहे हैं।

## रोहित शौकीन मर्डर: दो बदमाशों ने दोनों हाथों से चलाई गोलियां, तीन गोलियां शव से निकली

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-77 में गत सोमवार की रात को एसपीआर रोड पर फाइनेंसर रोहित शौकीन के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सभी को चौका दिया है। शौकीन को दो बदमाशों ने एक-दो नहीं बल्कि 17 गोलियां मारी थी। हमलावरों ने शौकीन का मर्डर ठीक पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर की तर्ज पर किया। दोनों बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर शौकीन का शरीर छलनी कर दिया। यह बात शौकीन के शव का पोस्टमार्टम करने वाले बोर्ड के डॉक्टर दीपक माथुर ने कही। उन्होंने बताया कि शौकीन को गाड़ी के बाहर गोलियां मारी गई। वहीं पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया कि शौकीन पर करीब 40 से ज्यादा राउंड फायर किए गए, जिनमें से 14 गोलियां शरीर के आर पार हो गई जबकि तीन गोलियां शरीर के अंदर मिली। कई टीमों आरोपियों की तलाश में जुटी है। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### स्टॉक ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी, छह आरोपी अरेस्ट

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने साइबर ठगी मामले में बैंक खाता बेचने वाले छह आरोपियों को दिल्ली के महिपालपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा आ रुपए और कमीशन के लालच के लिए बार-बार बैंक खाता बेचा गया। इसके बाद बैंक खाते में ठगी के रुपए ट्रांसफर किए गए। दरअसल, साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट करके ठगी करने की शिकायत मिली थी।

**शहीदी पर्व के समागम में नाच-गाना • मंत्री बैंस को दी अनूठी धार्मिक सजा**

# श्री अकाल तख्त साहिब का मंत्री बैंस को आदेशः गुरुद्वारों के रास्तों की मरम्मत करवाएं

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस को सिख मर्यादा का उल्लंघन पर तनखाहिया घोषित करने के बाद बुधवार को गुरुद्वारा साहिबानों के रास्तों की मरम्मत-सफाई और नंगे पांव माथा टेकने की धार्मिक सजा लगाई है। ऐसा पहली बार है, जब किसी मंत्री को गुरुद्वारा साहिबानों के रास्तों की मरम्मत की सजा लगाई गई हो। क्योंकि सजा मंत्री को लगाई गई है और मर्यादा का उल्लंघन सरकारी समारोह में हुआ है, इसलिए मरम्मत का खर्च पंजाब सरकार का उठाना होगा। सजा लगाने के तुरंत बार बैंस ने गुरुद्वारा गुरु का महल, गुरुद्वारा कोठा साहिब और गुरुद्वारा बाबा बकाला साहिब में नंगे पांव जाकर रास्तों की सफाई की और माथा टेका। वहीं, जत्थेदार गड़गज्ज ने कहा कि भविष्य में सरकारें यदि किसी सिख गुरु से जुड़ा समारोह करती है तो पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी से सलाह लें। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक आयोजन करना सिख संस्थाओं का काम है और पंथ इसमें पूरी तरह सक्षम है।


जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज श्री अकाल तख्त की फसील से मंत्री हरजोत बैंस को धामिक सजा सुनाते हुए।

**जत्थेदार के प्रश्नों में कबूलनामे से सजा तय...** श्री अकाल तख्त की धार्मिक अदालत में खड़े होकर जत्थेदार ने बैंस से चार सीधे प्रश्न पूछे—क्या वे मौके पर मौजूद थे, क्या उन्होंने नाच-गाना रोकने की कोशिश की, क्या वे माफी मांगते हैं और क्या वे कोई भी सजा स्वीकार करेंगे? चारों सवालों के जवाब "हां" में देने के बाद ही सजा का ऐलान किया गया।

**ये सजा सुनाई...** बैंस को गुरु तेग बहादुर जी के जन्मस्थान गुरु का महल व श्री दरबार साहिब से 100 मीटर की दूरी पर स्थित गुरुद्वारा गुरु के महल, अमृतसर के वल्ला कस्बा स्थित गुरुद्वारा कोठा साहिब व कस्बा बाबा बकाला के गुरुद्वारा बाबा बकाला साहिब के रास्तों की मरम्मत करवाना, नंगे पांव सफाई करते हुए माथा टेकना सजा में शामिल है। गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब व श्री आनंदपुर साहिब में दो-दो दिन संगत के जोड़े साफ करने के बाद गुरुद्वारा साहिब में दोनों जगह 11-11 सौ रुपए की कड़ाह प्रसाद की देग करवा गुनाहों की भूल बख्शने की अरदास करने की हिदायत दी गई है।

### सजा पाने वालों में महाराजा रणजीत से लेकर सुखबीर बादल तक शामिल

- 1984 में ऑपरेशन ब्लू स्टार के समय गृह मंत्री रहे बूटा सिंह को भी अकाल तख्त ने सजा सुनाई थी।
- 2007 से 2017 तक सुखबीर बादल समेत एक दर्जन पूर्व मंत्री भी तनखाहिया हुए थे।
- शिअद प्रधान सुखबीर बादल को 30 अगस्त 2024 को तनखाहिया घोषित किया गया था।
- बिक्रम मजीठिया को भी 2014 में गुरु गोबिंद सिंह जी की रचना गलत ढंग में पढ़ने पर सजा लगी थी।

## एचपीटीडीसी ऑफिस बदलने की अधिसूचना को रद्द करने की मांग

**शिमला** | प्रदेश हाईकोर्ट में हिमाचल पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (एचपीटीडीसी) के कॉर्पोरेट कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने की अधिसूचना को रद्द करने की मांग को लेकर एक और याचिका दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने प्रार्थी की मांग को स्वीकारते हुए सुनवाई 15 सितंबर को निर्धारित करने के आदेश जारी किए। प्रार्थी का कहना है कि वह एचपीटीडीसी का एक सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं और पंजीकृत कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रहा है। प्रार्थी का कहना है कि वह एचपीटीडीसी मुख्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित होने से पीड़ित व्यक्तियों के पक्ष में अपना पक्ष रखना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि इसी मुद्दे को लेकर एक अन्य जनहित याचिका में हाईकोर्ट ने मुख्यालय धर्मशाला शिफ्ट करने के आदेश पर स्थगन आदेश पारित करने से मना कर किया था। अभी तक यह कार्यालय शिमला के रिट्ज़ एनेक्सी भवन में स्थित था। अब इसे धर्मशाला के कांगड़ा जिले में होटल कश्मीर हाउस की बिल्डिंग में अस्थाई तौर पर शिफ्ट किया जाएगा।






## रक्षाबंधन पर महिलाओं को रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

रक्षाबंधन के दिन हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं और बच्चों (15 वर्ष तक की आयु) के लिए निशुल्क यात्रा रहेगी। यह सुविधा 8 अगस्त दोपहर 12 बजे से 9 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के दिन सभी आयु वर्ग की महिलाओं और उनके साथ बच्चों (15 वर्ष तक की आयु) को राज्य सहित चंडीगढ़ और दिल्ली तक चलने वाली हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने का निर्णय लिया है। हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं और बच्चों के लिए निशुल्क यात्रा की सुविधा रहेगी।

**पुलिस व जांच अधिकारी बन लोगों को ठगने का मामला**

## साइबर धोखाधड़ी में गुरुग्राम समेत 11 जगह ईडी के छापे

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी मामले में बुधवार को दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, देहरादून समेत 11 जगह छापेमारी की। यह कार्रवाई केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। जांच में सामने आया है कि ठगों ने भारतीय व विदेशी नागरिकों को ठगने के लिए पुलिस व जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर संपर्क किया था। उन्होंने इन व्यक्तियों को धमकी देकर बड़ी रकम ऐंठी। लोगों को ठगने के लिए तकनीकी सहायता टीमों के सदस्य बनकर भी ठगी को अंजाम दिया था।

### आरोपियों ने ठगी की राशि को क्रिप्टोकरेंसी में कन्वर्ट किया

जांच से पता चला कि आरोपियों ने ठगी की राशि को क्रिप्टोकरेंसी में कन्वर्ट किया और फिर अपने खातों में ट्रांसफर किया। आरोपियों ने विभिन्न क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में बिटकॉइन के रूप में करीब 260 करोड़ रुपए जमा किए थे। बाद में बिटकॉइन को यूएसडीटी (क्रिप्टो टोकन) और इसके बाद नकदी में कनवर्ट किया गया। यह पूरा लेन-देन यूएई स्थित हवाला ऑपरेटर्स व अन्य माध्यमों से किया गया। अब ईडी इस मामले की जांच कर रही है। कानूनी कार्रवाई के लिए ठगी में शामिल आरोपियों की पहचान की जाएगी।

## अमेरिका में जींद के युवक की झील में डूबने से मौत

भास्कर न्यूज़ | उचाना (जींद)


संदीप बूरा

जींद के घोघड़िया निवासी संदीप बूरा (37) की अमेरिका में झील में डूबने से मौत हो गई। संदीप दोस्तों के साथ नहाने गया था। छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि संदीप करीब तीन साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। वह फ्रेसनो शहर में रह रहा था। 4 अगस्त की शाम किंग रीवर झील में नहाते समय संदीप लहरों में फंसकर डूब गया। फायर फाइटर्स ने संदीप को बाहर निकालकर सीपीआर दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संदीप के दो बच्चे हैं। उसे करीब 60 लाख रुपए खर्च कर अमेरिका भेजा था।






## एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होंगी एक हजार नई बसें, 100 मिनी बसें भी आएंगी

**डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री बोले, परिवहन सेवाओं का हो रहा आधुनिकीकरण**



**शिमला** | हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के बेड़े में जल्द ही एक हजार नई बसें शामिल होंगी। डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि 24 नई वोल्वो बसें एचआरटीसी बेड़े में शामिल हो चुकी हैं।

इसके अतिरिक्त 327 इलेक्ट्रिक बसें (297 टाईप-1 व 30 टाईप-3), 250 डीजल बसें और 100 मिनी बसों की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। 297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए आपूर्ति आदेश कर दिए गए हैं।

### एचआरटीसी घाटे वाले रूटों पर भी दे रही सेवाएं

डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि एचआरटीसी घाटे वाले रूटों पर भी जनता की सुविधा के दृष्टिगत परिवहन सेवा प्रदान कर सामाजिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। प्रदेश, निगम को हर संभव सहायता व सहयोग प्रदान कर रही है। निगम को एक स्वतंत्र, सशक्त और आत्मनिर्भर उपक्रम के रूप में विकसित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर बल देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए लगभग 110 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इलेक्ट्रिक बसों की खरीद में प्रदेश सरकार की सीधी भागीदारी है, जबकि डीजल बसों की खरीद एचआरटीसी अपने संसाधनों से कर रही है।

## प्रेमी से मिल 50 हजार देकर कराई थी हिस्ट्रीशीटर पति की हत्या

भास्कर न्यूज़ | गन्नौर


प्रीतम प्रकाश

अगवानपुर गांव के पास नाले में 10 जुलाई 2024 को मिली अज्ञात लाश के मामले में पुलिस ने एक साल बाद हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मृतक की पत्नी सोनिया और उसके प्रेमी रोहित को गिरफ्तार किया है। दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों को रिमांड पर भेजा है। तीसरा आरोपी विजय अभी फरार है। पुलिस का कहना है कि हत्या प्रेम-प्रसंग और पीड़ित के आपराधिक व्यवहार के कारण की गई। मृतक प्रीतम प्रकाश (42) दिल्ली के अलीपुर का हिस्ट्रीशीटर था। उस पर दर्जनभर केस दर्ज थे।

अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। सोनिया ने नाबालिग (16 वर्ष) उम्र में घर से भागकर प्रीतम से शादी की थी। तीन बच्चों की मां सोनिया का कुछ समय बाद सोशल मीडिया के जरिए सोनीपत के जाजी गांव निवासी रोहित से प्रेम संबंध बन गया और इसी दौरान हत्या की साजिश तैयार की गई। हत्या के 15 दिन बाद सोनिया ने अलीपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### मोबाइल लोकेशन से पकड़े गए

थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि जांच के दौरान मृतक प्रीतम का मोबाइल ट्रैक हुआ जो सोनीपत के जाजी गांव में एक्टिव था। वहां दबिश में प्रीतम की जगह रोहित मिला जिसके पास वही मोबाइल था। पूछताछ में रोहित टूट गया और बताया कि वह सोनिया का प्रेमी है और मोबाइल उसने हत्या के बाद तोड़ने के लिए लिया था। इसके बाद सोनिया को भी गिरफ्तार किया गया। कि पूछताछ में रोहित ने बताया कि वह सोनिया के साथ रिश्ते में था। दोनों ने मिलकर प्रीतम की हत्या की योजना बनाई थी। सोनिया ने विजय को हत्या के लिए पैसे दिए थे।




**भास्कर एक्सक्लूसिव** पटना जंक्शन के पास बुद्ध स्मृति पार्क का एक हिस्सा बारिश में हुआ बेहाल, यहीं बुद्ध की अस्थियां रखीं हैं

# 15 वर्षों में ही स्तूप के गुंबद से टपकने लगा पानी, दीवारों पर लगी दीमक

राकेश रंजन | पटना

पटना जंक्शन के पास स्थित बुद्ध स्मृति पार्क के मध्य में बने पाटलिपुत्र करुणा स्तूप के गुंबद से बारिश के दौरान पानी टपक रहा है। इसे बने मात्र 15 साल हुए हैं। यह स्तूप 200 फीट ऊंचा है। यहां की दीवारों पर दीमक भी लग गए हैं। ठीक से मेंटेनेंस नहीं होने के कारण दीमक तेजी से दीवारों पर फैल रहा है। जब तेज बारिश होती है, तो गुंबद से इतना ज्यादा पानी टपकता है कि इसे छानने के लिए जहां-तहां बाल्टी लगानी पड़ती हैं। इसके अलावा बारिश के बाद कैंपस में पानी जमा हो जाता है। स्तूप के बेसमेंट में भी पानी भर जाता है। इसके निर्माण पर 125 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। यह 22 एकड़ में बना है, जिसमें मेडिटेशन सेंटर, म्यूजियम, पुराने जेल की सुरक्षित दीवार आदि मौजूद हैं। यहां बुद्ध का अस्थि कलश रखा है, जिसके दर्शन के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं।

▸ बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हाल में मेंटेनेंस कराया गया था। अगर बारिश में पानी चूने की समस्या है तो तुरंत संज्ञान लेकर इसे ठीक कराया जाएगा। -अनिमेष पराशर, एमडी, बुडको

पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में जगह-जगह रिस रही छत



### दलाई लामा ने 2010 में किया था उद्घाटन

बुद्ध स्मृति पार्क का उद्घाटन तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा ने 27 मई 2010 को किया था। पार्क के मध्य में पाटलिपुत्र करुणा स्तूप बना है, जिसमें विभिन्न बौद्ध देशों से लाए गए भगवान बुद्ध के अस्थि कलश रखे गए हैं। यहां बोधगया और श्रीलंका के अनुराधापुरा से लाए गए पीपल के दो पौधे भी लगाए गए हैं। पीपल के कई पेड़ ऐसे हैं, जो 100 साल से अधिक पुराने हैं।

### खाते में अचानक आए 50 लाख, 25 लाख मांगने वाले पुलिसकर्मी सस्पेंड

शाहजहांपुर | एक व्यक्ति के बैंक खाते में अचानक 50 लाख रुपए आने के बाद दो पुलिसकर्मियों द्वारा रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। अल्हागंज थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले निवासी मोनू राठौर के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में एक अज्ञात व्यक्ति ने 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके कुछ ही समय बाद यह राशि पांच अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी गई। जब मामले की जानकारी थाने पहुंची, तो सिपाही धर्मेंद्र और जावेद अली ने पीड़ित से 25 लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने उसे कार्रवाई का डर दिखाया और पैसे न देने पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** बीपीएससी से भर्ती, 3333 प्रशासनिक अफसर भी

# 2025 में 1.15 लाख पदों पर भर्ती होगी... इसमें एक लाख शिक्षक

आलोक द्विवेदी | पटना

बीपीएससी की ओर से 2025 में 1.15 लाख से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 1 लाख शिक्षक और 15288 दूसरे अन्य पदों पर भर्ती होगी। 15288 में 3333 प्रशासनिक अधिकारियों की भर्ती होगी। ये प्रशासनिक अधिकारी 70वीं और 71वीं भर्ती के माध्यम से होंगी। इसके साथ ही 11955 पदों पर सांख्यिकी अधिकारी, मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट अर्बन प्लानर एंड रजिस्ट्रेशन ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी होंगे। 15288 पदों के लिए लगभग 15 लाख अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा है। बीपीएससी के अधिकारियों का कहना है कि भर्ती होने वाले सभी पदों की संख्या जुलाई तक है। बचे 5 महीने में विभिन्न विभागों से भर्ती की संख्या बढ़ेगी।

70वीं और 71वीं बीपीएससी के माध्यम से 3333 अधिकारियों की भर्ती होगी। इसमें 300 सीनियर डिप्टी कलेक्टर, 140 डीएसपी, 332 राजस्व अधिकारी अधिकारियों की भर्ती की जाएगी। सबसे अधिक 70वीं बीपीएससी द्वारा 2035 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 200 पदों पर सीनियर डिप्टी कलेक्टर व सर्किल ऑफिसर की भर्ती होगी। जबकि 100 डीएसपी और 287 राजस्व अधिकारी की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही 168 राज्य कर आयुक्त, 393 ग्रामीण विकास पदाधिकारी, 233 आपूर्ति निरीक्षक, 125 प्रखंड अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदों पर भर्ती होगी। जबकि 71वीं बीपीएससी के माध्यम से 1298 पदों पर भर्ती होगी। इसमें 100 सीनियर डिप्टी कलेक्टर, 14 डीएसपी, 45 राजस्व पदाधिकारी, 502 प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी की भर्ती होगी।

### टीआरई-4 के लिए नोटिफिकेशन जल्द

सीएम नीतीश कुमार द्वारा शिक्षा विभाग से टीआरई 4 के भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को विषय, कक्षा के मुताबिक रिक्तियों को भेजने को कहा है। सितंबर के प्रथम सप्ताह तक रिक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो जाएगी। जिसपर भर्ती के लिए बीपीएससी को भेजा जाएगा। बीपीएससी की ओर से भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन लिए जाएगा। शिक्षा विभाग के मुताबिक बीपीएससी टीआरई 4 के माध्यम से 1 लाख पदों पर भर्ती होने का अनुमान है। यह बहाली इसी साल के अंत तक हो जाएगी।

### 2024-25 में बीपीएससी के माध्यम से 1.11 लाख पदों पर हुई थी भर्ती

- बीपीएससी ने 2024-25 में 2 दर्जन से अधिक परीक्षा करवाई है। इसमें प्रारंभिक, लिखित, साक्षात्कार के बाद 111791 लाख से अधिक लोगों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की गई। नियुक्ति के लिए बीपीएससी ने राज्य सरकार को अनुशंसा भेजी है।
- 9.79 लाख लोगों ने विभिन्न परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था। लेकिन लगभग 7.84 लाख ही परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 69वीं बीपीएससी परीक्षा के माध्यम से 470 पदों पर भर्ती की गई थी। बाद में और भी बहाली की गई थी।
- इसके साथ 151 पदों पर असैनिक न्यायाधीश (जूनियर), 101 सहायक वास्तुविद, 36947 प्रधान शिक्षक, 5974 प्रधानाध्यापक, 67110 शिक्षक, 1038 पदों पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं अन्य समकक्ष के साथ ही अन्य पदों पर भर्ती की गई है।

### विभागों से मिली रिक्तियों को भरने का काम जारी

▸ बीपीएससी द्वारा विभिन्न विभागों में भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। 70वीं की मुख्य परीक्षा हो चुकी है और 71वीं प्री परीक्षा के लिए आवेदन प्राप्त हो गया है। 23 जुलाई तक रिक्त 15288 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के लिए काम तेजी से हो रहा है। शिक्षकों की भर्ती के लिए शिक्षा विभाग से रिक्तियों का इंतजार है। मिलते ही काम किया जाएगा। -सत्य प्रकाश शर्मा, सचिव, बीपीएससी

### 6 अगस्त से 10 सितंबर तक शिक्षकों का म्यूचुअल ट्रांसफर होगा

पटना | सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए एक बार म्यूचुअल ट्रांसफर पोर्टल खोला जाएगा। इसके माध्यम से शिक्षक 6 अगस्त से 10 सितंबर तक म्यूचुअल ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे सरकारी स्कूलों में कार्यरत 70 हजार शिक्षकों को फायदा होगा। इससे पहले 10 से 31 जुलाई तक म्यूचुअल ट्रांसफर हुआ था। इसके माध्यम से 17242 शिक्षकों का म्यूचुअल ट्रांसफर किया गया था। इस दौरान हजारों शिक्षकों को ट्रांसफर के लिए संबंधित वर्ग नहीं मिले। इसकी वजह से निर्धारित तिथि तक लगभग 70 हजार शिक्षकों का ट्रांसफर नहीं हो सका। इसकी शिकायत शिक्षकों ने संबंधित अधिकारियों से की। इसको ध्यान में रख करके 6 अगस्त से 10 सितंबर तक म्यूचुअल ट्रांसफर पोर्टल खोला गया है।

**विकास कार्य** • बरेली में 2264 करोड़ की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

# नकल सपा के जीवन का हिस्सा था, नकल कराकर युवाओं को खोखला किया : योगी

भास्कर न्यूज | मुरादाबाद/बरेली

जब कल्याण सिंह की सरकार में स्कूलों में ग से गणेश पढ़ाया गया तो सपा ने विरोध किया। उस समय सपा ने कहा था- ग से गणेश नहीं गधा होता है। सपा ने गणपति की अवमानना की, इसलिए उनके नेताओं की बुद्धि भी गधे जैसी हो गई। सपा ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह तहस-नहस किया। ये पीडीए का रोना रोते हैं।

आज इन्हें पीडीए की चिंता सता रही, लेकिन पीडीए की पाठशाला में क्या पढ़ाया जा रहा? सीएम योगी ने बुधवार को मुरादाबाद के पीपली गांव में जनसभा के दौरान ये बातें कहीं। सीएम ने यहां अटल आवासीय स्कूल का उद्घाटन किया। कहा- सपा को शिक्षा का मॉडल देखना है, तो इस स्कूल को देखें। नकल कराना सपा के जीवन का हिस्सा था। उन्होंने नकल करा-कराकर युवाओं को खोखला कर दिया।

कांवड़ यात्रा में माहौल खराब करने की कोशिश हुई



सीएम योगी ने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बालिकाओं से यहां दी जा रही सुविधाओं को लेकर पूछा। कुछ बच्चियों को उन्होंने ऑटोग्राफ भी दिए। उन्होंने सभी बच्चों को अपने हाथों से चॉकलेट भी बांटी। आखिर में बच्चों के साथ सेल्फी भी ली। इससे पहले, सीएम ने बरेली में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने सपा पर हमला बोलते हुए कहा- जो आयोजन समग्र समाज की एकता के माध्यम बनेंगे, समाज विरोधी तत्व उसके बारे में दुष्प्रचार करेंगे, साजिशें-षड्यंत्र रचेंगे। ऐसे तत्वों को बीच में भेजकर पूरे माहौल को खराब करने का प्रयास करेंगे। समाज को जागरूकता और पुलिस की तत्परता के कारण ये तत्व बेनकाब होते हैं। पहले सरकारी नौकरियों में डकैती डाली जाती थी। पहले चाचा, बबुआ, भतीजा अलग-अलग निकलते थे। 2017 से पहले दंगाई खुलेआम गुंडागर्दी करते थे। 2017 के बाद यही पुलिस अब उन माफियाओं के लिए काल बन गई है। सीएम यहां 2264 करोड़ की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी बांटे।

### सीएम को घेरने पहुंचे कांग्रेस नेता हिरासत में; बेरोजगारी, बंद स्कूलों के खिलाफ प्रदर्शन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की। उनका कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से जनहित के मुद्दे - जैसे बेरोजगारी, बिजली संकट और स्कूलों को बंद किए जाने जैसी समस्याओं को सीएम के सामने रखना चाहते थे। लेकिन प्रशासन ने इससे पहले ही सख्ती बरतते हुए सभी नेताओं को रास्ते से ही हिरासत में ले लिया। विरोध की योजना पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के नेतृत्व में बनाई गई थी। पुलिस ने सभी को कैंट थाना ले जाकर हिरासत में रखा। इस दौरान नेताओं ने प्रशासन पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया।

## अब 21 पुलिसकर्मियों को दिया जाएगा झारखंड राज्यपाल पदक व 60 को झारखंड पुलिस पदक

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

झारखंड राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) को हर वर्ष राज्य के पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को उनकी विशिष्ट, सराहनीय सेवा और वीरता के लिए सम्मानित किया जाता है। इसके तहत झारखंड राज्यपाल पदक, झारखंड पुलिस पदक और झारखंड मुख्यमंत्री पदक प्रदान किए जाते हैं। 2001 से यह सम्मान दिया जा रहा है। अब राज्य सरकार ने इस दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए पदकों की संख्या में वृद्धि की है और वर्गीकरण के आधार पर इसमें संशोधन किया है। पहले झारखंड राज्यपाल पदक की संख्या 10 थी, जिसे बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। अब यह पदक 3 आईपीएस, 4 राज्य पुलिस सेवा, 6 निरीक्षक स्तर और 8 सिपाही/हवलदार को दिया जाएगा। वहीं, झारखंड पुलिस पदक की संख्या 31 से बढ़ाकर 60 कर दी गई है। इसमें 6 पदक आईपीएस, 8 राज्य पुलिस सेवा, 20 निरीक्षक स्तर और 26 सिपाही/हवलदार को दिए जाएंगे। इस संशोधन से आरक्षी से लेकर महानिदेशक स्तर तक के कर्मियों को सेवा के अनुरूप सम्मान दिया जाएगा।

### संभल हिंसा के आरोपी जफर अली समेत 50-60 पर केस

संभल | संभल हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता जफर अली ने जमानत पर छूटने के बाद रोड शो किया था। इस पर पुलिस ने बिना अनुमति रोड शो निकालने पर पुलिस ने जफर अली, बड़े बेटे हैदर, बड़े भाई ताहिर और एडवोकेट सरफराज समेत 4 नामजद और 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने धार्मिक नारेबाजी करने और धारा-163 के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

झारखंड में पीएचडी के नियम बदले, अब यूजीसी-नेट से ही होगा एडमिशन

## रांची यूनिवर्सिटी में पीएचडी इंट्रेंस पर रोक, 2374 अभ्यर्थियों की ₹47.5 लाख जमा फीस भी अटकी...

रांची | झारखंड के विश्वविद्यालयों में पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार ने यह निर्णय हाल ही में कुलपतियों की बैठक के बाद लिया। इस आदेश से रांची विश्वविद्यालय में आवेदन कर चुके 2374 छात्र अनिश्चितता की स्थिति में हैं। छात्रों ने सात महीने पहले प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन दिया था। प्रत्येक ने 2000 का शुल्क भी जमा किया था। परीक्षा रद्द होने से कुल 47.48 लाख की राशि विवि के पास जमा है। लेकिन शुल्क वापसी को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से 22 विषयों में 463 सीटों पर पीएचडी में नामांकन होना था, लेकिन फिलहाल इस प्रक्रिया पर पूर्ण विराम लग गया है। छात्रों का कहना है कि समय पर परीक्षा आयोजित कर ली जाती, तो यह स्थिति नहीं आती।

**जेपीएससी की भूमिका भी सवालों में...**

सरकार ने पहले जेपीएससी को झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। पिछले साल मई-जून 2024 में परीक्षा आयोजित करने की घोषणा भी हुई थी। लेकिन इसके बाद जेपीएससी ने कोई अपडेट नहीं दिया, जिससे छात्रों में और निराशा बढ़ गई है।

**अब ऐसे मिलेगा पीएचडी में दाखिला..**

राज्य के विश्वविद्यालयों में अब पीएचडी में दाखिला यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के माध्यम से ही लिया जाएगा। यूजीसी की तीन कैटेगरी जेआरएफ, नेट और पीएचडी एंट्रेंस टेस्ट में से किसी एक में सफल अभ्यर्थी को ही प्रवेश मिल पाएगा।

### पति गंगा नहाने गया पत्नी पड़ोसी संग भागी, कैश-जेवर गायब

कानपुर | पत्नी अपने 5 साल के बच्चे को लेकर पड़ोसी संग भाग गई। पति गंगा नहाने गया था। जब घर लौटा तो अलमारी खुली थी, जेवर और कैश गायब था। उसने घर और आस-पड़ोस में ढूंढा, लेकिन पत्नी और बच्चे का कहीं पता नहीं चला। उसे लोगों ने बताया कि पड़ोस का युवक उसे ले गया है। पति का कहना है कि वो ऐसा करेगी, मैंने कभी सोचा नहीं था। अब उसे लोक-लाज का ख्याल नहीं रहा। वो मेरे साथ कुछ भी कर सकती है। मेरी जान को भी खतरा है। घटना सोमवार दोपहर की है। पति ने मंगलवार को पुलिस को शिकायत दी है।

**सीतामढ़ी :** 8 अगस्त को गृहमंत्री और सीएम करेंगे शिलान्यास, निर्माण के लिए 882 करोड़ स्वीकृत

## अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट छोटा होगा पुनौराधाम जानकी मंदिर, वास्तुकार चंद्रकांत की देखरेख में अगस्त 2028 तक तैयार हो जाएगा

भास्कर न्यूज | पटना

8 अगस्त की तारीख बिहारवासियों के लिए बेहद खास होने वाली है। इस दिन सीतामढ़ी के पुनौराधाम में माता जानकी मंदिर का शिलान्यास होगा। इससे पहले 7 अगस्त गुरुवार की शाम घर-घर दीप जलाए जाएंगे। राज्य में दीपोत्सव मनेगा। 882 करोड़ की लागत से मंदिर अगस्त 2028 तक तैयार होगा। अयोध्या में राम मंदिर के वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा और उनके परिवार की देखरेख में ही पुनौराधाम में जानकी मंदिर का निर्माण होगा। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण चंद्रकांत सोमपुरा और उनके बेटे निखिल सोमपुरा और आशीष सोमपुरा ने किया है। जानकी मंदिर की ऊंचाई अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम होगी। 8 अगस्त को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भूमि पूजन करेंगे।

शिलान्यास की पूर्व संध्या पर दीपों से जगमगाएगा बिहार



बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि 8 अगस्त का यह दिन न केवल मिथिला या बिहार के लिए, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए, आस्था, संस्कृति और गौरव का महापर्व सिद्ध होगा। शिलान्यास समारोह का सीधा प्रसारण राज्य के प्रमुख मंदिरों, सामुदायिक स्थलों और पंडालों में किया जाएगा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद, ढोल नगाड़ों की गूंज के बीच उल्लास के माहौल में मठ-मंदिरों में माता सीता का आवाहन होगा। राज्य के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को शिलान्यास के पूर्व संध्या पर असंख्य दीपों से जगमगाएगा बिहार। घर-घर दीप जलेंगे, दिवाली मनेगी। दीप जलाकर माता सीता का स्वागत किया जाएगा। जानकी मंदिर राज्य की धार्मिक संस्कृति, आस्था और गौरव का प्रतीक बनेगा।

**भास्कर खास** • बच्चों को चार साल बाहर पढ़ने भेजा तो आरक्षित सीटों पर आवेदन नहीं कर पाएंगे

# लाखों प्रवासियों के बच्चे टीआरई-4 में बिहारी पहचान की प्राथमिकता के दायरे से होंगे बाहर

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

टीआरई-4 में बिहारियों के लिए सीटें आरक्षित करने के नाम पर बिहार से मैट्रिक, इंटर पास करने की शर्त रख देने से उन लाखों प्रवासियों को झटका लगा है, जो जीवनयापन के लिए दूसरे प्रदेशों में जाकर काम कर रहे हैं। जाहिर है कि इनके बच्चे भी साथ रह रहे हैं और अधिकतर ने दूसरे राज्यों से ही 10वीं-12वीं की पढ़ाई की है। इनका सबकुछ बिहार में होते हुए भी, यहां तक कि वोटर भी बिहार के होने के बावजूद बिहारियों के लिए, आरक्षित 10.40 फीसदी सीटों पर ऐसे प्रवासियों के बच्चे आवेदन नहीं कर पाएंगे।

बिहार में ऐसे लोगों की संख्या भी लाखों में है, जो पीढ़ियों से बिहार में रह रहे हैं। अब भी यहीं जीवनयापन कर रहे हैं। लेकिन अपने बच्चों को 9वीं-12वीं तक की बेहतर पढ़ाई के लिए किसी रिश्तेदार के पास या किसी अच्छे संस्थान में पढ़ने के लिए दूसरे राज्यों में भेजा है। उनके बच्चे ने लौटकर स्नातक की पढ़ाई बिहार में ही की। इसके बावजूद वह टीआरई-4 में बिहारियों के लिए जेनरल कोटे में रिजर्व की गई सीटों पर आवेदन करने के लायक नहीं रहेगा।

### मुकम्मल बिहारी पहचान तय किए बिना उपाय नहीं



गैर बिहारियों को प्रदेश की सरकारी नौकरियों में रोकने के लिए मुकम्मल बिहारी पहचान तय किए बिना कोई उपाय नहीं है। क्योंकि, जब तक बिहारी होने की कानूनी परिभाषा तय नहीं होगी, तब तक बिहार की सरकारी नौकरियों में दूसरे राज्यों के लोगों की बाढ़ रोकने के नाम पर नियमों में थोड़ा-बहुत संशोधन करने से काम नहीं चलने वाला है। देश के अधिकतर राज्यों में डोमिसाइल के अंतिम रिकॉर्ड्स ऑफ राइट को मूल आधार बनाया गया है। यानी जिनके पूर्वजों के नाम अंतिम सर्वे या सर्वे से पहले के जमीन दस्तावेजों में शामिल हैं, उन्हें उस राज्य का डोमिसाइल माना जाता है। इसके लिए बिहार में डोमिसाइल नीति की घोषणा जरूरी है।

### 1982 में तय हुई थी लोकल वर्कर की परिभाषा

बिहार के लोगों को स्थानीय नौकरियों में प्राथमिकता देने का सवाल झारखंड के अलग होने से पहले ही सुलगने लगा था। बोकारो, धनबाद आदि में सरकारी कंपनियों की नियुक्तियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग जोर पकड़ रही थी। केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के प्रबंधन ने बिहार सरकार से लोकल वर्कर की परिभाषा तय करने की मांग की। इसकी परिभाषा तय करने के लिए 28 अप्रैल 1981 को तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। सालभर तक विमर्श हुआ। बाद में सर्वसम्मति से हुए फैसले के आधार पर तीन मार्च 1982 को श्रम विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव मुख्तयार सिंह के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी की गई। इसमें कहा गया कि स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा जिले के आधार पर तय होगी। किसी खास जिले में ऐसे व्यक्ति को स्थानीय माना जाएगा, जिनके पूर्वजों के नाम अंतिम सर्वेक्षण से जुड़े उस जिले के रिकार्ड्स ऑफ राइट्स में दर्ज हैं।

### स्वामी प्रसाद पर करणी सेना का हमला, युवक ने माला पहनाई, फिर थप्पड़ मारा

भास्कर न्यूज | रायबरेली

स्वामी प्रसाद मौर्य पर करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने हमला कर दिया। रोहित द्विवेदी नाम के युवक ने पहले स्वामी प्रसाद को माला पहनाई, फिर सिर पर पीछे से हाथ मारकर भागने लगा। स्वामी प्रसाद अचानक चीखे, तो कार्यकर्ता अलर्ट हो गए। उन्होंने मौके से भाग रहे युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसे गिराकर बुरी तरह पीटा। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने बमुश्किल भीड़ से उसे बचाया। स्वामी प्रसाद के समर्थकों ने युवक को इतना पीटा कि वह खून से लथपथ हो गया। हमले की वजह पूछने पर उसने कहा- मैं करणी सेना से जुड़ा हूं। स्वामी प्रसाद ने ब्राह्मण जाति को कई बार गाली दी। सनातन धर्म के खिलाफ बोलते हैं। भगवान राम के खिलाफ बोलते हैं, इसलिए हमला किया। स्वामी प्रसाद फतेहपुर जा रहे थे। रास्ते में रायबरेली में रुके थे। तभी उन पर हमला हुआ। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के सारस चौराहे की है।

## प्रयागराज में घाट से बिके 30 करोड़ रुपए के कांवड़

सावन में कारोबार बढ़ा, अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा

भास्कर न्यूज | प्रयागराज

सावन के पावन महीने में शिवभक्ति अपने चरम पर रही। प्रयागराज में आस्था ने अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा दी। दशाश्वमेध घाट समेत प्रमुख गंगा घाटों पर कांवड़ यात्रा से जुड़े सामान की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बना दिया। अकेले एक घाट से करीब 30 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। जो यह बताने के लिए काफी है कि आस्था का यह उत्सव अब स्थानीय व्यापार का बड़ा इंजन बन चुका है। हर साल की तरह इस बार भी उत्तर भारत के कोने-कोने से शिवभक्त प्रयागराज पहुंचे। जल भरने वाले डिब्बे, कांवड़ की रस्सियां, भगवा वस्त्र, डिजाइनर झंडे, टी-शर्ट, बनियान, गमछा, और यहां तक कि एलईडी लाइट से सजे जल पात्रों तक की जबरदस्त मांग रही।

स्थानीय दुकानदार 'सिम्पी' बताते हैं, 'हमने पहले सोमवार से

**स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़:** इस अस्थायी मगर जीवंत आस्था बाजार से सिर्फ स्थायी दुकानदार नहीं, बल्कि छोटे स्टॉल वाले, थोक व्यापारी और पूजा सामग्री निर्माता भी मुनाफा पा रहे हैं। इस साल की कांवड़ यात्रा ने साफ कर दिया कि आस्था केवल विश्वास नहीं, स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। सावन के इस महीने में हजारों परिवारों की आजीविका इन्हीं घाटों से होकर गुजरती है।

दुकान लगाई है, गुड़िया मेले तक यहां रहेंगे। डेढ़-दो सौ रुपए में पूरा सेट मिल जाता है। दिन भर में दो से ढाई हजार रुपए की बिक्री हो जाती है।

बनारस से आए श्रद्धालु विकास गुप्ता बताते हैं, तीन दिन की यात्रा में 1500 रुपए से ज्यादा खर्च नहीं होता। बाबा सब समझते हैं, मनौती मांगे बिना भी कृपा करते हैं।

**मध्य प्रदेश विधानसभा** में उठा स्वीकृति से अधिक खनन का मामला, खनिज विभाग की टीम ने जांच में पाई थी गड़बड़ी

# सीएम की ओर से सदन में जवाब- भाजपा विधायक संजय पाठक से जुड़ी तीन माइनिंग कंपनियों से होगी 443 करोड़ की रिकवरी

भास्कर न्यूज़ | भोपाल



भाजपा विधायक संजय पाठक से जुड़ी तीन खनन कंपनियों द्वारा स्वीकृति से अधिक खनन करने पर सरकार 443 करोड़ से अधिक की वसूली निकालने जा रही है। जीएसटी के बाद यह राशि और बढ़ सकती है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जबाव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से यह लिखित जबाव दिया गया है।

जवाब में बताया गया है कि जबलपुर के सिहोरा में आनंद माइनिंग कॉर्पोरेशन, निर्मला मिनरल्स और पैसिफिक एक्सपोर्ट द्वारा स्वीकृत मात्रा से अतिरिक्त खनन करने के बावजूद शासन को 1,000 करोड़ रुपए की राशि जमा नहीं की गई। इसकी शिकायत आशुतोष मनु दीक्षित की ओर से ईओडब्ल्यू में 31 जनवरी 2025 को की गई थी। शिकायत के आधार पर मप्र खनिज साधन विभाग ने 23 अप्रैल को एक जांच दल गठित किया था। जांच दल ने 6 जून को अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है, जिसमें तीनों खनन कंपनियों पर 443 करोड़ 4 लाख, 86 हजार 890 रुपए की वसूली निकाली गई है। इस राशि पर जीएसटी की वसूली अगल से तय की जाएगी। सरकार ने बताया, जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### कंपनियों ने कहा-टीम ने बिना निरीक्षण बनाई रिपोर्ट

उधर, आनंद माइनिंग कॉर्पोरेशन एवं निर्मला मिनरल्स ने इस मामले में अपना स्पष्टीकरण जारी किया है। कंपनियों की ओर से कहा गया, हम पिछले 70 वर्षों से खनिज का व्यापार कर रहे हैं। हमारी फर्म सीएल पाठक एंड संस को लगभग 115 वर्षों माइनिंग के काम का अनुभव है। इतने सालों में फर्म पर रॉयल्टी या टैक्स चोरी की कोई शिकायत नहीं है। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमारी खदान से कभी भी कोई ओवर प्रोडक्शन नहीं हुआ और जितना भी मटेरियल खदानों से बिका, उस पर रॉयल्टी, सेल्स टैक्स व जीएसटी चुकाया गया है। पूर्व में इस मामले में एक जांच की गई थी, जिसमें जांच के बाद कोर्ट ने सभी आरोपों को तथ्यहीन पाते हुए विभागीय आदेश को निरस्त कर दिया था। कंपनियों का कहना है कि यह रिपोर्ट तैयार करने वाले जांच दल ने हमारी किसी खदान का निरीक्षण नहीं किया न ही किसी प्रतिनिधि से संवाद किया। यह रिपोर्ट वास्तविक तथ्यों या आंकड़ों के बजाए अनुमानित आंकड़ों के आधार पर है। हमने इस संबंध में पीएस खनिज को पत्र भेजकर सुनवाई का अवसर मांगा, लेकिन विभाग का जवाब नहीं आया।

### भारतीय खनन ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर जांच

कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह और हेमंत कटारे की ओर से मंगलवार को यह सवाल लगाया गया था। पूछा गया था कि आशुतोष मनु श्रीवास्तव की शिकायत पर क्या कार्यवाही की है? मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान अवैध खनन से जुड़े कुल 4 सवाल लगाए गए थे। सूत्रों के मुताबिक जांच दल ने उपग्रह डेटा और भारतीय खनन ब्यूरो की रिपोर्टों के आधार पर स्वीकृत मात्रा से अधिक और अवैध खनन की शिकायत को सही पाया है।











पिछले सर्वे में एजेंसी ने की ढेरों गलतियां, सालभर सुधरवाते रहे राजधानी के लोग

# 60 हजार संपत्तियों की टैक्स वसूली नहीं, 50 हजार निर्माण 'लापता', 8 साल बाद फिर सर्वे

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

नगर निगम रायपुर एक बार फिर राजधानी के मकानों, दुकानों और भवनों का सर्वे कराने जा रहा है। इसके लिए निजी एजेंसियों से प्रस्ताव मंगाया गया है। इन प्रस्ताव के आधार पर नगर निगम सर्वे के लिए टेंडर जारी करेगा। एजेंसी घर-घर जाकर सर्वे करेगी। इससे निगम के पास लोगों की संपत्ति का वास्तविक डाटा उपलब्ध हो गा और इसके आधार पर संपत्तिकर अपडेट होगा। निगम ने 29 जुलाई को निजी एजेंसियों से प्रस्ताव मंगाया है। 14 अगस्त तक यह प्रस्ताव जमा करना है। एजेंसियां अपने प्रस्ताव में बताएंगी कि वे किस तरह सर्वे करेंगी। उनके सर्वे का आधार क्या होगा, किन उन्नत तकनीकों का उपयोग करेंगे और उनके डेटा कितने विश्वसनीय होंगे। डोर टू डोर सर्वे में संपत्तियों की वास्तविक स्थिति कैसे निकाली जाएगी। दरअसल, रायपुर में कुल 3.60 लाख संपत्ति हैं, जिनमें से 3 लाख से ही संपत्तिकर वसूल की जा रही हे। वहीं 60 हजार ऐसे संपत्ति हैं, जिनसे वसूली नहीं हो पाती और 50 हजार नए निर्माण हैं, जिनकी जानकारी निगम के पास है ही नहीं। नए सर्वे से इनकी जानकारी निगम के पास अपडेट होगी और इससे 10 से 12 करोड़ रुपए अधिक संपत्तिकर निगम को प्राप्त होगी।

रायपुर नगर निगम में कुल संपत्ति 3.60 लाख

वर्तमान में संपत्तिकर वसूल रहे 3.00 लाख

जिनसे वसूल नहीं पा रहे 60 हजार

नए निर्माण जो हो चुके हैं : लगभग 50 से 60 हजार

टैक्स में वृद्धि का अनुमान : 10 से 12 करोड़

### पिछले सर्वे में 40 हजार से ज्यादा संपत्तियों का डेटा गलत था

2016-17 में राजधानी रायपुर में संपत्तियों का सर्वे किया गया था। केंद्र सरकार ने इसके लिए एजेंसी नियुक्त की और करीब ढाई करोड़ रुपए का भुगतान भी केंद्र से हुआ था। एजेंसी ने सर्वे में ढेरों गलतियां की। करीब 40 हजार प्रापर्टी में गलतियां निकलीं थीं। एक मकान के दो दरवाजे होने पर उन्हें दो मकान मानकर दोहरा टैक्स लगा दिया गया था। मठ, मंदिरों और धार्मिक संस्थानों पर टैक्स नहीं लगता। उन्हें भी टैक्स के दायरे में ले लिया गया था। तालाबों को खाली प्लाट बताकर उन्हें भी प्रापर्टी मान ली गई थी। एक बिल्डिंग में तीन दुकानें हैं, लेकिन नल कनेक्शन एक है। सर्वे में तीनों दुकानों के लिए अलग-अलग तीन नल कनेक्शन जोड़कर उन दुकानों में भी वाटर चार्ज जोड़ दिया गया। प्रापर्टी के मालिक का नाम, एड्रेस, वार्ड का नाम, वार्ड संख्या इत्यादि में सबसे ज्यादा गलतियां की गईं थी। इन्हें सुधरवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### नए निर्माण की जानकारी नहीं

दरअसल, शहर के आउटर में तेजी से मकान बन रहे हैं। ले-आउट नहीं होने के कारण लोग बिना नक्शा पास कराए ही मकान बना रहे हैं। यही कारण है कि इनकी जानकारी निगम के पास नहीं होती। इसलिए निगम उनसे संपत्तिकर भी वसूल नहीं हो पाता। रायपुर में एक साल में औसतन एक हजार निर्माण हो रहे हैं। इनमें 40 से 50% निर्माणों की जानकारी निगम को नहीं हो पाती और ये संपत्तिकर से छूट रहे हैं।

### कंपनियों से मंगाया है प्रस्ताव

*बेसमैप अपडेशन और प्रापर्टी सर्वे के लिए हमने योग्य कंपनियों से प्रस्ताव मंगाया है। उनके प्रस्ताव का अध्ययन किया जाएगा। उनसे प्रजेंटेशन लेंगे। प्रजेंटेशन के आधार पर हम सर्वे के लिए टेंडर जारी करेंगे। कम लागत में सबसे अच्छा सर्वे करने वालों को टेंडर दिया जाएगा। इससे जो लोग टैक्स के दायरे से छूट गए हैं, वे शामिल होंगे।*

**विश्वदीप,** कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### भूस्खलन से जशपुर के गांव में तबाही, फसलें बर्बाद

**जशपुरनगर** | जशपुर जिले के बगीचा जनपद पंचायत अंतर्गत कमारिमा गांव में रविवार में एक गंभीर भूस्खलन की घटना सामने आई है। यह घटना इतनी व्यापक है कि करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में मिट्टी और चट्टानें नीचे खिसक गईं, जिससे जमीन लगभग 30 फीट तक धंस गई है। इस हादसे में गांव के कई किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसान संजीव यादव का एक एकड़, सखीया राम का दो एकड़ और हरियर यादव का आधा एकड़ खेत पूरी तरह से बह गया।

### बीजापुर में मुठभेड़: 1 नक्सली मारा गया, हथियार भी बरामद

भास्कर न्यूज़ | बीजापुर

मिशन 2026 को लेकर फोर्स का अंदरूनी इलाकों में छिपे बैठे नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है। इस बीच गंगालूर थाना क्षेत्र में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई, जिसमें जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। हालांकि अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है, लेकिन जवानों ने मारे गए नक्सली के शव के साथ हथियार व विस्फोटक बरामद कर लिया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में पश्चिम बस्तर डिवीजन के नक्सलियों की मौजूदगी के इनपुट पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया, जिस पर जवानों ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। इसी जवाबी कार्रवाई में नक्सली ढेर हो गया है।

### आरक्षक भर्ती के लिए परीक्षा 14 सितंबर को

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस में सिपाही, ड्राइवर और ट्रेडमैन भर्ती को लेकर फिजिकल टेस्ट हो चुका है। इसके आधार पर अब पात्र अभ्यर्थियों के लिए व्यापमं से लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 5 अगस्त से शुरू हो गई है। 14 सितंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी। कुल 5967 पदों पर आरक्षकों की भर्ती होगी। इसके लिए अक्टूबर 2023 में वैकेंसी निकली थी। कुछ महीने पहले फिजिकल हुआ था। इसके आधार पर पात्र उम्मीदवारों की लिस्ट कुछ दिन पहले जारी हुई थी। अब लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन 27 अगस्त तक किए जा सकते हैं। इसे लेकर व्यापमं से निर्देश जारी किए गए हैं। इधर, प्रदेश के छह पुलिस रेंज के 33 जिलों के अलावा रेलवे पुलिस, पुलिस प्रशिक्षण अकादमी चंदखुरी, पीटीएस माना, राजनांदगांव, मैनपाट और एमटी पुल पुलिस मुख्यालय के लिए यह भर्ती है।

**100 अंकों की होगी परीक्षा :** आरक्षक संवर्ग पदों पर भर्ती के लिए व्यापमं से परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह 100 अंकों की होगी। सामान्य ज्ञान (राष्ट्रीय) 20 अंकों के लिए 20 सवाल पूछे जाएंगे। सामान्य ज्ञान (छत्तीसगढ़) 30 अंकों के लिए 30 प्रश्न।

### भाजपा दफ्तर के लिए भूमि आवंटित

**भोपाल** | छिंदवाड़ा से अलग होकर बने पांढुर्ना और रीवा से अलग होकर बने मऊगंज जिले में भाजपा के जिला कार्यालय निर्माण के लिए राज्य सरकार ने मंगलवार को जमीन आवंटन कर दी। मऊगंज को 10 हजार वर्गफीट व पांढुर्ना को 9 हजार वर्गफीट जमीन आवंटित की गई है। सीएमॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण के लिए 1700 करोड़ मंजूर करते हुए इस योजना को 2025-26 में यथावत जारी रखने का फैसला किया है। मुरैना जिले में विकसित की जा रही 600 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट और 880 मेगावॉट पर ऑवर क्षमता की बैटरी एनर्जी स्टोरेज परियोजना को राज्य सरकार ने लेटर ऑफ क्रेडिट और पेमेंट सिक्योरिटी फंड के साथ ही उर्जा विभाग की गारंटी देने के प्रस्ताव को अनुमोदन कर दिया है।














## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, गुरुवार दोपहर 02:28 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 12, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 7 अगस्त।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दोपहर 02:01 तक इसके बाद उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। विष्कुंभक योग प्रातः 06:42 तक रहेगा, इसके बाद प्रीति योग रहेगा। तैतिल करण दोपहर 02:28 तक रहेगा, इसके बाद गर करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-धनु, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** दोपहर 01:30 से 03:00 तक रहेगा।

**दिशाशूल :** दक्षिण दिशा-यदि जरूरी हो तो तुलसी का पत्ता खाकर या साबुत सिंका धनिया साथ लेकर यात्रा कर सकते हैं।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 05:58 से 07:37 तक शुभ का, प्रातः 10:54 से 12:32 तक चर का, दोपहर 12:32 से 03:50 तक लाभ व अमृत का, सायं 05:28 से 07:07 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** आखेटक त्रयोदशी व शिव पवित्रा रोपण उड़ीसा।

**आज विशेष :** आज गुरुवार को पीले वस्त्र, चने की दाल और गुड़ दान करें, तो गुरु जनित दोष दूर होते हैं। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। विष्कुंभक योग में घी का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:58 | पूर्वाषाढ़ा | 3 | ताम्र | धनु | फा |
| 07:49 | पूर्वाषाढ़ा | 4 | ताम्र | धनु | ढ़ा |
| 14:01 | उत्तराषाढ़ा | 1 | ताम्र | धनु | भे |
| 20:11 | उत्तराषाढ़ा | 2 | ताम्र | मकर | भो |
| 02:19 | उत्तराषाढ़ा | 3 | ताम्र | मकर | ज |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 2, शुभ रंग लाल :** उलझनें दूर होंगी और बेहतर सफलता के आसार बनेंगे। भाई-बहन के रिश्ते मधुर होंगे। अदालती मामले सुलझाने से लाभ की स्थिति बनेगी। संतान संबंधी चिंता बनी रहेगी। धैर्य रखें।

**वृष : शुभ अंक 3, शुभ रंग गुलाबी :** भाग्य भरोसे रहे तो अच्छे अवसर गंवा देंगे। अनावश्यक विवाद के चलते मन परेशान रहेगा। मेहनत के बावजूद अपेक्षित फल मिलना मुश्किल है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा।

**मिथुन : शुभ अंक 9, शुभ रंग फिरोजी :** पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। नए सौदे हाथ आने से अच्छा लाभ मिल सकता है। दुविधा की स्थिति में बड़े फैसले लेने से बचेंगे। बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता बढ़ेगी।

**कर्क : शुभ अंक 5, शुभ रंग सफेद :** विपरीत विचारधारा वाले लोगों के साथ तालमेल बैठाना मुश्किल हो सकता है। आत्मविश्वास को बल मिलेगा। आप हिम्मत से हर मुश्किल का सामना करने को तैयार रहेंगे। यात्रा टालना बेहतर है।

**सिंह : शुभ अंक 3, शुभ रंग नारंगी :** कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनती जाएगी। पुराने मतभेदों को दूर करने का अवसर मिलेगा। भावनात्मक रूप से खुद को सुदृढ़ महसूस करेंगे। सोच-समझकर पूंजी निवेश करें।

**कन्या : शुभ अंक 9, शुभ रंग बादामी :** घर परिवार में सुख-शांति रहेगी। राह की उलझनें धीरे-धीरे दूर होंगी। सेहत के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नया सीखने का अवसर मिलेगा।

**तुला : शुभ अंक 4, शुभ रंग पीला :** आपकी मानसिकता में व्यापक बदलाव आएगा। धन संबंधी लाभ की संभावना बनेगी। संबंधों में सकारात्मक ऊर्जा एवं निकटता का अहसास होगा। कॅरियर में बदलाव संभव है।

**वृश्चिक : शुभ अंक 6, शुभ रंग नीला :** भारी खर्च की संभावना बनेगी। निर्धारित लक्ष्य के लिए दिनरात मेहनत करेंगे। जीवन में हर परिस्थिति में तालमेल बैठाने की आदत सफलता दिला सकती है। धार्मिक आयोजन संभव हैं।

**धनु : शुभ अंक 7, शुभ रंग स्लेटी :** उत्साह के साथ काम की शुरुआत करेंगे और आगे से आगे सफलता मिलती जाएगी। परिवार को बेहतर देखरेख की आवश्यकता महसूस होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर : शुभ अंक 8, शुभ रंग हरा :** पुरानी परेशानी दूर होने से राहत मिलेगी। दिनचर्या में छोटे-मोटे बदलाव संभव हैं। मित्रों की मदद करने से मन को खुशी मिलेगी। किसी से अचानक मुलाकात मजबूत रिश्ते में बदल सकती है।

**कुंभ : शुभ अंक 5, शुभ रंग भूरा :** सकारात्मक सोच बड़ी सफलता दिला सकती है। नए प्रयोग कारोबारी विस्तार में सहायक रहेंगे। लेनदेन में पारदर्शिता बनाए रखें। लंबी दूरी की यात्रा संभव है। प्रशासनिक मामलों में धैर्य से काम लें।

**मीन : शुभ अंक 1, शुभ रंग काला :** कुछ लोग आपके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास करेंगे। अपने संकोची स्वभाव के कारण अकेले पड़ सकते हैं। पारिवारिक खुशी के लिए कुछ भी करने को तैयार रहेंगे।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# मोबाइल के आदी बच्चों के साथ क्या हो रहा है, आपको जानकारी है?

कई वर्ष पहले, मेरी आंटी आधी रात को वॉशरूम जाने के लिए उठीं तो उन्होंने देखा कि उनकी 15 साल की इकलौती बेटी के बंद बेडरूम के दरवाजे के नीचे से हल्का-सा प्रकाश आ रहा है। वे दरवाजा खटखटाकर कमरे के भीतर गईं। लड़की सिर से पैर तक चादर ओढ़कर अपने बेड पर लेटी थी। चादर के अंदर से वह प्रकाश और हंसने की आवाज आ रही थी। जैसे ही आंटी ने लाइट जलाई तो लड़की उठ बैठी और बोली कि वह उस फेसबुक पोस्ट पर आए लाइक्स का जवाब देने में व्यस्त है, जो उसने सुबह की थी। सुबह होने पर आंटी ने मुझे कॉल किया और किशोरी को समझाने के लिए मदद मांगी। उस स्कूली बच्ची से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि बच्ची नहीं, बल्कि आंटी को काउंसलिंग की जरूरत है। और इसके बाद जो हुआ, वो यह कि हम दोनों ने समझा कि बच्ची मोबाइल के अनिवार्य उपयोग की ओर खिंची जा रही थी, क्योंकि यह हमेशा उपलब्ध होता है और कभी बोरिंग नहीं होता। तब से मेरी आंटी जितना हो सकता है, बच्ची के लिए उपलब्ध रहती हैं। इससे बच्ची काफी हद तक मोबाइल फोन से दूर रहने लगी है।

अब एआई धीरे-धीरे मेरी उस आंटी की जगह ले रहा है। वह बच्चों से कभी नहीं कहता कि "तुम बेवकूफी भरे सवाल पूछ रहे हो।' वह अब भावनात्मक सहारा दे रहा है। वह इंसानी जैसी बातचीत और मित्रता करता है। जैसे-जैसे तकनीक इंसानी रिश्तों को पुनः परिभाषित कर रही है और युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य व अकेलेपन का संकट बढ़ा रही है, हमें टीनएजर्स के तकनीक के साथ जुड़ाव को लेकर चिंता करने की जरूरत है।

बच्चे अपना होमवर्क करने और इसे जल्दी निपटाने के लिए उससे सहायता नहीं मांग रहे, बल्कि वे व्यावहारिक रूप से एआई से यह सुझाव मांग रहे हैं कि क्या खरीदें, कहां से खरीदें, क्या पहनें और कौन-सा लिपस्टिक ड्रेस से मैच करता है। एआई से उनका संवाद बढ़ता जा रहा है, जो सलाह देने और दोस्ती करने में सक्षम है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि माता-पिता के तौर पर हमें दोतरफा समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ एआई दिन में बच्चे का अधिकतर समय ले रहा है। दूसरी तरफ, बच्चे सोचना नहीं चाहते, इसलिए इसका अधिक उपयोग कर रहे हैं। एआई निजी उपकरणों की जानकारी, रोजमर्रा के निर्णय और समस्या समाधान के लिए पसंदीदा स्रोत बन गया है। स्क्रीन और डिजिटल मीडिया का अध्ययन और इसके समझदारी भरे उपयोग की हिमायत करने वाले "कॉमन सेंस मीडिया' के एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ है कि एआई एक कस्टमाइज्ड दोस्त जैसा बन गया है। वह कभी डांटता नहीं, बल्कि हमेशा सराहना करता है और नई चीजों के सुझाव देता है।

यह ठीक वैसा ही है, जैसे सुझाव विशेषज्ञ माता-पिता को देते हैं। कल्पना कीजिए कि आपके 18 महीने के बच्चे ने शर्ट के गलत छेद में बटन डाल दी। तो आप उससे यह मत कहिए कि "बटन लगाने का यह तरीका गलत है।' बल्कि कहिए कि "वाह, लगता है यह बटन लगाने का नया तरीका है, लेकिन मैं चाहता हूं कि तुम या हम इसे ऐसे लगाएं।' और फिर बटन को ठीक कर दीजिए। एआई ठीक यही काम करता है, लेकिन इसमें उस शारीरिक सहायता की कमी है, जो आप और मैं बच्चों को दे सकते हैं।

उनके काम की सराहना, आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं और किसी काम को कैसे करें- एआई से बच्चों को दूर करने के लिए ये तीनों चीजें एक साथ करने की जरूरत है। ध्यान रखें कि तकनीक कोई समस्या नहीं है। लेकिन हर चीज के लिए अनिवार्य तौर पर इसका उपयोग करना हमारे बच्चों की समस्या है। याद रखें, हम अभी भी कहते हैं, "हम जैसा खाते हैं, वैसा ही बनते हैं'। लेकिन जिस तरह एआई हमारे जीवन में घुसपैठ कर रहा है, जल्द ही "खाना' की जगह "तकनीक' शब्द ले लेगा।

**फंडा यह है कि भविष्य में हमारे बच्चों का आकलन इस आधार पर किया जाएगा कि आज वह तकनीक का उपयोग कैसे कर रहे हैं। तकनीक का सीमित और समझदारी भरा उपयोग करने में उनकी मदद करें, ताकि विकसित देशों के कई बच्चों की तरह उन्हें टेक्नोलॉजी डी-एडिक्शन सेंटरों में नहीं जाना पड़े।**

# पिछले सीजन के मुकाबले बांधों में 30% ज्यादा पानी, 267 ओवरफ्लो, 132 ही खाली



बीसलपुर

भास्कर न्यूज | जयपुर

दो महीने में औसत से 71 फीसदी ज्यादा बरसे मानसून से इस बार बांधों में भी जबरदस्त पानी की आवक हुई है। प्रदेश के छह संभाग में 693 में से 267 बांध आधे सीजन में ही ओवरफ्लो हो चुके हैं, 294 बांध में पानी की आवक जारी है। केवल 132 बांध खाली हैं। बांधों में कुल क्षमता 13026.51 एमक्यूएम के मुकाबले 10 हजार एमक्यूएम पानी की आवक हो चुकी है, जोकि कुल क्षमता का 76.77 फीसदी है। वहीं पिछले साल अगस्त के पहले हफ्ते तक केवल 6035.20 यानी 46.33 फीसदी ही पानी की आवक हुई थी। वहीं प्रदेश में अब तक 408.91 मिमी पानी बरस चुका है जोकि औसत से 71.69 फीसदी अधिक है। **दो दिन बाद फिर एक्टिव होगा मानसून, भारी बरसात का अनुमान नहीं:** मौसम विभाग ने दो दिन बाद फिर से मानसून एक्टिव होने का अनुमान जताया है। 8 से 12 अगस्त के दौरान भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर व जयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में आगामी 2-3 दिन मौसम शुष्क रहेगा। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी 4-5 दिन भारी बारिश की संभावना काफी कम है।

# अहमदाबादः बोपल में फायरिंग, राजकोट के स्टॉकब्रोकर की मौत

## जेब से सुसाइड नोट मिला, हत्या-आत्महत्या की जांच शुरू

भास्कर न्यूज | अहमदाबाद

बोपल में कबीर एंक्लेव के पास शिवालिक रो-हाउस में फायरिंग होने पर सनसनी फैल गई। इसमें मूलतः राजकोट के और 13 वर्ष से अहमदाबाद में रह रहे कल्पेश टुडिया की मौत हो गई। मंगलवार रात 8:45 बजे हुई घटना ने कई संदेह पैदा किए हैं। इसकी सूचना सवा घंटे बाद बोपल पुलिस को मिली। मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है, लेकिन फायरिंग में इस्तेमाल हथियार गायब है। घटना से 1 घंटे पहले कल्पेश टुडिया से मिलने वाले 2 लोग का कोई पता नहीं है। पुलिस ने अब उनकी पहचान कर ली है और तलाश शुरू कर दी है। यह हत्या थी या आत्महत्या, इसका रहस्य अभी बना हुआ है। पुलिस जड़ तक पहुंचने के लिए विभिन्न सुराग एक साथ जोड़ने का प्रयास कर रही है। 13 साल से अहमदाबाद में रह रहे शेयरब्रोकिंग कारोबार से जुड़े राजकोट के कल्पेश टुडिया अपनी बेटी और मां के साथ बोपल में कबीर एंक्लेव के पास शिवालिक रो-हाउस में किराए के मकान में रहते थे। मंगलवार की रात घटना के समय कल्पेश टुडिया और उनकी 14 साल की बेटी घर में थे।

# 17 बीघा जमीन के विवाद में 80 साल की वृद्धा समेत एक परिवार के 3 लोगों की हत्या

**साहिबगंज** | दुधकोल गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। हत्या के आरोपी बजल हेंब्रम (35) ने धारदार हथियार से अपनी मौसी नौहा मुर्मू (80), मौसी की बहन बड़की मुर्मू और बहनोई नथनियल हांसदा की हत्या कर दी। वारदात के बाद बजल हेंब्रम तालझारी थाना पहुंचा और खुद को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। उसने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय घटनास्थल पहुंचे। नौहा मुर्मू का शव घर के दरवाजे पर पड़ा था। बड़की मुर्मू और नथनियल हांसदा के शव घर के बाहर सड़क पर पड़े थे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि विवाद 17 बीघा जमीन को लेकर है। इसी को लेकर दोनों परिवार में अक्सर कहा-सुनी होती थी।

## वडोदराः नाले में गिरने से 16 वर्षीय लड़के की मौत, रेस्क्यू में गाड़ी भी खाई में जा गिरी



**वडोदरा** | शहर के गाजवाराडी में पंपिंग स्टेशन के पास नाले में गिरने से 16 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने लड़के का शव बाहर निकाला। बचाव दल की गाड़ी भी पीछे हटते समय खाई में गिर गई। गनीमत रही कि चालक बच गया। अनुमान है कि लड़का शौच के लिए आया था।

# जफराबाद में बनने वाले हुनर हाट में स्थानीय शिल्पकारों को मिलेगा बाजार

भास्कर न्यूज | नूंह




डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जफराबाद गांव में हुनर हाट सेंटर की स्थापना के लिए 12 एकड़ जमीन की पहचान की गई है। इसका सर्वे जल्द करवाया जाएगा। इस हुनर हाट में हस्तनिर्मित खिलौने, दरियां व अन्य पारंपरिक कलाएं प्रदर्शित और प्रमोट की जाएंगी। इससे यहां के कारीगरों व शिल्पकारों को अपना सामान बेचने का उचित बाजार मिलेगा।

वह गांव जफराबाद में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से रूबरू हो रहे थे। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों व ग्राम पंचायतों द्वारा करीब 21 शिकायते दी गई। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन अति पिछड़े गांवों को आकांक्षी गांव घोषित करने की योजना पर काम कर रही है। इन गांवों में सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराकर समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस क्रम में विभिन्न संकेतकों में अच्छा कार्य करने वाली आकांक्षी गांव की पंचायतों को आगामी 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जिलों के लिए संपूर्णता स्वच्छता अभियान 2.0 शुरू किया गया है। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रत्येक ब्लॉक की शीर्ष 10 पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।

**रात को अचानक पुलिस स्टेशन पहुंचे एसपीः** कार्यक्रम के दौरान एसपी राजेश कुमार ने युवाओं को नशे व अपराध जैसी प्रवृति से दूर रहना चाहिए और अपनी ऊर्जा का शिक्षा व खेल जैसी गतिविधियों में उपयोग करना चाहिए। इस दौरान वह अचानक मोहम्मदपुर अहीर पुलिस स्टेशन पहुंच गए। उन्होंने थाना भवन, रिकॉर्ड रजिस्टर, कंप्यूटर कक्ष, माल खाना व अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

## बिजनेस प्लस

# टीएमयू में लेंसकार्ट प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान 31 छात्रों को मिली नौकरी



**नई दिल्ली** | तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विभाग द्वारा IIC कैलेंडर गतिविधि के अंतर्गत प्री-प्लेसमेंट टॉक सह प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य लेंसकार्ट कंपनी की कार्यप्रणाली, भर्ती प्रक्रिया, कैरियर संभावनाओं और नवाचारों को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम में लेंसकार्ट कंपनी के वरिष्ठ मानव संसाधन अधिकारी कुलदीप सिंह नेगी अपनी टीम सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने 'लेंसलीडः करियर और नवाचार' विषय पर छात्रों से संवाद किया और कंपनी की कार्यप्रणाली, जॉब प्रोफाइल्स, चयन प्रक्रिया और करियर ग्रोथ से जुड़ी उपयोगी जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत फाइनल ईयर के छात्रों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया भी आयोजित की गई, जिसमें 31 छात्रों का चयन लेंसकार्ट में विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और एप्टीट्यूड टेस्ट आदि आयोजित हुए। सत्र के उपरांत फाइनल ईयर के छात्रों के लिए इंटरव्यू आयोजित किया गया, जिसमें 31 छात्रों का चयन लेंसकार्ट में विभिन्न पदों के लिए हुआ। इस अवसर पर कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार और ऑप्टोमेट्री विभागाध्यक्ष राकेश कुमार यादव की प्रमुख उपस्थिति रही। उनके साथ विभाग के अन्य संकाय सदस्य पिनाकी अडक, श्रेया ठकराल, अंजलि रानी, सौरभ सिंह बिष्ट और सिद्धांत शुक्ला भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन राकेश कुमार यादव द्वारा किया गया, जबकि संचालन और तकनीकी व्यवस्थाएं विभाग की टीम ने पूरी कुशलता से संभालीं।

# 'एमआईटी एडीटी' विश्वविद्यालय में 'विद्यारंभ-25' का शुभारंभ




**पुणे** | इक्कीसवीं सदी में शिक्षा की परिभाषा पूरी तरह से बदल गई है। अब शिक्षा केवल विश्वविद्यालयों, प्रयोगशालाओं या डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह राष्ट्र की प्रगति का एक सशक्त साधन बन गई है। इसलिए, विकसित भारत@2047 के सपने को साकार करने के लिए विज्ञान, तकनीक और अभियांत्रिकी सहित अन्य क्षेत्रों की समस्याओं को सुलझाने में सक्षम शिक्षा विद्यार्थियों को दी जानी चाहिए। भारत एक साहसी सोच के बल पर बना है, और विद्यार्थियों को भी अपने क्षेत्र की चुनौतियों को सुलझाने के लिए साहस दिखाना चाहिए, ऐसा विचार भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के सचिव प्रो. डॉ. अभय करंदीकर ने व्यक्त किया।

वे एमआईटी आर्ट, डिजाइन और टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, विश्वराजबाग, पुणे में आयोजित दसवें 'विद्यारंभ-25' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर माईर्स एमआईटी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष विश्वधर्मी प्रो. डॉ. विश्वनाथ दा. कराड, एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय के कार्याध्यक्ष प्रो. डॉ. मंगेश कराड, कुलपति प्रो. डॉ. राजेश एस., कार्यकारी संचालक प्रो. डॉ. सुनीता कराड, डॉ. विनायक घैसास, प्र-कुलपति डॉ. रामचंद्र पुजारी, डॉ. मोहित दुबे समेत सभी विभागों के निदेशकगण उपस्थित थे। डॉ. करंदीकर ने आगे कहा, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कहा करते थे कि विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने चाहिए, क्योंकि ऐसे सपनों से जुड़ी असफलता भी ऐतिहासिक बन जाती है।


**जीवीके पावर (गोइंदवाल साहिब) लिमिटेड**
रजि. कार्यालयः प्लॉट नं. 10, पैगाह कॉलोनी, सरदार पटेल रोड, सिकंदराबाद-500003
तेलंगाना, भारत CIN : U40109TG1997PLC028483
(गुरु अमर दास थर्मल पावर लिमिटेड, GATPL की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
(पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पीएसपीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

HOD-रसायन विज्ञान, जीएटीपी, गोइंदवाल साहिब, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा पूछताछ संख्या 058/जीएटीपी/रासायनिक/शीतलन टावर/20017847 दिनांक 06/08/2025 'विद्युत उत्पादन इकाई और क्लोरीनीकरण प्रणाली, दोनों के शीतलन जल के रासायनिक उपचार (जल उपचार हेतु आवश्यक सभी प्रकार के रसायनों सहित) हेतु वार्षिक सेवा अनुबंध' 2 x 270 मेगावाट ताप विद्युत संयंत्र जीएटीपी, गोइंदवाल साहिब का क्षेत्रफल, 2x270 मेगावाट गुरु अमरदास ताप विद्युत संयंत्र (जीएटीपी), गोइंदवाल साहिब, जिला तरनतारन, पंजाब में निविदा विनिर्देशों में दिए गए विवरण के अनुसार। |

विस्तृत जानकारी के लिए एनआईटी और निविदा विनिर्देशों के लिए, कृपया 06/08/2025 को शाम 5:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
1079/12/2025-26/2001 GATP-45/25


## क्विज 93 के 100 विजेताओं के नाम




| | |
|---|---|
| मीना शर्मा | *****77441 |
| सुमन कंवर | *****75127 |
| सुनील धलवाल | *****53171 |
| रेनू वर्मा | *****64705 |
| मनोज खंडेलवाल | *****44822 |
| सतेंद्र सिंह | *****59106 |
| राहुल गोयल | *****70620 |
| सोनिया गुप्ता | *****96220 |
| गार्विक यादव | *****73528 |
| हनिष्का मीना | *****14305 |
| भेरू लाल रेगर | *****69058 |
| रेखा मित्तल | *****88494 |
| सुखदेव लिलार | *****99726 |
| सुभाष शर्मा | *****30984 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुरक्षा | *****05719 | प्रमोद माली | *****54013 |
| चरणदीप सिंह | *****27291 | अनुपम शर्मा | *****11585 |
| राजबाला | *****38146 | प्रमोद कृष्ण | *****24657 |
| मो. अजीज | *****04193 | विकास चौधरी | *****47048 |
| देबाशीष डे | *****98738 | दिलीप कुमार | *****04022 |
| नरेश यादव | *****43339 | राजेश | *****71309 |
| सरोज कंसारी | *****02406 | सुंदर लाल भाटी | *****58392 |
| अदिति | *****95200 | चंद्र कांत शर्मा | *****42116 |
| सुनील प्रसाद | *****91900 | तोलाराम गुलाबदासानी | *****14686 |
| इंदु कुमारी | *****41502 | रेखा बैरवा | *****03759 |
| शौर्य चटर्जी | *****59222 | गुलशन कुमार | *****21905 |
| रियाज अली | *****39309 | अनिकेत | *****38092 |
| विलास वाघ | *****43229 | ममता जैन | *****30489 |
| मोहित खत्री | *****90811 | महेश मरावी | *****16632 |
| साक्षी साठे | *****49484 | सुनीता दवांडे | *****57318 |
| रचना गुप्ता | *****30552 | मुकेश गुप्ता | *****20308 |
| चहक जैन | *****87982 | एजाज शेख | *****32455 |
| प्रेम कुमारी | *****13837 | रविंद्र गुप्ता | *****29842 |
| विहान सेठी | *****52008 | पद्मा चौहान | *****52943 |
| आरव गर्ग | *****43800 | दीपक राव | *****16347 |
| राखी सिंह | *****58891 | लक्ष्मी राय | *****46377 |
| विवेक राय | *****07605 | गजराज पटेल | *****29344 |
| आरती सिंह | *****07782 | सोम गुप्ता | *****89892 |
| प्रकाश गुप्ता | *****94670 | वैभव नगर | *****04938 |
| राजबाला | *****72196 | अंजू सिंह | *****16729 |
| परमानंद | *****29300 | इंदिरा सक्सेना | *****18798 |
| सुमन | *****46500 | प्रद्युम्न सिंह | *****79756 |
| नरेंद्र यादव | *****81895 | अल्पा दवे | *****99099 |
| दिनेश कुमार | *****69835 | जानकीबेन चेतवानी | *****34895 |
| रिपु दमन | *****00453 | गुलशन कुरेशी | *****31279 |
| अशोक कुमार | *****32009 | नरेंद्र | *****22140 |
| सरोज शर्मा | *****77329 | खिमानी अब्दुल | *****40233 |
| रुचि जैन | *****61398 | छाया जानी | *****93107 |
| पार्थ पाटीदार | *****53682 | देवेंद्र मंडालिया | *****21132 |
| बिन्नू शर्मा | *****76845 | पांचाल नटवर भाई | *****81245 |
| निवान माधवानी | *****48482 | सेजल दवे | *****02520 |
| सोनू राजोरिया | *****73801 | अजित कदम | *****74732 |
| दविंदर कौर | *****24576 | चेतनकुमार शुक्ला | *****56059 |
| संतोष जैन | *****15487 | तरुलता शाह | *****98930 |
| गौरव खुल्बे | *****31219 | अंजुबेन वालंद | *****72738 |
| ओम प्रकाश खंडेलवाल | *****59600 | अर्पिता शाह | *****00641 |
| कृष्णा सोनी | *****35336 | प्रीति चद्दरवाला | *****24206 |
| दिनेश लबाना | *****73194 | मनित सिंह छाबड़ा | *****02204 |

चांदी के सिक्के पर ₹1300/- का वाउचर प्रदान किया जाएगा। यह राशि दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

# कैब के इंतजार कर रही मॉडल को देखकर की अश्लील हरकत

**गुरुग्राम** | गुरुग्राम के व्यस्त राजीव चौक पर युवक द्वारा कैब का इंतजार कर रही मॉडल को देखकर अशील हरकत करने का मामला सामने आया है। युवक की हरकत पर मॉडल ने नजरअंदाज कर दिया। लेकिन जब उसकी हरकत बढ़ी तो युवती ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, युवती किसी काम से गुरुग्राम से जयपुर गई थी। वह बस द्वारा जयपुर से गत तीन अगस्त की सुबह दिल्ली-जयपुर हाईवे पर गुरुग्राम के राजीव चौक पर पहुंच गई। इस दौरान उसने एक युवक को उसे देखकर गंदी हरकतें करते हुए देखा।


# भास्कर CLASSIFIED

**आवश्यकता**
**APPOINTMENT**

**पार्टटाइम**
भारत की नं0-1, TELECOM-5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे(MASSAGE SENDING-CALLING-JOB)करके लड़के-लड़कियां, गृहणी, स्टूडेंट कमाए (22,500-75,500) महीना, लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त सभी दस्तावेज WHATSAPP करे-9508927514, 9142682205

**वर्क फ्राम होम**
"सुनहरा अवसर" WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1, TELECOM 5G कंपनी में पार्टटाइम (MESSAGE SENDING- CALLING JOB) करके लड़के-लड़कियां, गृहिणी, स्टूडेंट कमाए (21,500-71,900) महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION WHATSAPP करे:- 09641535205, 08670466456




**ज्योतिष**
**ASTROLOGY**

**ज्योतिष**
सूफीजी खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 90683-87770

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.


## पेज एक का शेष

### ट्रेड वॉर बढ़ेगा...

यही एक तरीका है जिससे हम इकोनॉमी को नई दिशा में ले जा सकते हैं। अगर हम एपल जैसे प्रोडक्ट बनाते हैं तो फिर यह मायने नहीं रखता कि कितना टैरिफ है। ऐसे प्रोडक्ट बिकेंगे ही। इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट की 8 कैटेगरी हैं, हम सभी आयात करते हैं। चीन टॉप सप्लायर है। प्लास्टिक के कंघे से लेकर बाल्टी तक। इनमें से 90% चीजें हम बना सकते हैं। हमें रिवर्स इंजीनयरिंग करके गुणवत्ता पूर्ण प्रोडक्ट बनाने होंगे। इसके लिए हम देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेज की मदद ले सकते हैं।

### जिनके नाम ...

केवल यह बताया गया है कि 32 लाख लोगों ने माइग्रेशन किया है, लेकिन न तो मृतकों की गिनती दी गई है और न ही अन्य विवरण।

भूषण ने कहा, बीएलओ ने जिनके नाम हटाने या न हटाने की सिफारिश की, उसकी सूची केवल दो निर्वाचन क्षेत्रों में जारी हुई है। हम इसमें पारदर्शिता चाहते हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, आयोग के नियमों के अनुसार, हर राजनीतिक दल को यह जानकारी दी जाती है। कोर्ट ने उन राजनीतिक दलों की सूची मांगी, जिन्हें लिस्ट दी गई है। भूषण ने कहा, जिन लोगों के फॉर्म मिले, उनमें अधिकांश ने फॉर्म नहीं भरे हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन मतदाताओं पर असर पड़ सकता है, उन्हें आवश्यक जानकारी दी जाए। इसके बाद कोर्ट ने आयोग को इस बारे में शनिवार तक जवाब दाखिल करने करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा, भूषण (एडीआर) उसे देखें। फिर हम देखेंगे कि क्या खुलासा किया गया और क्या नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा, एडीआर 12 अगस्त से होने वाली सुनवाई में दलीलें दे सकता है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए, तो वह हस्तक्षेप करेगा।

### पहाड़ पर बादल नहीं फटा था...

यदि बादल फटता तो सैलाब में पत्थर की जगह पानी ज्यादा होता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिलहाल यह स्पष्ट संकेत है कि उत्तराखंड की आपदाएं अब बारिश से नहीं, बल्कि भौगोलिक असंतुलन, जलवायु परिवर्तन से भी जुड़ चुकी हैं। एक हफ्ते से टूटकर नीचे आ रहे थे पत्थर...

हर्षिल गांव के लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत माधवेंद्र रावत ने फोन पर बताया कि करीब एक हफ्ते से श्रीखंड पर्वत से पत्थर गिरकर धराली तक आ रहे थे। गांव के लोगों ने इसे देखा। आपस में चर्चा की, लेकिन प्रशासन को सूचना नहीं दी, जबकि श्रीखंड पर्वत से ऐसी घटनाएं कम ही हुई हैं। लोग घटना से पहले के संकेत को समझ नहीं पाए।

### 'समान मानदंड पर महिला..

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि पहले सेना की महिला अफसरों की याचिकाओं पर सुनवाई करेंगे, फिर नौसेना और वायुसेना की अफसरों की याचिकाओं पर विचार किया जाएगा। अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। कोर्ट में 75 से ज्यादा महिला अफसरों की याचिकाएं लंबित हैं। कोर्ट ने पहले दिया अंतरिम आदेश भी बरकरार रखा है, जिसके तहत केंद्र सरकार को इन अफसरों को सेवा से हटाने से रोका गया है।

### ब्याज दरें यथावत...

हालांकि, केंद्रीय बैंक ने इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंका जताई है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, मौसम, आगामी त्योहार और सरकारी पूंजीगत व्यय से मांग में तेजी की उम्मीद है। फरवरी 2025 से अब तक 100 आधार अंकों की कटौती का असर धीरे-धीरे दिख रहा है। ग्रामीण मांग मजबूत है। हालांकि, शहरों में विवेकाधीन खर्च अभी मंद है।

भास्कर इन्वेस्टिगेशन

प्रदेश को हर साल लग रही 7 करोड़ रुपए की चपत

# मनमानी : अमेरिकी DNA जांच किट प्रदेश में 11 गुना तक महंगी

अधेश आकोदिया | जयपुर

अमेरिका की कंपनियां भारत में डीएनए जांच किट मनमाने दामों पर बेच रही हैं। ये फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में डीएनए जांच के काम आती हैं। भास्कर ने इन कंपनियों के बिजनेस मॉडल की पड़ताल की तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। हर किट की राज्यों में अलग-अलग कीमत है। इसमें जमीन-आसमान का अंतर है।

राजस्थान को दूसरे राज्यों के मुकाबले 11 गुना तक महंगी किट मिल रही है। थर्मोफिशर कंपनी की A35495 मॉडल डीएनए किट राजस्थान को 4.30 लाख रुपए में मिल रही है जबकि यही कंपनी ओडिशा को मात्र 37 हजार में बेच रही है। इससे प्रदेश को हर साल 7 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। दरअसल, डीएनए किट बनाने में अमेरिका की कंपनियों का एकाधिकार है। राजस्थान एफएसएल के डायरेक्टर डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि कीमत कम करने का हर तरीका अपना चुके। न तो कंपनी सीधी सप्लाई देने के लिए तैयार होती है और ना ही दूसरे राज्यों के डीलर्स को टेंडर में शामिल होने की अनुमति देती है। प्रोमेगा कंपनी का कहना है कि वह भारत के एमआरपी ढांचे का पालन करती है, कोई चैनल पार्टनर इससे ज्यादा पर बेचता है तो उस पर कार्रवाई करेंगे। असल में यह कानूनी शिकंजे से बचने का एक तरीका, क्योंकि एमआरपी उस कीमत से कई गुना अधिक है जिस पर राज्यों को किट बेची जा रही है।

### खरीदना मजबूरी क्योंकि FSL में 16 हजार जांच लंबित

अमेरिका की कंपनियां इस मजबूरी का फायदा उठा रही है कि एफएसएल किसी भी सूरत में डीएनए जांच करना बंद नहीं कर सकती। बिना किट के जांचें संभव नहीं हैं। राजस्थान में डीएनए की 16 हजार जांच लंबित हैं। इस मामले में हाई कोर्ट भी सख्ती दिखा चुका है। पिछले महीने ही मुख्य सचिव और एफएसएल डायरेक्टर को तलब किया था। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में देरी केवल न्याय की देरी नहीं है, बल्कि यह आरोपित के शीघ्र ट्रायल के संवैधानिक अधिकारों का भी हनन है।

### हर राज्य में अलग कीमत, गुजरात में राजस्थान से महंगी




- थर्मोफिशर A35495 मॉडल : राजस्थान में 4.30 लाख, उत्तराखंड में 70 हजार और ओडिशा 37 हजार रुपए में।
- क्यूआईएजेन X-12QS मॉडल : गुजरात को 5.93 लाख और राजस्थान को 2.25 लाख रु. में।
- प्रोमेगा DC2720 मॉडल : राजस्थान 4.03 लाख, दिल्ली 3.85 लाख और हरियाणा 83 हजार रु. में।
- थर्मोफिशर 4484678 मॉडल : राजस्थान 4.74 लाख व गुजरात 1.24 लाख रु. में।
- प्रोमेगा DC7020 मॉडल : राजस्थान 3.34 लाख, उप्र 73 हजार और कर्नाटक 60 हजार रु. में।
- थर्मोफिशर 4359513 मॉडल : राजस्थान 4.41 लाख और उप्र 84 हजार रु. में।

भास्कर एक्सपर्ट



विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील

### कीमतों में इतना अंतर नहीं हो सकता

डीएनए किट अमेरिका से आयात होती है। ऐसा करते समय हर कंपनी को कीमत घोषित करनी पड़ती है। इसी पर ड्यूटी लगती है। जब ये दोनों समान हैं तो अलग-अलग राज्यों में इनकी कीमत में इतना अंतर नहीं हो सकता। वह भी तब जब सरकारी एजेंसी इसकी खरीद कर रही हों और इनका जनहित के मामले में उपयोग हो रहा हो। हो सकता है कि कंपनियां किट भारत भेजते समय कीमत कम बता रही हों और ज्यादा में बेचकर टैक्स चोरी कर रही हों। यदि ऐसा है तो केंद्र सरकार के पास इसकी जांच और कार्रवाई करने का अधिकार है। यह भी संभव है कि खरीद में मिलीभगत से भ्रष्टाचार हो रहा हो।

सोमनाथ में विरोध: 'एक इंच जमीन नहीं देंगे, हमें कॉरिडोर नहीं चाहिए'

भास्कर न्यूज | गिर सोमनाथ

सोमनाथ कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए प्राचीन नगर प्रभासपाटण में भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को प्रभासपाटण गांव को पूरी तरह से बंद रखा गया था, बाद में रात में प्रभासपाटण गांव में सभी ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में स्थानीय महिलाओं ने भारी रोष व्यक्त किया और 'हमें कॉरिडोर नहीं चाहिए' के नारे लगाए। गांव के सभी समुदायों के नेताओं और प्रभावित परिवारों के अलावा, डिप्टी कलेक्टर विनोद जोशी, मामलतदार परसाणिया भी मौजूद थे।



बैठक में मौजूद डिप्टी कलेक्टर जोशी ने कहा कि सोमनाथ कॉरिडोर परियोजना के लिए 25 हजार वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। प्रभासपाटण मुस्लिम समाज के अध्यक्ष यूसुफभाई पाकीजा ने कहा कि अगर गांव की एकता के लिए गांव के घरों को रखने के लिए गोली खाने की जरूरत पड़ी तो गांव के लिए पहली गोली खाऊंगा।

3. गुजरात में ऑनर किलिंग • पिता ने भाई के साथ मिलकर बेटी की हत्या की

# लिव-इन में रह रही बेटी को दूध में नींद की गोलियां देकर गला घोंटा, रातोंरात अंतिम संस्कार कर दिया

भास्कर न्यूज | थराद

थराद में बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने अपने भाई के साथ मिलकर बेटी की हत्या कर दी और सबूत मिटाने को रातोंरात अंतिम संस्कार भी कर दिया। प्रेमी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने दोनों पर मामला दर्ज किया है। थराद तालुका के दांतिया गांव के सेंधा दरघा चौधरी की बेटी चंद्रिका पालनपुर के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही थी, तब वडगामडा निवासी हरेश हिरजी चौधरी से प्रेम संबंध बनने पर शादी का फैसला किया था।

प्रेमी से चैट: 'मेरे घरवाले मुझे मार डालेंगे, मुझे ले जाओ'



चंद्रिका (मृतक बेटी)



सेंधा चौधरी (आरोपी पिता)

**गुमशुदगी दर्ज कराई** | चंद्रिका के परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने चंद्रिका को परिवार को सौंपा और हरेश को गिरफ्तार कर लिया था।

परिवार ने चंद्रिका को पढ़ने से इनकार कर दिया। चंद्रिका ने सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रेमी हरेश को बताया और कहा, 'मेरे घर वाले मुझे पढ़ाई से मना कर रहे हैं, परिवार को हमारे प्रेम संबंध के बारे में पता चला, तो मेरी जबरदस्ती शादी करवा देंगे और मेरा मोबाइल भी जब्त कर लेंगे, इसलिए तुम मुझे यहां से ले जाओ।' हरेश प्रेमिका चंद्रिका को अहमदाबाद ले गया और दोनों ने लिव-इन करार किया, फिर मध्य प्रदेश और राजस्थान गए।

शिक्षामंत्री बोले • आदेश की अवहेलना पर वसूली होगी

# विदेशी वस्तुओं की खरीद पर रोक लगी

**जयपुर** | शिक्षा विभाग, संस्कृत शिक्षा विभाग और पंचायतीराज विभाग में अब केवल भारत में बनी वस्तुओं की ही खरीद होगी। इन तीनों विभागों में विदेश में निर्मित वस्तुओं की खरीद पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने यह निर्णय लिया है। दिलावर ने कहा कि अगर विदेशी वस्तुओं की खरीद की गई तो संबंधित अधिकारी से वसूली की जाएगी। हम प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया अभियान की परिकल्पना को साकार करना चाहते हैं। इसी सोच के साथ हमने राजस्थान के शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और संस्कृत शिक्षा विभाग में यह पहल की है। यदि विशेष परिस्थितियों में भारत में निर्मित सामान उपलब्ध नहीं हो, तो ऐसी दशा में सामान क्रय करने व उपयोग में लेने के लिए मंत्री स्तर से अनुमति लेनी होगी।

### चीन निर्मित राखी का बहिष्कार करें: दिलावर

दिलावर ने राखी पर स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की अपील की। कहा कि रक्षाबंधन पर महिलाओं और बेटियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए केवल स्वदेशी वस्तुओं की खरीद करनी चाहिए। यह पवित्र त्योहार न सिर्फ आपके घर में खुशियां लाएगा, बल्कि, भारत के हजारों परिवारों को स्वावलंबी भी बनाएगा। जनता को भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाकर विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

### अहमदाबाद: लाखों की MD ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार

**अहमदाबाद** | शहर में मादक पदार्थों की तस्करी की बढ़ती शिकायतों के बीच स्टेट मॉनिटरिंग सेल ने दानीलीमड़ा में बैरल मार्केट के पास अल हबीब सोसाइटी से एक आरोपी को लाखों के ड्रग्स, नकदी और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है। इस छापेमारी से स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। गिरफ्तार जावेद उंबरभाई मेवाती (उम्र 36) से 3 मोबाइल, 11.76 लाख की 117 ग्राम एमडी ड्रग्स, ₹7 लाख से ज्यादा नकद और 50 हजार की चरस बरामद की है।


**पंजाब राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी**
राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)
चतुर्थ तल, प्रयास भवन, सेक्टर 38-बी, चंडीगढ़.
फ़ोन संख्या: 0172-2636795, ईमेल: punjabsacs@gmail.com
निविदा सूचना संदर्भ संख्या: पीएसएसीएस/प्रॉक/2025-26/77 दिनांक: 06/08/2025 चंडीगढ़

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब, पंजाब राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के माध्यम से एचआईवी वायरल लोड, डीबीएस, सीडी4 नमूनों के परिवहन हेतु कूरियर सेवाओं को किराए पर लेने हेतु निम्नानुसार बोलियाँ आमंत्रित करता है:-

| क्र.सं. | विवरण |
|---|---|
| 1. | पंजाब, जम्मू एवं चंडीगढ़ राज्यों में एचआईवी वायरल लोड, डीबीएस, सीडी4 नमूनों के परिवहन हेतु कूरियर सेवाओं की भर्ती |

ऑनलाइन बोलियों की अंतिम तिथि और समय 18/08/2025 शाम 4.30 बजे तक है।
विस्तृत जानकारी के लिए https://eproc.punjab.gov.in पर लॉग ऑन करें।
नोट: निविदा सूचना में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

हस्ता/-
परियोजना निदेशक
1951/12/2025-26/1980 पंजाब राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी


भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति

# 9 इंस्पेक्टर को सेवा से हटाया; 1 आईएएस की जांच, 6 के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति

**जयपुर** | सीएम भजनलाल ने भ्रष्टाचार मामलों में कड़ी कार्रवाई की है। 9 इंस्पेक्टर को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर सेवा से हटा दिया है। एक आईएएस के खिलाफ जांच और 6 आरएएस के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी है। सीएम ने राज्य सेवा के अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई, अभियोजन स्वीकृति व 17-ए के विचाराधीन 37 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 55 अधिकारियों के जांच प्रकरणों में कार्रवाई की है।

**भू-आंवटन में आईएएस के खिलाफ होगी कार्रवाई** : सीएम ने नियम विरुद्ध भू-आवंटन के मामले में आईएएस के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का अनुमोदन किया है। उन्होंने लंबित प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 6 अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दी। है। राजस्थान प्रशासनिक एवं लेखा सेवा के 2 अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संषोधन) अधिनियम 2018 की धारा 17-ए में विस्तृत जांच व अनुसंधान करने की अनुमति दी है।

### 5 की पेंशन रोकने के आदेश

सीएम ने 13 अधिकारियों के खिलाफ सीसीए नियम-16 के तहत विभागीय जांच कार्रवाई में वार्षिक वेतन वृद्धि और सेवानिवृत्त 5 अधिकारियों की पेंशन रोकने के आदेश दिए हैं। इसमें से एक अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार प्रकरण में दोष सिद्ध होने से शत प्रतिशत पेंशन रोकने की सख्त शास्ति अधिरोपित की गई है। सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ संचालित 9 प्रकरणों में 14 अधिकारियों पर प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन भी किया। सीएम ने सीसीए नियम-34 के तहत एक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुनर्विलोकन याचिका को निरस्त कर दंड को यथावत रखा तथा सेवारत अधिकारियों के 3 प्रकरणों में सीसीए नियम-23 के तहत अपील स्वीकार करने एवं 2 अधिकारियों के विरूद्ध अपील आंशिक स्वीकार करने का निर्णय लिया।


**उत्तर रेलवे**
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति:– | 30-Elect-20-T-2025-26-E3 सीसीआरएस कार्यालय के लिए तीसरी मंजिल स्थित टीए भवन के नवीनीकरण के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत:– | रू० 1906462 |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि:– | रू० Rs. 38100 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 27.08.2025, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 27.08.2025, 16.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:– | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2391/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Rajesh Kumar Mehta **Additional District and Sessions Judge, Panipat**
**Mamta**
**Vs.**
**Akshay**
**MACP-238-2022**
**CNR No. HRPP01-008217-2022**
**Next Date:- 20-08-2025**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
No. 3 **Sanjay Pal R/O H. No. 04, Village Darbaripur, Distt. Gurgaon, Mobile No. 9646003480**
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) **Sanjay Pal** could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) **Sanjay Pal** should appear in person or through counsel on **20-08-2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat.**
**Additional District and Sessions Judge, Panipat**
Dated, this day of 28-07-2025



भारत सरकार, GOVERNMENT OF INDIA,
आयकर विभाग, INCOME TAX DEPARTMENT
आयकर अधिकारी कार्यालय, वार्ड, चरखी दादरी
ओपीपी. जय हिंद अस्पताल, लोहारू रोड, चरखी दादरी-127306
ई-मेल charkhidadri.ito@incometax.gov.in फ़ोन: 01250-221124

**विषय: आयकर कार्यालय, चरखी दादरी के लिए स्थान किराये पर लेने संबंधी विज्ञापन**

आयकर कार्यालय, चरखी दादरी कार्यालय उपयोग के लिए उपयुक्त भवन की तलाश कर रहा है जो न्यूनतम 1500 वर्ग फीट क्षेत्रफल में हो। इच्छुक भवन मालिक, जो अपने भवन को किराये पर देने के इच्छुक हैं, वे 20 अगस्त, 2025 तक अपना प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्ताव ई-मेल (charkhidadri.ito@incometax.gov.in) के माध्यम से भेजे जा सकते हैं या कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं। 20 अगस्त, 2025 के बाद कोई भी प्रस्ताव स्वीकृत नही किया जाएगा।

प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले निम्नलिखित नियमों/शर्तों का पालन किया जाना चाहिए:
1. कार्यालय का क्षेत्रफल न्यूनतम 1500 वर्ग फीट होना चाहिए।
2. भवन किसी भी प्रकार के विवाद या कानूनी देनदारियों से मुक्त होना चाहिए।
3. भवन में समुचित अग्नि सुरक्षा प्रबंध होने चाहिए तथा अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त होना चाहिए।
4. भवन का कार्यालय उपयोग के लिए नगर पालिका / HSVP / हाउसिंग बोर्ड द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।
5. वार्षिक अवधि के पूरा होने के बाद किराया 8% की दर से संशोधित किया जाएगा।
6. भवन पर किसी भी प्रकार का शुल्क जैसे नगर पालिका कर इत्यादि बकाया न हो।
7. भवन में पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।



**उत्तर रेलवे**
खुली ई–निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | दिल्ली/एनसीआर में कार्यरत बीसीएम 371, मॉडल संख्या ड्यूट्ज़ बीएफ 12 एल 513 सी और इंजन संख्या 9192752 पर उत्प्रेरक कनवर्टर प्रौद्योगिकी का उपयोग करके रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण डिवाइस (आरईसीडी) का परीक्षण कार्यान्वयन। |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 02 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹2926919.2 |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹58500/- |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू– शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 06.08.2025 से दिनांक 29.08.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 29.08.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 06.08.2025 से दिनांक 29.08.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। |

प. सं.– 1-डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.ला.आरईसीडी-9-25-26 2393/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Dr. Rahul Bishnoi Additional District and Session Judge, Nuh
MINNU
VS.
OM PARKASH
CNR No. HRNU01-007571-2021
Next Date.- 21.08.2025
PUBLICATION ISSUED TO ;
**GAUS MOHD S/O HAFIJULLA :- H.NO. 97, MOHALLA MAJAMPUR TILHAR SHAHJAHANPUR UP**
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.08.2025 at 10.00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Nuh
Additional District and Session Judge, Nuh
**Dated, this day of 10-07-2025**



**उत्तर रेलवे**
ई–निविदा सूचना

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6524880, दिनांक 02.08.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में स्थित 04 संख्या आईजीबीटी आधारित 1600 एचपी 3–फेज डीईएमयू डीपीसी के निवारक अनुरक्षण (Preventive Maintenance) तथा ब्रेकडाउन अनुरक्षण (Breakdown Maintenance) के लिए तीन वर्षों की अवधि हेतु समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | ₹ 99,32,503.68 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 1,98,660.00 |
| कार्य अवधि | 03 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 23.08.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 02.08.2025 से प्रभावी है। |

सं.: 25.8.892.DSL.SSB दिनांक: 04.08.2025 2387/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail - npkharora@gmail.com
क्रमांक/1582 / न.पं. / लो.नि.वि. / 2025-26 खरोरा, दिनांक 05/08/2025

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 173254 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 | 187.55 | 28-08-2025 (Time 5.00PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला – रायपुर (छ.ग.)



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज़ संख्या 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

नीचे उल्लिखित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए, एतद्द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है:-

| क्र.सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञापन सं. | परीक्षा की तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1. | कंप्यूटर साइंस विषय में सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 45/2024 | 16.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से दोप. 1:00 बजे तक |
| 2. | अंग्रेजी विषय में सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 48/2024 | 17.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से दोप. 1:00 बजे तक |
| 3. | भूगोल विषय में सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 51/2024 | |

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे 11.08.2025 से आयोग की वेबसाइट http://hpsc.gov.in पर दिए गए लिंक से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करें।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उपर्युक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को विज्ञापन के अनुसार सभी पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन, परीक्षा में अनंतिम रूप से बैठने की अनुमति दी जा रही है।

नोट:
1. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका A-4 आकार के कागज़ पर प्रिंट ले लें ताकि उनकी तस्वीरें और अन्य विवरण आसानी से देखे/सत्यापित किए जा सकें। जिन उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र छोटे आकार के हैं और जिन पर तस्वीरें/हस्ताक्षर अस्पष्ट हैं, उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश पत्र पर दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला
दिनांक: 06.08.2025
1156/13/343/2026/37419/10/6



**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | बंद होने की तिथि खोलने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ एवं म शाखा, नरवाना | जींद जिले के नरवाना में एसडीओ (सिविल) कॉम्प्लेक्स की विशेष मरम्मत। | 04.08.2025 11.08.2025 | 51.89 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ एवं म शाखा, करनाल | 05 अदद सड़कों का कार्य (1) आरडी 450 से 1950 तक डब्ल्यूबीएम प्लस 50 एमएम बीएम प्लस 20 एमएम पीसी के साथ चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और जांबा से गीतालपुर रोड (रोड आईडी 7415) पर किमी 0.00 से 1.950 तक सीसीबी की रिलेइंग (2) आरडी 0 से 2600, 2700 से 3000 तक डब्ल्यूबीएम प्लस 50 एमएम बीएम प्लस 20 एमएम पीसी के साथ सुदृढ़ीकरण और जांबा से किरमच रोड (रोड आईडी 7416) पर किमी 0.00 से 3.000 तक सीसीबी की रिलेइंग। (3) कंवर खेड़ी ऐप रोड (रोड आईडी 7417) पर डब्ल्यूबीएम प्लस 50 एमएम बीएम प्लस 20 एमएम पीसी के साथ चौड़ीकरण और मजबूतीकरण, लंबाई 1.440 किमी (4) बोरशाम ऐप रोड (रोड आईडी 7418) पर डब्ल्यूबीएम प्लस 50 एमएम बीएम प्लस 20 एमएम पीसी के साथ चौड़ीकरण और मजबूतीकरण, लंबाई 1.050 किमी (5) ब्राह्मण माजरा से दबरथला (रोड आईडी 11099) पर डब्ल्यूबीएम प्लस 50 एमएम बीएम प्लस 20 एमएम पीसी के साथ मजबूतीकरण, लंबाई 2.450 किमी करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 05.08.2025 14.08.2025 | 489.73 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में डीजल जनरेटर (डीजी) सेट सहित विद्युत सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए निविदा। | 08.08.2025 25.08.2025 | 1,60,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं डब्ल्यू.आर. विभाग हरियाणा | पुराने एसआर टाइप क्वार्टर नंबर 03, कैनाल कॉलोनी, बिंझौल, पानीपत में आवधिक मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए अनुमान। | CLOSING DATE 12.08.2025 | 1.65 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xen pwsdiv@yahoo.in |
| 5 | हेल्थ सिविल सर्जन, जींद | भोजन खानपान सेवा वस्तुओं की प्लेटवार सर्विसिंग के लिए ई-निविदा का प्रकाशन। | 04.08.2025 14.08.2025 | EMD 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ एवं म शाखा यमुनानगर | प्रांतीय मंडल लोनिवि भ एवं म शाखा यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र जगाधरी के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण प्रदान करने द्वारा सड़कों की मरम्मत (यमुनानगर जिले में सड़क आईडी 692, 5200, 707, 735 और 691) जिला डब्ल्यूपी-2025-26 | 05.08.2025 15.08.2025 | 465.63 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ एवं म शाखा, हिसार | भिवानी में नए आठ न्यायालय भवन में 01 अदद लिफ्ट 13 व्यक्तियों (एल3) की व्यवस्था। | 04.08.2025 14.08.2025 | 14.77 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ एवं म शाखा, हिसार | जिला हिसार में हांसी में नागरिक अस्पताल की विशेष मरम्मत (केवल ई.आई. आंतरिक प्रदान करना) | 04.08.2025 13.08.2025 | 29.32 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई विभाग रोहतक | विभिन्न टूल्स एवं विविध एमआईएसई वस्तुओं की आपूर्ति +2 कार्य। | CLOSING DATE 12.08.2025 | 14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 10 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव सयारवास ब्लॉक रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में पंचायत घर का निर्माण (एचजीवीवाई योजना) +2 कार्य। | 04.08.2025 12.08.2025 | 80.65 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01274222260 prexeeng.hry@nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव छप्पार, ब्लॉक मछरौली, जिला झज्जर में स्टेडियम का विकास। | 04.08.2025 11.08.2025 | 14.99 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | लोहारू जल सेवाएं मैकेनिकल मंडल चरखी दादरी एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा | पंप हाउस नंबर 3 लोहारू नहर के लिए 325 एचपी क्षमता की 01 नंबर इलेक्ट्रिक मोटर की रिवाइंडिंग का कार्य और 2 अन्य कार्य। | CLOSING DATE 12.08.2025 | 5.70 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग कैथल | मॉलिक्यूलर लैब टेस्ट कैथल हेतु डायग्नोस्टिक लैब वस्तुओं की खरीद करना। | 07.08.2025 14.08.2025 | EMD 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |

PRDH-11/2026/260/37409/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय / MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
प्रशिक्षण महानिदेशालय / DIRECTORATE GENERAL OF TRAINING
राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) / NATIONAL SKILL TRAINING INSTITUTE (WOMEN)
जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा – 132103 / G.T. ROAD, PANIPAT, HARYANA - 132103

**NOTICE**

Application are invited from persons having degree with CITS along with 01 year post qualification industrial/ teaching experience in the relevant field or Diploma with CITS along with 02 years post qualification industrial / teaching experience in the relevant field or National Trade Certificate with CITS along with 03 years post qualification industrial / teaching experience in the relevant field for the engagement of Guest Faculty in NSTI(W), Panipat purely on hourly basis in the following trades:

| S.No. | Name of the Trade | Scheme | No. of Guest Faculty required |
|---|---|---|---|
| 1. | Secretarial Practice (English) | CTS | 01 no. |
| 2. | Stenographer Secretarial Assistant (Hindi) | CTS | 01 no. |
| 3. | Fashion Design and Technology | CTS | 01 no. |
| 4. | Cosmetology | CTS | 01 no. |
| 5. | Computer Aided Embroidery & Designing | CTS | 01 no. |
| 6. | Surface Ornamentation Techniques | CITS | 01 no. |
| 7. | Sewing Technology | CITS | 01 no. |
| 8. | Computer Aided Embroidery & Designing | CITS | 01 no. |
| 9. | Electronics Mechanic | CITS | 01 no. |

Note: (i) Engagement of Guest Faculty is purely on temporary basis for the session 2025-26. The Appointment can be cancelled at any time without providing any reason by engaging authority.
(ii) Selection criteria would be based on written and skill tests.
(iii) Remuneration would be paid Rs. 200/- per hour for CTS course and Rs. 250/- per hour for CITS course and not more than Rs. 30,000/- per month.

For Application Form & other details, please visit **https://nstiwpanipat.dgt.gov.in/**
The last date for submission of application form: **25 August, 2025 by 5:30 PM at "National Skill Training Institute for Women", Main G. T. Road, Panipat - 132103, Ph. No.-0180-2668444-45**
**Date of Written and Skill Tests: 08 & 09 September, 2025 at 10:00 AM.**

Principal

## प्रेरणा

कुल के कारण कोई बड़ा नहीं होता, विद्या ही किसी व्यक्ति को पूजनीय बनाती है। - चाणक्य

## संपादकीय

# इस संकट का सामना हम अलग रणनीति बनाकर करें

ट्रम्प ने भारत पर यह कहते हुए दंडस्वरूप टैरिफ लगाया कि हमने रूस से तेल खरीदकर मॉस्को की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी यानी रूस-यूक्रेन युद्ध को खाद-पानी दिया। तो फिर स्वयं अमेरिका ने रूस से खाद, यूरेनियम और पेलेडियम (ऑटो इंजन में इस्तेमाल किया जाने वाला उत्प्रेरक) खरीदकर क्या किया? कुल 30 अरब डॉलर के इस आयात को ईयू के आयात से जोड़ दें (दोनों कहने को रूस के खिलाफ हैं) तो भारत से ज्यादा दोषी तो ये पाए जाएंगे। ट्रम्प काल के आंकड़े देखें तो वास्तव में रूस से आयात बढ़ता गया है। यह तब है, जब ट्रम्प ने यूक्रेन को रूस पर हमलावर बताया था। अब जब रूस समझौता नहीं कर रहा है तो ट्रम्प नाराज हैं। लिहाजा दुश्मन का दोस्त भी दुश्मन हो गया। स्वयं तत्कालीन अमेरिकी राजदूत का वीडियो जारी कर भारत ने बताया कि अमेरिका खुद चाहता था कि भारत रूस से तेल खरीदे, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें न बढ़ने पाएं। अगर भारत अपनी तेल खपत के लिए गैर-रूसी बाजार में कूद जाए, तो ग्लोबल तेल के दाम आसमानी हो जाएंगे। प्रतिबंध के बावजूद यूरोप ने भी रूस से अपनी तेल खरीद जारी रखी लेकिन ट्रम्प को उसमें युद्ध भड़काना नजर नहीं आता। हमें अलग रणनीति बनानी होगी। पीएम ने वाराणसी के संबोधन में देश की जनता से अपील की कि वे भारतीय उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा खरीदें। यही ट्रम्प का अगले साल-दो साल का जवाब है। इस संकट का हल आपात-स्थिति की मानसिकता के साथ हमें करना होगा।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# जिसने सुन ठीक से लिया, वो ठीक से करेगा भी

अगर बोलना एक कला है तो सुनना उससे भी बड़ा हुनर है। कहते हैं कोई वक्ता जब अपनी बातों की गहराई तक नहीं जा पाता है तो अपने भाषण को लंबा कर देता है। अगर किसी का भाषण लंबा हो रहा है तो समझ लीजिए कि वो शब्दों से पकड़ खो रहा है। विषय उसके हाथ से छूट गया। इसलिए विद्वान होने में और वक्ता होने में फर्क है। ऐसे कॉम्बिनेशन कम देखने को मिलते हैं कि जहां वक्ता भी विद्वान हो और श्रोता भी परम विद्वान हो। ऐसी जोड़ी बनी थी जनक और अष्टावक्र के बीच में। ये दोनों ही अपने ज्ञान के मामले में अद्भुत थे। लेकिन जब जनक अष्टावक्र को सुन रहे थे तो कहते हैं वो इनको सुनकर और जाग गए। श्रवण मात्रेन- इस शब्द का अर्थ होता है जब भी किसी को सुनो, पूरी तरह से सुनो। अगर हम में जरा भी अक्ल होती है तो हम बोलने वाले के शब्दों का संपादन शुरू कर देते हैं। कई बार तो हमारी विद्वत्ता कहने वाले के शब्दों पर अपने अर्थ आरोपित कर देती है। इसलिए जब भी श्रवण करें, प्रगाढ़ श्रवण करें। शब्दों को तोड़ते हुए, मोड़ते हुए भीतर ना लाएं। जिसने सुन ठीक से लिया, वो ठीक से करेगा भी।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## पाठकों के पत्र

### मिट्टी की मूर्तियां करें विसर्जित

गणेश पूजा एवं दुर्गा पूजा पर लाखों मूर्तियां नदी-तालाबों में विसर्जित की जाती हैं। स्थानीय प्रशासन को पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। मिट्टी की प्रतिमाओं के विसर्जन से जल प्रदूषण नहीं होगा। पीओपी की मूर्तियों के अपघटन में लंबा समय लगता है, जिससे जलीय जीवों और पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी नगर निगमों को जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।
– सतीश उपाध्याय, मनेंद्रगढ़, छत्तीसगढ़

### पारदर्शी हो एसआईआर प्रक्रिया

एसआईआर जैसी प्रक्रियाएं लोकतंत्र को पारदर्शी और समावेशी बनाने का जरिया हो सकती हैं, लेकिन एक राष्ट्र तभी सशक्त होता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी अपने मताधिकार का बिना डर प्रयोग कर सके। जब तक एसआईआर में यह सुनिश्चित नहीं होता, तब तक यह प्रश्न बना रहेगा कि क्या दलित, महिलाएं और अल्पसंख्यक सचमुच बाहर हो रहे हैं?
– आदित्य वर्मा, लखनऊ, उत्तरप्रदेश

### छोटे स्टेशनों पर रुकें ट्रेनें

तेज यात्रा जरूरी है, लेकिन रेलगाड़ियों को छोटे स्टेशनों पर भी रुकना चाहिए। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में सड़कें खराब हैं। स्टेशन और बसें कम हैं। अगर ऐसी जगहों पर स्टेशनों पर अधिक से अधिक ट्रेनों का ठहराव किया जाए तो यह वहां के लोगों की परेशानी को कम करेगा। इसलिए, जनता की उम्मीद है कि अधिक पैसेंजर ट्रेनें शुरू की जाएं और वे सभी स्टेशनों पर रुकें।
– प्रफुल्ल चंद्र काले, नासिक, महाराष्ट्र

### दरकते पहाड़ों से सबक लें

हिमाचल में 75 जगह बादल फटे। सुप्रीम कोर्ट के सवाल जायज हैं कि ऐसे तो नक्शे से मिट जाएगा हिमाचल। प्रकृति के रौद्र रूप को कौन रोकेगा? सुप्रीम कोर्ट के सवालों का जबाव कौन देगा? बिजली परियोजनाओं को नहीं रोका गया तो हमेशा के लिए हिमाचल देश के नक्शे से मिट जाएगा। दरकते पहाड़ों, कयामत के अलार्म से आज हमें सबक लेने की जरूरत है। उत्तराखंड का हादसा एक सबक है।
– रत्नेश चंद्रवंशी, ईमेल पर प्राप्त

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

# प्रथम विश्वयुद्ध में उतरा था पहला युद्धक टैंक

दुनिया में सबसे पहले युद्धक टैंक का इस्तेमाल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान किया गया था। ब्रिटिश सेना ने विश्व के पहले 'मार्क-1' टैंक का उपयोग का उपयोग सोम्मे की लड़ाई में किया। इस टैंक की क्षमता सीमित थी। वो महज 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलता था। इसे पैदल सेना के लिए रास्ता बनाने, सामान की आपूर्ति करने और दुश्मन की रक्षा पंक्ति को भेदने के लिए काम में लिया जाता था। आज के समय में टैंकों की गति 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक होती है।

**1916 में 15 सितंबर को पहला टैंक युद्ध के मैदान में उतरा था। इसकी गन्स और मशीनरी 8 सदस्यीय दल संचालित करता था।**

## दूरदृष्टि • अमेरिकी संविधान जिन हालात में इसके अधिकार देता है, वो मौजूदा मामले में लागू नहीं होते

# ट्रम्प को टैरिफ थोपने के अधिकार नहीं हैं!

ट्रेड-वॉर



नीरज कौशल
कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर
nk464@columbia.edu

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने एकतरफा टैरिफों या उनकी धमकियों से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है। दुनियाभर के व्यवसाय और नीति-निर्माता इसके संभावित परिणामों से डरे हुए हैं। लेकिन सवाल उठता है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति के पास इस तरह के टैरिफ लागू करने के संवैधानिक अधिकार हैं भी?

जाहिराना तौर पर, नहीं!

नोबेल पुरस्कार विजेता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रमुख जानकार पॉल क्रुगमैन ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'सबस्टैक' पर लिखा है कि 'व्यापार को लेकर ट्रम्प जो कुछ कर रहे हैं, लगभग वह सबकुछ गैरकानूनी है।'

और ऐसा सोचने वाले क्रुगमैन अकेले नहीं हैं। अमेरिका में, दर्जनभर राज्य सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों ने टैरिफ के लिए शासनात्मक आदेशों का उपयोग करने और विधायी प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए ट्रम्प सरकार पर मुकदमा दायर किया है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति-अधिकारों के जरूरत से अधिक उपयोग ने अमेरिकी व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है।

यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट में दायर याचिका में उन्होंने ट्रम्प के टैरिफ को अवैध घोषित करने और सरकारी एजेंसियों के अधिकारियों को इन्हें लागू करने से रोकने की मांग की है।

सुनवाई के दौरान खुद जजों ने भी राष्ट्रपति के व्यापक टैरिफ लगाने के अधिकार पर संदेह जताया है और इसे आपात-शक्तियों का अभूतपूर्व दुरुपयोग बताया है। सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन अपने टैरिफ को न्यायोचित ठहराने के लिए ट्रम्प ने 1977 के जिस इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) का उपयोग किया है, उसमें 'टैरिफ' शब्द का उल्लेख तक नहीं है!

ट्रम्प सरकार का कहना है कि व्यापार घाटे और ड्रग तस्करी के कारण देश पर 'एक असामान्य और असाधारण खतरा' मंडरा रहा है और यही आईईईपीए के उपयोग को वैध बनाता है। इधर अभियोजनकर्ताओं ने इन खतरों को झूठा बताया। उनका तर्क है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था दशकों से व्यापार-घाटे का सामना कर रही है और फिर भी समृद्ध हो रही है। जिन देशों पर ट्रम्प ने टैरिफ लगाए हैं, उनमें से अधिकांश से ड्रग तस्करी के बहुत मामूली सबूत मिले हैं।

कुछ मामलों में तो ट्रम्प के व्यक्तिगत प्रतिशोध के कारण टैरिफ बढ़े हैं। मसलन, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति और अपने प्रशंसक जायर बोल्सोनारो पर मुकदमे को आपातकाल बताते हुए ट्रम्प ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया है। आलोचकों का दावा है कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति की शक्तियों का स्पष्ट दुरुपयोग और किसी अन्य देश के शासन में दखल है।

अमेरिकी संविधान तीन असाधारण परिस्थितियों में राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार देता है और इस मामले में इन तीनों में से कोई भी लागू नहीं होता।

पहला, ऐसे कुछ सामानों के आयात पर टैरिफ, जो सुरक्षा कारणों से जरूरी हों। कानूनी मामलों के जानकारों



**कानून में टैरिफ शब्द का उल्लेख तक नहीं है...**

**अमेरिकी जजों ने ट्रम्प-टैरिफ को आपात-शक्तियों का दुरुपयोग बताया है। अपने टैरिफ को न्यायोचित ठहराने के लिए ट्रम्प ने 1977 के जिस आईईईपीए कानून का सहारा लिया, उसमें 'टैरिफ' शब्द का उल्लेख तक नहीं है।**

का कहना है कि चूंकि अमेरिकी सुरक्षा के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है, इसलिए किसी झूठे खतरे के लिए टैरिफ का उपयोग बेतुका है।

दूसरा, अनुचित विदेशी व्यापार के जवाब में एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाना। लेकिन इस बात का भी कोई सबूत नहीं है कि दुनिया अपने उत्पादों को बाजार से कम कीमत पर अमेरिका में खपा रही है। इसीलिए टैरिफ के लिए यह न्यायोचित तर्क नहीं है।

और तीसरा, आर्थिक आपातकाल। लेकिन ट्रम्प तो खुद कई बार दावा कर चुके हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब तक की सबसे ताकतवर है।

अब सबसे महान अर्थव्यवस्था और आपातकाल, दोनों एक साथ तो यकीनन नहीं हो सकते!

मई में न्यूयॉर्क स्थित यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने अपने फैसले में कहा था कि ट्रम्प सरकार कांग्रेस (संसद) द्वारा राष्ट्रपति को दिए अधिकारों की सीमा पार कर गई है। कोर्ट ने ट्रम्प टैरिफ के अनुपालन को रोकने का आदेश दिया था। लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने उस फैसले के खिलाफ फेडरल सर्किट में अपील कर दी। अपीलीय कोर्ट ने सरकार को मामले की सुनवाई जारी रहते हुए भी टैरिफ लागू करने की अनुमति दे दी।

टैरिफ थोपने के ट्रम्प के अधिकार पर यह कानूनी लड़ाई सम्भवतः उनके पूरे कार्यकाल में चलती रहेगी। शायद सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच जाए, जहां फिलहाल कंजर्वेटिव बहुमत में हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि कोर्ट ट्रम्प के पक्ष में फैसला दे, क्योंकि अधिकांश जज अमेरिकी संविधान के प्रति निष्ठावान हैं। और वो शायद ही कांग्रेस (संसद) के पर कतरने जैसा कोई निर्णय सुनाएंगे।

अब ट्रम्प के पास संसद से विधायी मंजूरी लेने का विकल्प है। लेकिन इस प्रक्रिया में समय लगेगा। और यह भी स्पष्ट नहीं कि ट्रम्प के अराजक और लापरवाह तौर-तरीकों के चलते खुद रिपब्लिकन विधायक भी राष्ट्रपति को यह अधिकार देने पर सहमति जताएंगे।

यदि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर टैरिफ का प्रतिकूल प्रभाव दिखने लगा तो ट्रम्प-टैरिफ के लिए रिपब्लिकनों का समर्थन भी कम हो सकता है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## नया विचार • विदेश नीति में संतुलन होना चाहिए

# अपने लिए खड़ा होना उतना ही जरूरी, जितना दूसरों के लिए

देश-दुनिया



चेतन भगत
अंग्रेजी के उपन्यासकार
chetan.bhagat@gmail.com

मनुष्यों की तरह देशों को भी ठोस रुख अपनाने की जरूरत होती है, ताकि कोई उनका अनुचित फायदा न उठा सके। खासकर उन देशों के लिए यह और जरूरी है, जो अधिक प्रतिष्ठा और शक्ति की आकांक्षा रखते हैं। उदाहरण के लिए, एक देश द्वारा दूसरे देश पर लगाए गए प्रतिबंधों की अनदेखी करना उसकी दृढ़ता का संकेत हो सकता है। जलवायु-परिवर्तन लक्ष्यों की अवहेलना करना भी इसका संकेत हो सकता है। अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को समाप्त करने से इनकार करके भी कोई देश अपनी मजबूती का सबूत दे सकता है। इसके कुछ और उदाहरण हैं, किसी महाशक्ति के नेतृत्व वाले गुट से जुड़ने से इनकार, विरोध के बावजूद सैन्य कार्रवाई करना या टैरिफ की धमकियों को महत्व नहीं देना!

चाहे व्यक्ति हों या राष्ट्र, एक निश्चित स्तर की दृढ़ता आवश्यक है, नहीं तो दुनिया आपको हाशिए पर धकेल देगी। दृढ़ता का प्रतिशत हमारी बढ़ती ताकत के अनुपात में बढ़ता है। उदाहरण के लिए, आज का चीन तीन दशक पहले की तुलना में कहीं अधिक मुखर है। यह आर्थिक उत्पादन, सैन्य क्षमता और मैन्युफैक्चरिंग में उसकी बढ़ी ताकत से हुआ है। भारत भी- खासकर पिछले दो-तीन दशकों में- पहले से अधिक मुखर हुआ है। परमाणु समझौते से लेकर रणनीतिक गुटनिरपेक्षता और क्वाड तथा ब्रिक्स की सदस्यता तक- भारत पहले की तुलना अपने लिए कहीं ज्यादा दृढ़ता से खड़ा होता आ रहा है।

आज यह स्थिति है कि भारत के साहसिक निर्णयों के बारे में सोशल मीडिया पर जोरदार घोषणाएं की जाती हैं, स्थानीय मीडिया इन्हें जोर-शोर से पेश करता है, अक्सर इन्हें छोटी कूटनीतिक जीत के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ये सार्वजनिक घोषणाएं राजनीतिक हितों की भी पूर्ति करती हैं। लेकिन इसके साथ ही इस बात का खतरा बढ़ जाता है कि कहीं हम सीमाएं ना लांघने लगें। जब हम दूसरों को शर्मिंदा या अपमानित करने लगते हैं तो इससे समस्याएं पैदा होती हैं। यह दूसरे देशों को हमसे अलग-थलग कर सकता है, जिससे भविष्य में उनके साथ संबंध बहाल करना या व्यापार करना मुश्किल हो जाता है। हमें मालूम होना चाहिए कि हमें कब हठधर्मिता करनी है, बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि कितनी करनी है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज भारत तेजी से विकास कर रहा है। हम अब वैसा देश नहीं रह गए हैं, जैसे कि 30 साल पहले हुआ करते थे। हालांकि हमारी प्रति व्यक्ति आय अभी भी अपेक्षाकृत कम है और कुछ दूसरे देशों की तुलना में हमारा वैश्विक प्रभाव सीमित है। अगर हम अगले दो दशकों तक प्रगति करते रहे और दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करते रहे, तो जाहिर है कि हमारे पास मुखर होने की ज्यादा गुंजाइश होगी। लेकिन फिलहाल हमें अपनी वैश्विक स्थिति के अनुसार उसे परखना चाहिए। साथ ही दृढ़ता का हमेशा एक स्पष्ट, रचनात्मक उद्देश्य होना चाहिए- दूसरों का अपमान करना नहीं।

चीनी संस्कृति में गुआंशी की अवधारणा है, जिसमें सम्मान देने का विचार शामिल है। इसका अर्थ है कि बातचीत या असहमति में भी हमेशा दूसरे पक्ष का सम्मान करना चाहिए और उन्हें नीचा दिखाने से बचना चाहिए। कूटनीति और विदेश नीति में- मानवीय रिश्तों की तरह- दो बातों पर ध्यान देने की खास जरूरत होती है : दृढ़ता और समायोजन। एक ऐसा व्यक्ति अक्सर

**सही संतुलन जरूरी है : यह कि कब अपने लिए खड़ा होना है और कब दूसरों का साथ देना है। हमारी विदेश नीति में भी यह संतुलन होना चाहिए और बदलती हकीकतों के अनुसार इसे नियमित रूप से संशोधित करने में हर्ज नहीं है।**

ज्यादा सफलताएं अर्जित करता है, जिसके दूसरों से मजबूत और पेशेवर संबंध हों, बनिस्बत उस व्यक्ति के जो अकेले ही आगे बढ़ने पर अड़ा रहता है। यहीं पर समझौता करना जरूरी हो जाता है। कभी-कभी हमें महत्वहीन मुद्दों पर भी समझौता करना पड़ता है। ऐसा करके हम अपनी एक 'गुडविल' ही बनाते हैं।

समझदार व्यवसायी और राजनेता इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं। वे दूसरों की मदद करके अपना नेटवर्क मजबूत करते हैं, जिसका वे जरूरत पड़ने पर रणनीतिक रूप से इस्तेमाल कर सकते हैं। भारत को भी ऐसे अवसरों की तलाश करनी चाहिए, जहां वह अपनी स्वतंत्रता से समझौता किए बिना दूसरे देशों के लिए मददगार या सहायक हो सके। किसी भी बुद्धिमान व्यक्ति से पूछें, और वे आपको बताएंगे कि जीवन देने और लेने का एक सिलसिला है। यही बात अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी लागू होती है। कई देशों और नेताओं के पास आज ऐसी विशिष्ट परियोजनाएं या एजेंडे हैं, जिनमें भारत एक मददगार भूमिका निभा सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मुद्दा • जो बच्चे आज पढ़ रहे हैं, उनके भविष्य का क्या?

# उत्तराखंड जैसे प्राकृतिक हादसे लगातार क्यों बढ़ते जा रहे हैं?

क्लाइमेट



प्रो. चेतन सिंह सोलंकी
आईआईटी बॉम्बे में प्रोफेसर
chetanss@gmail.com

उत्तराखंड में बादल फटने की घटना से जो सैलाब उमड़ा और कहर बरपा, वह अपने तरह की कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले साल हिमाचल प्रदेश में भी ऐसी ही अचानक आई बाढ़, वायनाड में भूस्खलन, वड़ोदरा में बाढ़ के दृश्य देखे गए और दुनियाभर में भी, दुबई जैसे रेगिस्तानी शहरों में बाढ़ और लॉस एंजेलिस शहर की भयावह आग की घटना देखी गई थी। डाउन टु अर्थ मैगजीन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2024 में 366 में से 322 दिनों में चरम मौसम की घटनाओं का सामना करना पड़ा था।

हमें इन आपदाओं को अपवाद मानना बंद करना होगा। ये नया नियम बन गए हैं। सवाल यह नहीं है कि उत्तरकाशी क्यों हुआ, बल्कि यह है कि यह इतनी बार और इतनी तीव्रता से क्यों हो रहा है। क्या यह एक बार की त्रासदी है, जिसे हम भूलकर आगे बढ़ सकते हैं? या यह आगे आने वाली बड़ी आपदाओं का संकेत है?

भारत भर में अपनी ऊर्जा स्वराज यात्रा के दौरान, मैंने सैकड़ों सभाओं में एक साधारण-सा सवाल पूछा है : 'हमें कितना विकास करना चाहिए? हमें कब तक विकास करना चाहिए?' और आश्चर्य की बात है कि किसी के पास भी- न प्रोफेसर, न पालक, न नीति-निर्माता, न अर्थशास्त्री, न वैज्ञानिकों के पास इसका जवाब मिलता है।

फिर भी हर कोई जोर देकर कहता है, हमें विकास करना ही होगा। सरकारें ज्यादा जीडीपी ग्रोथ चाहती हैं। कॉर्पोरेट ज्यादा मुनाफा चाहते हैं। लोग बड़े घर और तेज चलने वाली कारें चाहते हैं। लेकिन कोई भी इसकी सीमा तय करने को तैयार नहीं है। यह ठीक वैसा ही है, जैसे बिना ब्रेक वाली गाड़ी चलाना। और हम जानते हैं इसका अंत कैसे होता है।

अंतहीन विकास का जुनून इस कदर हमारे ऊपर छाया है कि हम रुकने के लिए भी तैयार नहीं हैं। हम आर्थिक और तकनीकी विस्तार की दौड़ में फंसे हुए हैं, बिना एक बुनियादी सवाल पूछे कि क्या हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं? दरअसल, गति इतनी तेज है कि किसी के पास रुककर और चिंतन करने का समय ही नहीं है।

आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मोबाइल नेटवर्क जैसी तकनीकें तेजी से आगे बढ़ रही हैं- फिर भी जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को हम पीते हैं और जिस मिट्टी पर हम निर्भर हैं, वह पहले से कहीं ज्यादा तेजी से क्षीण हो रही है। जो कुछ भी जीवित रहने के लिए जरूरी नहीं है, वह बढ़ रहा है और जो कुछ भी जीवित रहने के लिए जरूरी है, जैसे हवा, पानी और मिट्टी, वह क्षीण हो रहा है। अगर जीवन को सहारा देने वाली हर चीज डी-ग्रेड हो रही है, तो हम कैसे स्वस्थ और स्थिर जीवन जी सकते हैं?

इन सबके पीछे विज्ञान है। हमारा ग्रह गर्म हो रहा है। जिन लोगों ने आंकड़ों पर ध्यान नहीं दिया है, उनके लिए बता दूं कि 2024 मानव इतिहास का सबसे गर्म साल था। शरीर के तापमान में मात्र 2 डिग्री की वृद्धि से हमें बुखार आ जाता है। हम ठीक से खा नहीं पाते, काम नहीं कर पाते, या आराम नहीं कर पाते। लेकिन 1850 के बाद, यानी औद्योगीकरण के बाद से पृथ्वी लगभग 2.5 डिग्री गर्म हो गई है।

कह सकते हैं कि पृथ्वी को बुखार आया है- और यह संतुलन खो रही है।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) हमें दशकों से चेतावनी दे रहा है। अगर ग्लोबल वार्मिंग का लेवल 2 डिग्री को

**बाढ़ और भूस्खलन से गांव तबाह हुए, मंदिर मलबे में दब गए, घर और होटल कागज की तरह बह गए। कुछ लोगों ने अपनी जानें गंवा दी हैं, बहुत सारे लोग अब भी लापता हैं। ऐसा क्यों हुआ और क्या यह फिर से नहीं होगा?**

पार कर जाएगा तो क्लाइमेट में परिवर्तन अपरिवर्तनीय हो जाएगा। उसके बाद मनुष्यों का कोई भी प्रयास क्लाइमेट चेंज को ठीक नहीं कर पाएगा।

चिंता की बात यह है कि आईपीसीसी के अनुसार हम 2045 से 2050 तक 2 डिग्री की ग्लोबल वार्मिंग को क्रॉस कर जाएंगे। 20 से 25 सालों में। और फिर भी ऐसा लगता है कि दुनिया सो रही है। हम क्या कर रहे हैं? विश्व के नेता क्या कर रहे हैं? 29 वर्षों से वे हर साल सीओपी मीटिंग में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की चर्चा के लिए मिलते हैं। और फिर भी, हर साल, वैश्विक कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है, हर साल।

भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश बन गया है। इसका मतलब है कि 192 देश हमसे कम उत्सर्जन करते हैं। भारत ने 2070 तक नेट जीरो तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है- यानी 2 डिग्री के अनुमानित तापमान बढ़ने के पूरे 20 साल बाद। यह तो घर जल जाने के बाद फायर ब्रिगेड भेजने जैसा है!

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## डिफ्रेंट एंगल • लगभग सबको मिल गया है रोटी, कपड़ा और मकान... अब कीजिए कुछ बेहतर प्रावधान

# बहुत हो गई शिकायत... चलो अब मिलकर कुछ करते हैं

बातों-बातों में



रश्मि बंसल
लेखिका और स्पीकर
mail@rashmibansal.in

बचपन में सुना था एक स्लोगन- रोटी, कपड़ा और मकान। खुशी की बात है कि अब ज्यादातर देशवासियों को तीनों ही उपलब्ध हैं। तो आज की आकांक्षाएं कुछ अलग हैं, खासकर नई पीढ़ी की, और उनके मां-बाप की भी। आइए सुनते हैं आम जनता की मन की बात :

जाता हूं रोज जिम अपनी बॉडी बनाने के लिए, सिक्स पैक चाहता हूं दुनिया को दिखाने के लिए।

इंटीरियर अपने घर का किया है टॉप क्लास, जो भी मिलने आए उसे लगे वो खास।

बच्चे मेरे जाते हैं इंटरनेशनल स्कूल में, जहां क्लासरूम एसी हैं, ओलिम्पिक स्विमिंग पूल है।

पिताजी का इलाज करवाया सब वर्ल्ड क्लास अस्पताल में, वहां के डॉक्टर के हाथ में कमाल है।

संडे को जाते हैं हम फाइन डाइन में, कभी-कभार ले लेता हूं वाइन मैं।

घूमता हूं बढ़िया इम्पोर्टेड कार में, शौक अपने रखता हूं बरकरार मैं।

मेहनत करता हूं बिजनेस बढ़ाने के लिए, दौलत-शोहरत-सक्सेस कमाने के लिए।

मेरे भाई का सपना था अमेरिका में बसूंगा, इस देश में रखा क्या है मैं ना रहूंगा।

मैंने कहा- तेरी मर्जी, तू जा मेरे भाई, फॉरेन की लाइफस्टाइल, डॉलर में कमाई।

मां-पिता के साथ रहूंगा, चाय पर सुबह बात करूंगा।

दोस्तों से होगी अक्सर मुलाकात, निकल पड़ेंगे हम घूमने साथ। लोनावला की बारिश में पकौड़े और चाय, ऐसा मजा कहां विदेश में मेरे भाई?

सब कुछ बहुत अच्छा है बस एक ही गम, क्यों नहीं साफ-सुथरे रह सकते हम?

पिछले साल श्रीलंका के टूर पर गया, कोलंबो को देखकर दंग रह गया।

इतना-सा देश, इतनी ज्यादा सफाई, मुझे तो बात समझ नहीं आई।

अगर वो कर सकते हैं तो हम क्यूं नहीं, हम भी चाहते हैं दिल से वही। क्यूंकि अपना घर सुंदर रखने के बाद, निकलते ही फुटपाथ है पूरा बर्बाद।

इम्पोर्टेड गाड़ी का कोई फायदा नहीं, जब सड़क बनाने का कोई कायदा नहीं।

दो-चार शहर छोड़कर हर तरफ समस्या, कचरे के ढेर, कूड़े की संख्या।

मेरी चार साल की बेटी ने एक दिन कहा- पापा, अमेरिका में भी ऐसा होता है क्या?

क्या जवाब दूं इस बच्ची को... इक बात जो सीधी और सच्ची हो।

हम चांद तक रॉकेट सेंड कर सकते हैं, लेकिन धरती पर सड़क नहीं मेंड कर सकते हैं!

हमारे टैक्स का पैसा कहां जा रहा है? ऐसा लगता है कोई तो खा रहा है!

कोई ऐसा जिसे अपने देश से प्यार नहीं, जिसे सेवा का कोई विचार नहीं।

आखिर कब तक चुप रहेंगे हम सब? सुधार कभी ना होगा तब।

अगर मोहल्ला-मोहल्ला आवाज उठाए, कॉर्पोरेशन की जान खा जाए।

तभी होगा कुछ अपने देश का, मिटेगा वो सपना विदेश का।

मेरी बेटी कहेगी इंडिया इज द बेस्ट, मुझे जाना नहीं है वेस्ट।

बुढ़ापे में बच्चे पास रहेंगे, मिलेंगे-जुलेंगे, बात करेंगे।

तो आज ही एक ग्रुप बनाकर मोहल्ले की जिम्मेदारी लीजिए, ग्लोव और मास्क पहनकर एक सड़क की सफाई कीजिए।

लोग हंसेंगे, मजाक भी उड़ाएंगे, फिर धीरे-धीरे वो भी जुड़ जाएंगे। जैसे लोग जुड़ेंगे ताकत बढ़ेगी, आपकी बात फिर सरकार भी सुनेगी।

हां, मैं पागल हूं, मगर कहीं आप भी समझते हैं... बहुत हो गई शिकायत, चलो मिलकर कुछ करते हैं।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

**भास्कर एनालिसिस** पीवीआर की आय 27% बढ़ी, बॉलीवुड के दमदार प्रदर्शन के चलते सालभर में घाटा 136.5 करोड़ से घटकर 33.5 करोड़

# बड़े पर्दे का जलवा, ग्राहक 12% बढ़े, फूड पर औसत खर्च 10% बढ़कर रिकॉर्ड 148 रु.

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सिनेमा जगत की दिग्गज कंपनी पीवीआर आइनॉक्स के लिए वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत धमाकेदार रही। अप्रैल-जून तिमाही में बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे कंपनी की कमाई में बड़ा उछाल देखने को मिला। कंपनी के तिमाही नतीजों से पता चलता है कि अब बॉक्स ऑफिस सिर्फ कुछ बड़े ब्लॉकबस्टर पर निर्भर नहीं है, बल्कि कई मध्यम और बड़ी हिट फिल्मों के दम पर चल रहा है। इस तिमाही में कुल 10 फिल्मों ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया, जिनमें से 3 ने तो 200 करोड़ से अधिक का कारोबार किया। इसके चलते पीवीआर की कुल आय सालाना आधार पर 23% बढ़कर 14,87.9 करोड़ रुपए रही। कंपनी का घाटा सालाना आधार पर 33.5 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 136.5 करोड़ से काफी कम है।

### कमाई ऐसे बढ़ाई

#### 3.4 करोड़ दर्शक, औसत टिकट 8% बढ़कर ₹254

- **दर्शकः** जून तिमाही में 3.4 करोड़ लोगों ने पीवीआर आइनॉक्स के सिनेमाघरों का रुख किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा है।
- **औसत टिकटः** सालाना आधार पर औसत टिकट मूल्य 8 फीसदी बढ़कर 254 रुपए रहा।
- **फूड और बेवरेजः** प्रति व्यक्ति फूड और बेवरेज पर खर्च 10 फीसदी बढ़कर 148 रुपए हो गया, जो अब तक का सबसे ज्यादा है।
- **चुनौतीः** भारत-पाक तनाव, पंजाबी फिल्मों से जुड़े प्रदर्शनों के कारण 6-7 लाख दर्शकों का नुकसान।

### कमाईः टिकट-फूड बिक्री से आय 23% तक बढ़ी विज्ञापन से आय 17% बढ़कर 110 करोड़ रु. हुई

| विवरण | Q1, FY'26 | Q1, FY'25 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| मूवी टिकट बिक्री | 728.1 | 593.5 | 22.7% |
| फूड और बेवरेज बिक्री | 491.9 | 401.8 | 22.4% |
| विज्ञापन से आय | 109.6 | 93.4 | 17.3% |
| सुविधा शुल्क | 48.1 | 43.8 | 9.8% |
| अन्य परिचालन आय | 91.4 | 58.2 | 57.0% |
| अन्य आय | 18.8 | 17.9 | 5.0% |
| कुल आय | 1,487.9 | 1,208.6 | 23.1% |

**नोटः**- आंकड़े करोड़ रुपए में, **सोर्सः** कंपनी फाइलिंग

### मंगलवार को सस्ते टिकट, नए शो से जोड़े दर्शक

**'ब्लॉकबस्टर ट्यूसडे':** इस योजना के तहत टिकट की शुरुआती कीमत 99 रु. रखी गई। इससे 10 लाख नए और पुराने दर्शक मिले।

**कॉमेडी शो, आईपीएल, पुरानी फिल्मों के शो से जोड़े 5 लाख दर्शकः** पुरानी क्लासिक फिल्मों का दोबारा प्रदर्शन, आईपीएल मैच, संगीत कार्यक्रम और कॉमेडी शो जैसे प्रयोग किए गए। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए 5 लाख से ज्यादा लोग सिनेमाघरों में आए।

### बंपर हिट... बॉलीवुड की 10 फिल्में 100 करोड़ क्लब में




- **बॉलीवुड से कमाई 38% बढ़ी, 388 करोड़ का बिजनेस** बॉलीवुड फिल्मों से कलेक्शन सालाना आधार पर 38% बढ़कर 387.6 करोड़ रहा। इसकी वजह रेड 2, सितारे जमीन पर, केसरी चैप्टर 2, समेत 10 फिल्मों ने 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया।




- **हॉलीवुड कलेक्शन 72% बढ़कर 226 करोड़ रु.** हॉलीवुड फिल्मों से कमाई सालाना आधार पर 72% बढ़कर 226 करोड़ रही। मिशन इम्पॉसिबल, फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन और एफ1 जैसी फिल्मों ने प्रीमियम फॉर्मेट्स जैसे ईमैक्स, 4डीएक्स में अच्छा किया। इन फॉर्मेट में 20% दर्शक बढ़े।




- **रीजनल सिनेमा से कमाई 4% घटकर 243 करोड़** क्षेत्रीय सिनेमा से हुई कमाई में तमिल की 'गुड बैड अगली', 'टूरिस्ट फैमिली' और मलयालम की 'थुडरुम' जैसी फिल्मों का अहम योगदान रहा। हालांकि कलेक्शन सालाना आधार पर 4% घटकर 243 करोड़ रुपए रहा।

### स्क्रीन में साउथ का दबदबाः 33% स्क्रीन दक्षिण में और घनी आबादी वाले उत्तर में 27%




- पीवीआर आइनॉक्स देश के 111 शहरों में 353 सिनेमाघरों के साथ कुल 1,745 स्क्रीन चला रही है। जून तिमाही में 20 नई स्क्रीन खोली गईं। इनमें 6 गुड़गांव, 5 रायपुर, 4 जबलपुर और 5 नोएडा में जोड़ी है। साथ ही, कंपनी ने 127 स्क्रीन के लिए समझौते भी किए हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### बजाज ऑटोः लाभ 14% बढ़कर ₹2,210 करोड़

**मुंबई** | बजाज ऑटो का अप्रैल-जून में मुनाफा सालाना आधार पर 14% बढ़कर 2,210 करोड़ हो गया। बीते साल की समान तिमाही में यह 1,942 करोड़ था। आय 10% बढ़कर 13,133 करोड़ हो गई। यह 2024 की समान तिमाही में 11,932 करोड़ थी। निर्यात, प्रीमियम मोटरसाइकिल और ई-वाहनों की बिक्री से आय बढ़ी। बीएसई पर बुधवार को कंपनी के शेयर 0.64% गिरकर 8,177 रु. पर बंद हुए।

### एनएसडीएलः लिस्टिंग के दिन 18% तक मुनाफा

**मुंबई** | एनएसडीएल के शेयर ने बीएसई पर बुधवार को लिस्टिंग के दिन निवेशकों को 18% तक मुनाफा दिया। बीएसई पर शेयर इश्यू प्राइस 800 रु. के मुकाबले 10% प्रीमियम के साथ 880 रु. पर लिस्ट हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर ने 17.98% उछाल के साथ दिन के उच्चतम स्तर 943.85 रु. को छुआ। शाम को शेयर 17% बढ़त के साथ 936 रु. पर बंद हुआ। इसी के साथ मार्केट कैप 18,720 करोड़ रु. हो गया।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी का आईपीओ 11 अगस्त से

**मुंबई** | ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल का 1,541 करोड़ रु. का आईपीओ 11 अगस्त से 13 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। प्राइस बैंड 492-517 रु. प्रति शेयर तय किया गया है। बेंगलुरू की यह कंपनी आईपीओ के तहत 2.98 करोड़ शेयर बिक्री के लिए पेश कर रही है। इसमें 1.59 करोड़ नए शेयर और ऑफर-फॉर-सेल के तहत 1.39 करोड़ शेयरों की पेशकश शामिल है। कंपनी इश्यू से जुटाई पूंजी का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल और अन्य जरूरतों में करेगी।

### एसबीआई 5,583 खाली पदों पर हायरिंग करेगा

**नई दिल्ली** | देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई देशभर में 5,583 खाली पदों के लिए जूनियर एसोसिएट्स (कस्टमर सर्विस और सपोर्ट) की भर्ती शुरू करेगा। आवेदन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 6 से 26 अगस्त 2025 तक खुले रहेंगे। बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह नई भर्ती, पिछले महीनों में 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर और 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती के बाद की जा रही है।

**भारत पर ट्रम्प टैरिफ** • देश के उद्योगपतियों ने कहा- हम किसी के आगे नहीं झुकेंगे

# ट्रम्प का ये टैरिफ वॉर भारत के लिए 1991 जैसे सुधारों का मौकाः महिंद्रा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगाने से देश के उद्योग जगत में हलचल है। यह टैरिफ रूस से तेल आयात करने की 'सजा' के तौर पर लगाया गया है। भारत अब ब्राजील के बाद इस स्तर पर पहुंचने वाला दूसरा देश है। इस फैसले पर भारतीय उद्योगपतियों और विशेषज्ञों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने इसे 1991 के आर्थिक संकट जैसा एक बड़ा अवसर बताया है।

उद्योगपति हर्ष गोयनका ने कहा है कि भारत अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा। दूसरी ओर, व्यापार विशेषज्ञों ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। यह टैरिफ भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात को प्रभावित करेगा। इस बीच, अर्थशास्त्र और व्यापार विशेषज्ञों ने निर्यात, प्रतिस्पर्द्धा और जीडीपी वृद्धि पर खतरे की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक की चीफ इकोनॉमिस्ट साक्षी गुप्ता ने कहा कि अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो इसका अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर होगा। विकास दर वृद्धि पूर्वानुमान 6.5% से घटाकर 6% से कम करना होगा। यह ऊंचे टैरिफ पर हमारे पिछले अनुमानों से दोगुना होगा।

### आनंद महिंद्रा ने मजबूत इकोनॉमी के लिए 3 बड़े सुझाव दिए



1 **सिंगल-विंडो सिस्टम पर हो कामः** महिंद्रा ने कहा कि भारत को अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए कुछ क्षेत्रों पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार करना होगा। एक प्रभावी सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम होना चाहिए। सभी राज्यों के साथ एक राष्ट्रीय सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म बनाया जाए।

2 **पर्यटन को विदेशी मुद्रा का इंजन बनाएंः** पर्यटन विदेशी मुद्रा कमाने और रोजगार के लिए सबसे कम इस्तेमाल किया गया स्रोत है। इसे एक इंजन की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए वीसा प्रोसेसिंग को तेज करने, पर्यटकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने, और मौजूदा पर्यटन स्थलों के आसपास डेडिकेटेड 'टूरिज्म कॉरिडोर' बनाने की जरूरत है। इन कॉरिडोर में सुरक्षा, सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

3 **छोटे उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएः** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नकदी की उपलब्धता (लिक्विडिटी) बढ़ाने के उपायों की जरूरत है। इंफ्रास्ट्रक्चर के निवेश में तेजी लाई जानी चाहिए। पीएलआई स्कीम का दायरा बढ़ाकर मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। आयात शुल्क को तर्कसंगत बनाएं और मैन्युफैक्चरिंग इनपुट पर शुल्क कम करें ताकि हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

### यह टैरिफ अनावश्यक दबाव पैदा करेगा

*इस टैरिफ वृद्धि से भारत अगले महीने से दुनिया में सबसे ज्यादा द्विपक्षीय टैरिफ दर वाला देश बन जाएगा। यह निश्चित रूप से 2025-26 के जीडीपी अनुमान के लिए नकारात्मक जोखिम बढ़ाता है।*

**- गौरा सेन गुप्ता,** इकोनॉमिस्ट आईडीएफसी फर्स्ट बैंक



*जब दोनों देश व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर काम कर रहे थे, यह टैरिफ दबाव पैदा करेगा। भारत बातचीत जारी रखेगा, एक संतुलित समाधान तलाशेगा।*

**-अग्नेश्वर सेन,** ईवाई इंडिया के व्यापार नीति प्रमुख

### अब ट्रम्प को बायपास कर हमें इकोनॉमी को तगड़ा बूस्टर देना होगा

**भास्कर एक्सपर्ट**



**प्रो. अरुण कुमार**
अर्थशास्त्री, द ग्लोबल ट्रेड पैराडाइम के लेखक

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अब बायपास करने का वक्त आ गया है। भारत किसी भी सूरत में 'बनाना इकोनॉमी' नहीं है। ट्रम्प को ये गलतफहमी है कि वे भारत को अपनी शर्तों पर राजी कर लेंगे। भारत ने अब तक कड़ा रुख अपनाया हुआ है। ट्रम्प दुनिया भर के लिए 'बुली अंकल सैम' बन रहे हैं यानी प्रेशर टैक्टिक्स से अपनी बात मनवा रहे हैं। लेकिन हमें ये भी देखना होगा कि ट्रम्प चीन को अब तक नहीं झुका पाए हैं। भारत अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर वार्ता कर रहा है। लेकिन अमेरिका की कड़ी शर्तों के कारण बात नहीं बन पा रही है। लेकिन अभी ट्रम्प ने 50% टैरिफ के लिए 21 दिन का समय दिया है यानी साफ है कि ट्रम्प नेगोशिएशन चाहते हैं। अब ये ट्रेड डिप्लोमैसी पर निर्भर करता है कि वो भारत के पक्ष में कितना कर पाएं। हमें भी ट्रम्प को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए इंटरनल मार्केट को बूस्टर देना होगा।

## पेरिस हिल्टन को पति कार्टर ने गिफ्ट किया प्राइवेट जेट






**न्यूयॉर्क** | अमेरिकी बिजनेसवुमन और सोशलाइट पेरिस हिल्टन को उनके बिजनेसमैन पति कार्टर रीम ने जन्मदिन के तोहफे के रूप में एक खास एयरप्लेन गल्फस्ट्रीम जी450 तोहफे में दिया है। इस एयरप्लेन को स्लिव एयर नाम दिया गया है। इस प्राइवेट जेट की स्पीड 925 किमी/घंटा है, इसकी रेंज लगभग 8,000 किलोमीटर है। ये लॉस एंजिलिस से न्यूयॉर्क या मियामी से लंदन तक नॉनस्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है।

### फार्मा में बिकवाली से 160 अंक गिरा सेंसेक्स

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स 166 अंक टूटकर 80,544 पर बंद हुआ। निफ्टी 75 अंकों के नुकसान में रहा। यह 24,574 पर बंद हुआ। एक्सपर्ट्स के मुताबिक बाजार में यह गिरावट आरबीआई के प्रमुख ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने के फैसले और आईटी-हेल्थकेयर शेयरों में हुई बिकवाली के कारण आई। अमेरिका से नई व्यापारिक तनाव की धमकियों के बावजूद, निफ्टी 24,500 के महत्वपूर्ण सपोर्ट लेवल के पास टिका रहा। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.14% तक गिरावट दर्ज की गई।

**बड़ा दांव** • इंटीग्रेटेड सर्विस सेंटर बनेगा

### टेस्ला ने गुरुग्राम में 40 लाख रु./मासिक लीज पर स्पेस लिया

सुनयना चड्ढा | नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क की ग्लोबल ईवी कंपनी भारत में अपना तेज विस्तार कर रही है। मुंबई और दिल्ली के बाद अब टेस्ला हरियाणा के गुरुग्राम में शोरूम खोलेगी। टेस्ला ने सोहना रोड स्थित ऑर्किड बिजनेस पार्क में 33,475 वर्ग फुट स्पेस 9 साल के लिए लीज पर लिया है। इस प्रॉपर्टी का सुपरबिल्टअप एरिया 50,914 वर्ग फुट का है। इस फेसिलिटी में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में टेस्ला का पहला इंटीग्रेटेड सर्विस सेंटर, डिलीवरी हब और कस्टमर-फेसिंग रिटेल स्टोर होगा। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म सीआरई मैट्रिक्स द्वारा प्राप्त लीज दस्तावेजों से पता चलता है कि टेस्ला ने इस स्पेस के लिए 2.41 करोड़ रुपए सिक्युरिटी डिपॉजिट का भुगतान किया है और 40.17 लाख रुपए महीना किराये का भुगतान करेगी। लीज में 4.75% सालाना किराया बढ़ोतरी का प्रावधान शामिल है।

**वीसी फंडिंग** • दुनिया में इस दौरान 5% घट गई

### देश में वीसी फंडिंग डील इस साल की पहली छमाही में 15% बढ़ी

**नई दिल्ली** | इस साल की पहली छमाही के दौरान जहां दुनियाभर में वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग में गिरावट आई वहीं भारत एक आकर्षक स्थान के रूप में उभरा है। 2025 की पहली छमाही के दौरान देश में वीसी फंडिंग डील की संख्या सालाना आधार



पर करीब 15% बढ़ गई। वीसी डील की कुल वैल्यू करीब 13% बढ़ी। प्रमुख डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबल डेटा की रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल डील की संख्या में भारत की हिस्सेदारी 8% से ज्यादा रही। ये वीसी इकोसिस्टम में इसकी बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है। वैल्यू के संदर्भ में, ग्लोबल वीसी फंडिंग में भारत की हिस्सेदारी करीब 4% थी। ग्लोबल डेटा के प्रमुख विश्लेषक, ऑरोज्योति बोस के अनुसार, 'भारत में वीसी डील की संख्या में ये बढ़ोतरी उल्लेखनीय है। दुनियाभर में वीसी फंडिंग डील में करीब 5% की गिरावट आई है। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन में 2025 की पहली छमाही में डील की संख्या में क्रमशः करीब 4%, 6% और 14% की सालाना गिरावट रही। डील की वैल्यू के संदर्भ में भी चीन और ब्रिटेन में क्रमशः करीब 45% और 12% की गिरावट दर्ज की गई।'

**अच्छी खबर** • मजबूत त्योहारी डिमांड से ग्रोथ

### जुलाई में रिकॉर्ड 13 करोड़ से ज्यादा ई-वे बिल जेनरेट हुए, 26% बढ़ोतरी

**नई दिल्ली** | भारत में राज्यों के बीच माल की आवाजाही का एक प्रमुख संकेतक ई-वे बिल जेनरेशन जुलाई के महीने में रिकॉर्ड 13.19 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ग्रामीण मांग में मजबूती, त्योहारों से पहले माल का स्टॉक के अलावा निर्यातकों



द्वारा 7 अगस्त से लागू होने वाले 25% पारस्परिक टैरिफ से पहले अमेरिका को शिपमेंट बढ़ाना इसकी प्रमुख वजह रही। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) के आंकड़ों से पता चला है कि ई-वे बिल जेनरेशन में पिछले साल की तुलना में करीब 26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं जून के मुकाबले जुलाई में ई-वे बिल जेनरेशन 10.4 फीसदी बढ़ गया है। ये हाल के दिनों में सबसे मजबूत मासिक बढ़ोतरी में से एक है। डेलॉय इंडिया में इनडायरेक्ट टैक्स मामलों के पार्टनर एमएस मणि के मुताबिक 'ई-वे बिल भारत के भीतर माल की भौतिक आवाजाही को दर्शाते हैं। जुलाई में आमतौर पर मानसून का महीना होने की वजह से माल की आवाजाही धीमी होती है, लेकिन इस बार की वृद्धि ग्रामीण मांग में तेजी के कारण हो सकती है।'

**भरोसा बढ़ा** • सिंगापुर 28%के साथ दूसरे स्थान पर

### भारत के विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में सबसे ज्यादा 31% अमेरिका का

**मुंबई** | अप्रैल-जून 2025 तिमाही के दौरान भारतीय शेयरों में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट (एफपीआई) के निवेश के मामले में अमेरिका ने सिंगापुर को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है। देश की कुल एफपीआई होल्डिंग में अमेरिकी एफपीआई



की हिस्सेदारी 31.04% रही। इस दौरान सिंगापुर की हिस्सेदारी 28.11% रही। जनवरी-मार्च तिमाही में सिंगापुर अमेरिका से थोड़ा आगे था। भारत-अमेरिका टैरिफ विवाद के बीच अमेरिकी एफपीआई का भारतीय शेयर मार्केट में भरोसा बढ़ना उल्लेखनीय बात है।

#### विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में 90% हिस्सा 5 देशों का

| देश | होल्डिंग में हिस्सा |
|---|---|
| अमेरिका | 31.04% |
| सिंगापुर | 28.11% |
| नॉर्वे | 15.40% |
| मॉरीशस | 11.25% |
| केमैन आईलैंड | 4.08% |

**भारत में एफपीआई होल्डिंग के मामले में टॉप 10 देश -** अमेरिका, सिंगापुर, नॉर्वे, मॉरीशस, केमैन आइलैंड, लग्जमबर्ग, यूएई, कतर, ब्रिटेन और जापान

**जीएसटी** • सितंबर तक हो सकता है अमल

### फर्टिलाइजर पर एक समान 12 फीसदी जीएसटी का प्रस्ताव

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल सितंबर तक अपने अगले दौर के सुधारों के तहत फर्टिलाइजर सेक्टर में टैक्स स्ट्रक्चर को सही करने के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। मामले से जुड़े सरकारी अधिकारियों के मुताबिक ये योजना संभवतः मंत्रिसमूह (जीओएम) की रेट रेशनलाइजेशन रिपोर्ट का हिस्सा होगी। इसमें फर्टिलाइजर इनपुट और तैयार उत्पादों, दोनों पर एक समान 12% जीएसटी लगाने का लक्ष्य है। जीएसटी सुधारों की कड़ी के रूप में केंद्र द्वारा इस कदम का समर्थन किया जा रहा है। वर्तमान में, अमोनिया और अन्य कच्चे माल जैसे इनपुट पर 12% जीएसटी लगता है, जबकि तैयार फर्टिलाइजर पर केवल 5% जीएसटी लगता है। इससे उल्टे शुल्क की स्थिति बन गई है। फर्टिलाइजर निर्माताओं की ऑपरेटिंग कैपिटल ब्लॉक हो गई और अनुपालन लागत बढ़ गई है। इसके कारण इस सेक्टर में नए निवेश नहीं आ रहे।

**बिजनेस एंकर** • रिजर्व बैंक को इकोनॉमी पर भरोसा, महंगाई अनुमान घटाकर 3.1% किया

# 'ग्लोबल ट्रेड से तनाव बढ़ा तो आगे ब्याज दरें घट सकती हैं'

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

वैश्विक तनाव के बीच रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है। वहीं, रिटेल महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 3.1% कर दिया। पहले



यह 3.7% था। एमपीसी के सभी सदस्यों ने समीक्षा में रेपो रेट को 5.5% पर बनाए रखने के पक्ष में वोट किया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने यह निर्णय सावधानीपूर्वक लिया है, ताकि बीते छह माह में 1% की कटौती के असर का पूरी तरह से आकलन किया जा सके। एसबीआई कैपिटल ने अपने नोट में कहा, 'आरबीआई ने आर्थिक विकास और महंगाई के संतुलन को देखते हुए रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया। नीति को भी 'न्यूट्रल' रखा है। यानी आरबीआई अभी इंतजार करेगा और देखेगा कि आने वाले समय में आर्थिक हालात कैसे बदलते हैं। अमेरिका द्वारा लगाए गए नए टैरिफ के कारण भारत की आर्थिक ग्रोथ उम्मीद से कम रह सकती है। हमारी रिसर्च के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 में भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 6.2% तक सीमित रह सकती है।' एमके ग्लोबल की चीफ इकोनॉमिस्ट माधवी अरोड़ा के मुताबिक ये फैसला भविष्य की महंगाई पर केंद्रित है। वैश्विक ट्रेंड टेंशन से ग्रोथ पर दबाव पड़ा तो साल के अंत तक रेट कट की संभावना बन सकती है। वहीं बैंकबाजार डॉट कॉम के सीईओ आदिल शेट्टी के अनुसार, रेपो रेट से जुड़ी होने के कारण होम लोन की दरें पहले ही 8% से नीचे हैं। ऐसे लोग जो अभी भी ऊंची ब्याज दरों पर लोन चुका रहे हैं, उन्हें रेपो-लिंक्ड उत्पादों पर स्विच करना चाहिए, ताकि उनकी लंबी अवधि की ब्याज लागत कम हो सके। जमाकर्ताओं के लिए ऊंची ब्याज दरों का यह अंतिम दौर हो सकता है। अभी भी कई बैंकों में एफडी पर 7.25% से अधिक ब्याज मिल रहा है। बुजुर्गों को तो 0.5% तक का अतिरिक्त लाभ मिलता है। ऐसे में समय रहते निवेश लॉक कर सकते हैं।

### दो बड़े फैसले... छोटे निवेशक अब और आसानी से सरकारी बॉन्ड खरीद सकेंगे

**एसआईपी से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकेंगे**

आरबीआई ने रिटेल-डायरेक्ट प्लेटफॉर्म में नई सुविधा जोड़ी है। रिटेल निवेशक एसआईपी के जरिये ट्रेजरी बिल में निवेश कर सकेंगे। ये पोर्टल नवंबर 2021 में शुरू हुआ था। मई 2024 में मोबाइल एप भी लॉन्च किया गया, ताकि छोटे निवेशक सरकारी बॉन्ड खरीद और बेच सकें।

**मृतक के बैंक खाते, लॉकर के दावे अब आसान होंगे**

अब दुनिया छोड़ गए ग्राहकों के खातों और लॉकर के दावों को निपटाने की प्रक्रिया सरल होगी। आरबीआई ने कहा कि इस प्रक्रिया को स्टैंडर्डाइज किया जाएगा ताकि नॉमिनी के लिए क्लेम करना आसान हो सके। अभी हर बैंक की अपनी अलग प्रक्रिया है, जिससे दावेदारों को परेशानी होती है।

**छंटनी** • रिस्ट्रक्चरिंग, ऑटोमेशन और कॉस्ट कटिंग का परिणाम

# इस साल दुनियाभर में 176 टेक कंपनियों ने 80 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को निकाला

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत सहित दुनियाभर की कंपनियां लागत घटाने और अपने बिजनेस मॉडल की रिस्ट्रक्चरिंग करने के नाम पर बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को निकाल रही हैं। इन छंटनियों का सबसे बड़ा असर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों पर पड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ये घटनाएं इंडस्ट्री के तेजी से बदलते माहौल, ऑटोमेशन और लागत नियंत्रण रणनीतियों का परिणाम हैं। दुनियाभर में कंपनियों की छंटनी पर नजर रखने वाले प्लेटफॉर्म लेऑफ्स डॉट एफवाईआई के मुताबिक इस साल अभी तक 176 टेक कंपनियों ने 80,845 कर्मचारियों की छंटनी की है। दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियों में से एक इंटेल इस साल अपनी वर्कफोर्स में से एक-चौथाई हिस्सा यानी 24,000 कर्मचारियों (25%) की छंटनी करेगी। माइक्रोसॉफ्ट ने बीते माह 9 हजार कर्मचारियों की छंटनी की है। फार्मा, कंज्यूमर हेल्थ, एग्रो केमिकल जैसे प्रोडक्ट बनाने वाली ग्लोबल कंपनी बायर ने भी रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर 12,000 पूर्णकालिक पदों को समाप्त कर दिया है।

### इस साल छंटनी करने वाली प्रमुख भारतीय कंपनियां




| कंपनी का नाम | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| क्लियर | 145 | 16% |
| एस्ट्रा | -- | 100% |
| ओह्म मोबिलिटी | -- | 100% |
| कोड पैरेट | -- | 100% |
| ब्लिप | -- | 100% |
| सटल एआई | -- | 100% |

(स्रोत- लेऑफ.एफवाईआई, एंट्रैकर.कॉम)

**भास्कर एनालिसिस** इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पेसर्स ने अपने दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट से गेंदबाजी की

# पेस से प्रहार: हर 51वीं गेंद पर विकेट

## इंग्लैंड ने प्रति विकेट 12 गेंद ज्यादा फेंकीं; हमें सीरीज में सर्वाधिक 5-विकेट हॉल

भास्कर न्यूज | मुंबई

इंग्लैंड दौरा हमारी तेज गेंदबाजी के लिए एक नए दौर की उम्मीद लेकर आया। भारतीय पेसर्स ने पांच मैच की टेस्ट सीरीज में 592.2 ओवर गेंदबाजी की, जो टीम इंडिया की ओर से खेली गई 180 सीरीज में उसके पेसर्स के चौथे सर्वाधिक ओवर हैं। भारतीय पेसर्स ने इंग्लैंड की कम जान वाली पिचों पर भी गजब की ताकत दिखाई और हर 50.7वीं गेंद पर विकेट चटकाया। यह किसी सीरीज में पेस बॉलिंग के 500+ ओवर फेंकने के बाद भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में भारत ने हर 41.8वीं गेंद पर विकेट लिया था। भारतीय पेसर्स के विकेट लेने की रफ्तार भी इंग्लैंड से तेज रही। इंग्लैंड के पेसर्स को हर विकेट के लिए करीब 12 गेंद ज्यादा फेंकनी पड़ी और उनका स्ट्राइक रेट 62.8 रहा। औसत (36.53) में भी भारतीय टीम इंग्लैंड (36.53) से बेहतर रही।

- भारत ने दौरे पर पांच बार फाइव विकेट हॉल झटके, जबकि इंग्लिश टीम सिर्फ तीन बार ऐसा कर पाई। यह भारतीय पेसर्स की ओर से किसी सीरीज में लिए गए सर्वाधिक फाइव विकेट हॉल भी हैं। इससे पहले 1981-82 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में चार बार पारी में 5+ विकेट झटके थे।
- 4+ विकेट हॉल के मामले में भी भारत के लिए यह बेस्ट सीरीज रही। टीम के पेसर्स ने सीरीज में नौ बार 4+ विकेट हासिल किए। इससे पहले पाक के खिलाफ 1979-80 की घरेलू सीरीज में छह बार ऐसा किया था।




### सिराज ने टूर पर धारणा बदली: बुमराह की गैरमौजूदगी में पेस अटैक के लीडर बने

भारत के प्रीमियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने वर्कलोड के चलते दौरे पर सिर्फ तीन टेस्ट खेले। ऐसे में मोहम्मद सिराज ने पेस आक्रमण की अगुआई की। तेज गेंदबाजी में फिटनेस की डिमांड के बावजूद वे सभी पांच मैचों में लगातार उतरे और 1,113 गेंदें फेंकी। सिराज सीरीज में 1000+ गेंद फेंकने वाले इकलौते भारतीय रहे। उन्होंने हर 48.3 वीं गेंद पर विकेट लिया और विदेश दौरे पर किसी भारतीय की सबसे धारदार गेंदबाजी का रिकॉर्ड बना दिया। सिराज ने बुमराह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2021-22 के इंग्लैंड दौरे पर ही हर 48.7वीं गेंद पर विकेट चटकाया था।

**104** विकेट सिराज के उनके डेब्यू के बाद से विदेश में, किसी पेस गेंदबाज के लिए सर्वाधिक। इस मामले में बुमराह (102), रबाडा (82) और स्टार्क (82) भी उनसे पीछे हैं।

**131** किमी/ घंटे की रफ्तार से नीचे की गेंद नहीं फेंकी सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज में।

### इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर के खिलाफ सिराज ज्यादा कारगर साबित हुए

इंग्लैंड में सिराज 23 विकेट लेकर टॉप पर रहे। बुमराह ने 14 विकेट लिए। हालांकि, दोनों ने जिनके विकेट लिए, उनमें अंतर रहा। बुमराह ने 42.85% विकेट शीर्ष-6 बैटर्स के चटकाए, जबकि सिराज के लिए ऐसे विकेटों का प्रतिशत 56.52 रहा।

### जब बुमराह नहीं, तब सिराज का औसत 10 रन प्रति विकेट बेहतर

सिराज ने करियर के 41 में से 25 टेस्ट बुमराह के साथ खेले हैं, जिनमें उनका औसत 35 रन प्रति विकेट रहा है। वहीं, बुमराह की अनुपस्थिति में खेले 16 टेस्ट में सिराज ने 25.10 रन प्रति विकेट की औसत से विकेट चटकाए हैं।

### यह आंकड़ा अहम क्योंकि... बुमराह ने दो साल में 25% टेस्ट मिस किए

सिराज का आगे बढ़कर भारतीय पेस अटैक की जिम्मेदारी लेना अहम है, क्योंकि बुमराह की फिटनेस हमेशा चिंता का विषय रही है। 1 जुलाई 2023 से भारत ने 24 टेस्ट खेले हैं और बुमराह ने इनमें से 18 मैच में शिरकत की है। यानी 25% टेस्ट मिस किए हैं। वहीं, सिराज ने 22 टेस्ट खेले और सिर्फ दो मिस किए हैं।

### इम्पैक्ट: जब सिराज खेले तब 54% मैच जीते, जब बुमराह खेले 42% जीत मिली

| सिराज | vs | बुमराह |
|---|---|---|
| 31 | उम्र | 31 |
| 2020 | डेब्यू | 2018 |
| 41 | मैच | 48 |
| 80% | फिटनेस | 63% |
| 53.65% | मैच जिताए | 41.66% |
| 40% | अनुपस्थिति में टीम जीती | 71.42% |
| 140kmph | रफ्तार | 142.5kmph |

4 जनवरी 2018 में बुमराह के डेब्यू के बाद से भारत ने 76 टेस्ट खेले हैं। इनमें से बुमराह 48 टेस्ट (63%) में उतरे। हैरानी की बात ये है कि जिन टेस्ट में बुमराह उतरे, उनमें भारत ने 20 जीते और 23 हारे। यानी 41.66% जीत प्रतिशत रहा। जो 28 टेस्ट भारत ने बुमराह के बिना खेले, उनमें जीत प्रतिशत 71.42 (20 जीत) रहा। सिराज ने 26 दिसंबर 2020 में टेस्ट डेब्यू किया। इसके बाद से भारत ने 51 टेस्ट खेले हैं और सिराज 41 टेस्ट (80%) में उतरे। जिनमें सिराज उतरे, उनमें भारत ने 22 (53.65%) मैच जीते। वहीं, सिराज ने जो मैच नहीं खेले, उनमें 40% जीत मिली। यानि सिराज नतीजे पर ज्यादा इम्पैक्ट क्रियेट करते हैं और न होने पर कमी ज्यादा खलती है।

**नेशनल जैवलिन डे आज**



**चार साल पहले आज ही के दिन ओलिंपिक चैम्पियन बने थे नीरज**

7 अगस्त 2021 को नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। वह भारत का ट्रैक एंड फील्ड में पहला ओलिंपिक गोल्ड था जबकि शूटर अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरा व्यक्तिगत गोल्ड था।

एशिया का जैवलिन पावरहाउस बन रहा भारत

## नीरज के गोल्ड के बाद 8 भारतीय पार कर चुके 80 मीटर का मार्क

श्याम वासुदेवन | बेंगलुरु

स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के ओलिंपिक चैम्पियन बनने की उपलब्धि को सम्मान देने के लिए भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन 7 अगस्त को 'नेशनल जैवलिन डे' मनाता है। नीरज की टोक्यो जीत और फिर एशियन गेम्स व वर्ल्ड चैम्पियनशिप में मिली सफलताओं ने भारत को जैवलिन थ्रो में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। नीरज के ओलिंपिक गोल्ड जीतने के बाद अब तक 4 वर्षों में भारत के 8 थ्रोअर 80 मीटर का मार्क पार कर चुके हैं। यह मार्क जैवलिन में काफी अहम माना जाता है। नीरज ने 2015 में इस मार्क को पार कर लिया था। अब तक देश के सिर्फ 15 थ्रोअर यह मार्क पार कर सके हैं। इनमें सबसे नया नाम है 20 वर्षीय शिवम लोहाकरे का, जिन्होंने हाल ही में यह आंकड़ा पार कर सबका ध्यान खींचा। जैवलिन में भारत का दबदबा बढ़ता जा रहा है। पिछले 3 सीजन में एशिया के टॉप-10 जैवलिन थ्रो में से 5 भारत के नाम रहे हैं। हाल ही में भारत में नीरज चोपड़ा क्लासिक मीट हुई, जिसे वर्ल्ड एथलेटिक्स ने ए कैटेगरी (उच्चतम) का दर्जा दिया।

### पहले जैवलिन खुद ठीक करते थे खिलाड़ी, नीरज ने हालात बदले

- कोच समरजीत सिंह मानते हैं कि नीरज की टोक्यो जीत ने 'टर्निंग पॉइंट' का काम किया। वे कहते हैं, 'पहले खिलाड़ियों के मन में था कि 85 मीटर पार करके मेडल सिर्फ विदेशी ही जीत सकते हैं। नीरज ने ये सोच तोड़ी। अब नेशनल इवेंट्स में भी सोच यही होती है कि या तो 80 मीटर फेंको, या घर जाओ। साल 2009 तक खिलाड़ी अक्सर झुके हुए जैवलिन को खुद ही ठीक करते थे। अब फेडरेशन के पास करोड़ों के जैवलिन हैं।'

### साइकोलॉजी: नीरज ने छोटे शहर के खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया

- आईपीएल टीम आरसीबी की पहली महिला स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. चैत्यन्या श्रीधर मानती हैं कि नीरज छोटे शहर का लड़का था, जिसने दुनिया के मंच पर खुद को साबित किया। पहले एथलीट्स सोचते थे कि क्या हम मेडल जीत सकते हैं? अब सोचते हैं कि हां, जीत सकते हैं। यही उनका सबसे बड़ा योगदान है।

## माइंड गेम # 170

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | | 7 | | | 3 | 2 | |
| | 4 | 2 | | | 6 | 1 | | 8 |
| | | | | | 3 | 7 | | |
| 6 | 7 | | | 1 | | | | 2 |
| | 8 | 6 | | | | | 4 | |
| | | | | 8 | 7 | | | |
| | | | 3 | 5 | | | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 169 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 |

## वर्ड-लूप # 170




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 169 का जवाब: DIVINEST

## क्रॉसवर्ड # 960



**बायें से दायें:**

2. चकवा, भूमि का बड़ा खंड (2)। 4. भाभी (3)। 7. मेठ जो बाल धोने, सौंदर्य निखारने के काम आती है (3,2)। 8. पुत्र, बेटा (3)। 9. नाग का फैला हुआ सिर, फण (2)। 11. '...' '...' रविशंकर एक आध्यामिक गुरु (1,1)। 12. जयपुर स्थित हवा दार महल (2,3)। 15. समरूपता, सामंजस्य (5)। 17. पचाना, आत्मसात करना (3)। 19. मृत्य-शोक (2)। 20. निंदा करना, डांटना (4)। 21. काम रकने का ढंग (2,3)। 23. प्रकाश, उजियाला (3)। 25. सतर बाकी तीन (4)। 27. कछुए की पीठ सरीखी छोटी-छोटी फुंसियों का रोग (4)। 28. मिथुन चक्रवर्ती, पदमनी कोल्हापुरे, देवेन वर्मा, अशोक कुमार की 1989 की फिल्म (2,2)।

**ऊपर से नीचे:**

1. मुस्लिम राजा (3)। 2. श्रीलंकाई क्रिकेटर (3,2)। 3. बच्चों द्वारा दोस्ती तोड़ने का प्रतीक (2)। 4. उबला चावल (2)। 5. वनेत्तर क्षेत्रों के विकास हेतु महाराष्ट सरकार का पुरस्कार (3)। 6. श्री राम की जय का उद्घोष (2,1,2)। 7. गरीब, निर्धन (4)। 10. शासक, अधिपति (2)। 12. ईश्वर का दोस्त (4)। 14. तरंग/हिलोरें मारना (3,3)। 16. झषराज, मकर (5)। 18. अर्थी (3)। 22. जस्ते की भस्म, रीति से बना लड़की का नाम (3)। 24. महाराष्ट, का लोक नृत्य (3)। 26. हमेशा, सर्वदा (2)।

**क्रॉसवर्ड 959 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | 2 र | 3 ती | ■ | 4 स | 5 फ | 6 र | ■ | 7 भ |
| 8 न | व | जा | 9 त | ■ | 10 जी | त | हा | र |
| 11 कु | क | ■ | 12 रू | 13 प | ह | ला | ■ | स |
| 14 बे | ना | 15 म | ■ | 16 न | त | म | 17 स्त | क |
| र | ■ | 18 र | 19 न | वे | ■ | ■ | र | ■ |
| ■ | 20 इ | क | बा | ल | ■ | 21 मा | ही | ■ |
| 22 न्यू | न | त | म | ■ | 23 ब | क | न | 24 र |
| 25 टे | का | ■ | 26 टु | 27 न | टु | न | ■ | फ्ता |
| 28 न | र | ■ | 29 की | ल | क | ■ | 30 मी | र |

**100 गेंद का क्रिकेट** • ओवल इनविंसिबल्स की 6 विकेट से आसान जीत

## द हंड्रेड: वॉर्नर-विलियम्सन के रहते भी 80 रन के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ढेर लंदन स्पिरिट

भास्कर न्यूज | लंदन

पुरुषों के द हंड्रेड टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में ओवल इनविंसिबल्स ने लंदन स्पिरिट को 6 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लंदन स्पिरिट ने सिर्फ 26 रन पर कीटन जेनिंग्स (5), कप्तान विलियम्सन (9) और वॉर्नर (9) जैसे बड़े बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद टीम 94 गेंद में सिर्फ 80 रन पर ढेर हो गई। यह 100 गेंद वाली लीग का दूसरा सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले बर्मिंघम ने 2022 में 75 रन बनाए थे। जवाब में ओवल इनविंसिबल्स ने 69 गेंद में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। ओपनिंग बल्लेबाज विल जैक्स ने 24 रन बनाए। यह मैच की सबसे बड़ी पारी रही।



### राशिद ने दो महीने बाद वापसी की, फॉर्म में लौटे

ओवल के अफगान स्टार राशिद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 रन देकर 3 विकेट झटके। उन्होंने 3 कैच भी लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सैम करेन ने भी 3 विकेट अपने नाम किए। राशिद ने बताया कि आईपीएल के बाद दो महीने के ब्रेक से उन्हें मानसिक रूप से बहुत राहत मिली। आईपीएल 2025 में राशिद 15 मैच में 57.11 के बेहद महंगे औसत से 9 विकेट ले सके थे।

### दिलचस्प: फैंस का सबसे ज्यादा मनोरंजन लोमड़ी ने किया

मैच में सबसे ज्यादा तालियां उस समय बजीं, जब एक लोमड़ी मैदान में चारों ओर दौड़ती नजर आई। 26,000 से अधिक दर्शक मैदान में मौजूद थे, लेकिन मैच की गुणवत्ता ने उन्हें निराश किया। पहला छक्का आखिरी गेंद पर देखने को मिला और सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर रहा सिर्फ 24 रन।

**आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ**

## 3 बार अवॉर्ड जीत चुके शुभमन गिल को फिर मिला नॉमिनेशन

भास्कर न्यूज | दुबई

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को जुलाई महीने के लिए आईसीसी के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। उनके साथ द. अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी अवॉर्ड की रेस में हैं।



25 साल के शुभमन तीन बार यह अवॉर्ड जीत चुके हैं। उन्हें जनवरी 2023, सितंबर 2023, फरवरी 2025 में यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिल चुका है। शुभमन की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। उन्होंने सीरीज में 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक और एक दोहरा शतक शामिल रहा। वहीं, मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ कप्तानी करते हुए नाबाद 367 रन की पारी खेली। उन्होंने दो मैचों में कुल 531 रन बनाए और 7 विकेट भी झटके। वहीं, स्टोक्स ने भारत के खिलाफ 251 रन बनाए और 12 विकेट भी लिए। इस बीच, महिला कैटेगरी में इंग्लिश बैटर सोफिया डंकले, बॉलर सोफी एक्लेस्टोन और आयरलैंड की बैटर गैबी लुईस को नॉमिनेशन मिला है।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### फुटबॉल: चोटिल मेसी इंटर मियामी के अगले मैच से बाहर, इस मैच में जीत जरूरी



**मियामी** | अमेरिकन फुटबॉल क्लब इंटर मियामी को बड़ा झटका लगा है। उसके स्टार लियोनेल मेसी पुमास यूएनएएम के खिलाफ अहम ग्रुप मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मेसी को नेकाक्सा के खिलाफ पिछले शनिवार मैच में चोट लग गई थी। इस सीजन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में मेसी अब तक 18 गोल कर चुके हैं। मियामी को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए पुमास के खिलाफ जीत जरूरी है। क्वार्टर फाइनल से पहले मेसी के पास दो हफ्ते का समय रहेगा।

### टेस्ट: यशस्वी की आईसीसी रैंकिंग तीन स्थान सुधरी, टॉप-5 बैटर्स में शामिल



**दुबई** | भारतीय ओपनर यशस्वी 3 स्थान के सुधार के साथ टेस्ट रैंकिंग में 792 अंकों के साथ टॉप-5 में शामिल हो गए हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 41.10 की औसत से कुल 411 रन बनाए। रैंकिंग में उनसे आगे रूट (पहले), ब्रूक (दूसरे), विलियमसन (तीसरे), स्मिथ (चौथे) हैं। वहीं, इंग्लैंड के पेसर गस अटकिंसन पहली बार टॉप-10 में शामिल हुए।

### महिला क्रिकेट: इंडिया ए की ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज आज से

**मैक्के** | ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए की महिला टीमों के बीच गुरुवार से मल्टी-फॉर्मेट सीरीज शुरू हो रही है। इस सीरीज में दोनों टीमें तीन टी20, तीन वनडे, एक 4-दिवसीय मैच खेलेंगी। पहला मैच टी20 होगा, जो दोपहर 1:30 बजे से मैक्के के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेला जाएगा। इंडिया ए टीम में सीनियर इंटरनेशनल खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाएं भी शामिल हैं। अनुभवी स्पिनर राधा यादव कप्तानी करेंगी। सीरीज से ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली चोट के बाद वापसी करेंगी।

### एशिया कप: 22 सदस्यीय अफगान टीम की घोषणा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आगामी एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की है। टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होगा। टीम की कप्तानी स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को सौंपी गई है। ▪ **संभावित टीम:** गुरबाज (विकेटकीपर), सदीकुल्लाह अताल, ताराखिल, इब्राहिम, दरवेश रसूली, इसहाक, राशिद, नबी, नंग्याल खरोटी, शराफुद्दीन अशरफ, करीम जनत, ओमारजई, नैब, मुजीब, गजनफर, नूर, फजल, नवीन, फरीद मलिक, सलीम साफी, अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद।

**टेनिस** • 10वीं सीड स्विटोलिना से लगातार सेट में जीतीं ओसाका

## पहली बार कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में ओसाका; 3 साल बाद अंतिम-4 खेलेंगी

भास्कर न्यूज | मॉन्ट्रियल

जापान की टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने पहली बार कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पूर्व नंबर-1 ओसाका ने क्वार्टर फाइनल में 10वीं सीड एलिना स्विटोलिना को लगातार सेट में 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। ओसाका तीन साल बाद किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले, उन्होंने 2022 मियामी ओपन में फाइनल तक का सफर तय किया था। यह उनके करियर का छठा डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल है। इस जीत से ओसाका जनवरी 2022 के बाद पहली बार टॉप-30 में वापसी करेंगी। उन्हें यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम में सीड मिलने की उम्मीद है। अब ओसाका का सामना डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा। 16वीं सीड टॉसन ने छठी सीड मेडिसन कीज को 6-1, 6-4 से हराया।



### चेस: वेन्यू पर लगी आग, चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स स्थगित

भास्कर न्यूज | चेन्नई

चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स चेस टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर मंगलवार रात आग लग गई। इसके चलते बुधवार से शुरू होने वाला टूर्नामेंट अब गुरुवार से शुरू होगा। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। होटल हयात रीजेंसी में रात करीब 12 बजे नौवीं मंजिल पर आग लग गई। इसका कारण इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इससे पूरे होटल में धुआं फैल गया। टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने बताया कि सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के होटल में शिफ्ट किया गया है।

**भास्कर खास** 37 वर्षीय अमू ने अफगानिस्तान में बनाया एसोसिएशन, सर्फिंग के लिए प्रेरित किया

## अफरिदुन अमू पहले अफगानी इंटरनेशनल सर्फर; देश में समंदर नहीं इसलिए नदियों में तलाशी संभावनाएं, वर्ल्ड गेम्स में हिस्सा ले चुके हैं

भास्कर न्यूज | काबुल/लिस्बन

जिस देश के नक्शे में समुद्र नहीं, वहां के अफरिदुन अमू अब लहरों पर अपने मुल्क का झंडा थामे खड़े हैं। अफरिदुन अमू अफगानिस्तान के पहले इंटरनेशनल सर्फर हैं। साल 1992 में जब अफरिदुन केवल 5 वर्ष के थे, तब उनका परिवार युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से भागकर जर्मनी पहुंचा। शुरुआती साल सिर्फ जिंदा रहने की जद्दोजहद में बीते। लेकिन एक बार जर्मनी में बसने के बाद, अमू ने अपनी पहचान बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए। शायद पूर्वजों से मिली विरासत के कारण घुमक्कड़ी उनके खून में थी। इसलिए वे रूस, ऑस्ट्रेलिया होते हुए पुर्तगाल चले गए, जो अब उनका घर है। लेकिन उनकी जिंदगी का असली मोड़ 2006 में आया, जब एक ट्रिप के दौरान फ्रांस के अटलांटिक तट पर उन्हें पहली बार सर्फबोर्ड मिला। जैसे ही वो लहरों में उतरे, उन्हें समझ आ गया कि जिंदगी भर यही करना है।

जर्मनी में कानून की पढ़ाई के दौरान जब दोस्त लाइब्रेरी में होते, अमू किताबें और सर्फबोर्ड दोनों को साथ लिए समुद्र किनारे पहुंच जाते। समुद्र की ओर खिंचाव उन्हें बचपन से था, जब वो टीवी पर लहरों को देखा करते थे। अफगानिस्तान समुद्रविहीन देश है, लेकिन अमू को वहां की नदियों में भी सर्फिंग की संभावनाएं नजर आईं। वे कहते हैं, 'बर्फ पिघलने पर पहाड़ी नदियों में फ्लडिंग होती है, जिससे स्थिर लहरें बनती हैं। इन पर सर्फिंग की जा सकती है।'

2012 में उन्होंने वेव राइडर्स एसोसिएशन ऑफ अफगानिस्तान की स्थापना की। दो साल में इसे इंटरनेशनल सर्फिंग एसोसिएशन से मान्यता मिल गई। 2015 में पुर्तगाल में पहली अफगान सर्फिंग चैम्पियनशिप हुई। अमू खुद पहले अफगान सर्फिंग चैम्पियन बने और वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व किया। 2018 में अमू की टीम ने कनाडा और जर्मनी के विशेषज्ञों के साथ अफगान नदियों में सर्फिंग की कोशिश की। लेकिन 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद ये सारी कोशिशें रुक गईं। इसके बावजूद अमू का हौसला नहीं टूटा। 2022 में वे इंटरनेशनल सर्फिंग एसोसिएशन की एथलीट कमीशन में चुने गए। हाल ही में एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप के दौरान अमू अफगान प्रतिनिधि बनकर पहुंचे। अमू का कहना है, 'मैं अफगान सर्फिंग को जिंदा रखना चाहता हूं।' समुद्र कभी उनकी धरती का हिस्सा नहीं था, लेकिन अब वही जगह उन्हें सबसे ज्यादा घर जैसी महसूस होती है।



अमू पर 'Unsurfed Afghanistan' नामक डॉक्यूमेंट्री बन चुकी है।

### न्यूजीलैंड की नजरें जिम्बाब्वे के खिलाफ क्लीन स्वीप पर

भास्कर न्यूज | बुलावायो

जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के बीच चल रही दो टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला गुरुवार से शुरू होगा। मैच बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से खेला जाएगा। इस मैच में न्यूजीलैंड की कोशिश जिम्बाब्वे को क्लीन स्वीप करने पर होगी। उसने पिछला मैच तीसरे दिन ही 9 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली थी। कीवी टीम ने जिम्बाब्वे को अब तक खेले 18 मैचों में 12 बार हराया है और कभी हार नहीं झेली है। पिछले 7 मैच न्यूजीलैंड ने लगातार जीते हैं, जिनमें से चार में उसे पारी से जीत मिली है। दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के पेसर विल ओ'रुर्के बैक इंजरी की वजह से नहीं खेलेंगे।



# गाजाः 80% इमारतें तबाह, 23 लाख में से 18 लाख लोग बेघर

**राफेह** | फोटो गाजा पट्टी की है, जो करीब 2 साल से युद्ध की त्रासदी झेल रहा है। इजराइली सेना के हवाई हमलों से गाजा की 80% इमारतें तबाह हो चुकी है। गाजा की कुल 23 लाख की आबादी में से 18 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं। ये लोग अब स्कूलों, अस्थायी शिविरों और खुले मैदानों में रह रहे हैं, जहां बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। सबसे अधिक तबाही गाजा सिटी, जबालिया और खान यूनुस में हुई है, जहां इमारतें मलबे में तब्दील हो चुकी हैं और सड़कों पर केवल राख और खंडहर बचे हैं।

**एक दिन में 135 की मौत, इनमें से 87 लोग राशन लेने आए थे**

गाजा में इजराइल के ताजा हवाई और जमीनी हमलों में पिछले 24 घंटे में 135 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है, जिनमें 87 लोग राहत सामग्री की कतार में खड़े थे। गाजा की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमलों में 771 लोग घायल भी हुए हैं।

- गाजा में अब तक भुखमरी से मरने वालों की संख्या 193 हो चुकी है।
- गाजा युद्ध में अब तक 61,158 लोगों की जान जा चुकी है और 1.51 लाख से अधिक घायल हुए हैं।

**भास्कर नॉलेज**

## ग्लियोमा बीमारी क्या; जिससे हॉलीवुड एक्ट्रेस की जान गई



**न्यूयॉर्क** | हॉलीवुड एक्ट्रेस केली मैक, जो 'द वॉकिंग डेड' और '9-1-1' में नजर आई थीं, का 33 साल की उम्र में निधन हो गया। वह ग्लियोमा नामक दुर्लभ और आक्रामक कैंसर से लड़ रही थीं, जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करता है। जानते हैं आखिर ग्लियोमा क्या है, इसके लक्षण और कारण क्या हैं...

- **ग्लियोमा क्या है, यह बीमारी कब होती है?** ग्लियोमा एक प्रकार का ट्यूमर है जो कोशिकाओं के अनियंत्रित रूप से बढ़ने से बनता है। ये कोशिकाएं मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में न्यूरॉन्स को सहारा और सुरक्षा प्रदान करती हैं। जब इनका विकास अनियंत्रित हो जाता है, तब यह कैंसर ट्यूमर का रूप ले लेता है।
- **ग्लियोमा बीमारी कितनी खतरनाक होती है?** ग्लियोमा को अत्यधिक खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि यह दिमाग और रीढ़ की हड्डी के उन हिस्सों में होती है जो सांस, मूवमेंट और चेतना जैसे महत्वपूर्ण कामों को नियंत्रित करते हैं। इसकी प्रकृति के कारण सर्जरी द्वारा इसे पूरी तरह हटाना लगभग असंभव होता है।
- **इसका खतरा किन लोगों में ज्यादा होता है?** ग्लियोमा आमतौर पर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों या 12 साल से कम उम्र के बच्चों में ज्यादा देखी जाती है। हालांकि, युवाओं में भी हो सकती है। कुछ मामले अनुवांशिक कारण व रेडिएशन एक्सपोजर के कारण होते हैं। पुरुषों में महिलाओं की तुलना में अधिक जोखिम है।
- **ग्लियोमा बीमारी होने के क्या कारण हैं?** विशेषज्ञ मानते हैं कि डीएनए में होने वाले बदलाव (म्यूटेशन) ग्लियल कोशिकाओं को अनियंत्रित रूप से बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, यह कारण हो सकता है।
- **इलाजः** फिलहाल कोई स्थायी इलाज नहीं है, हालांकि जीन-थैरेपी और टारगेटेड ड्रग्स पर शोध जारी है। कुछ मामलों में सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी होती है।

**अमेरिका** • शरणार्थियों के पास सिर्फ 2 विकल्प- अपने देश लौटें या बच्चे से अलग होने को तैयार रहें

# ट्रम्प की नई नीति; प्रवासियों को बच्चों से अलग कर रहे ताकि वे अमेरिका छोड़ दें

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रवासियों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई जारी है। इसी बीच, ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों पर दबाव डालने के लिए एक नई रणनीति अपनाई है, जिसमें शरण मांगने वाले माता-पिता को निर्वासन आदेश मानने या अपने बच्चों से अलग होने के दो विकल्प दिए जा रहे हैं। यह नीति ट्रम्प के पहले कार्यकाल की कुख्यात 'फैमिली सेपरेशन' नीति का ही नया वर्जन है। अब नई रणनीति में उन प्रवासियों को निशाना बनाया जा रहा है जो पहले ही अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं और निर्वासन आदेश झेल रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सरकारी दस्तावेजों और केस फाइलों के आधार पर 9 परिवारों को खोजा है, जो ट्रम्प प्रशासन की इस नीति के शिकार बने हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह विकल्प माता-पिता के पास है कि वे पूरे परिवार के साथ देश छोड़ें या अलगाव को स्वीकार करें। **तीन परिवारों की कहानी से जानें यह कितना तनाव बढ़ाने वाला है...**

### फैमिली सेपरेशनः 8 वर्षीय बच्चे को अनाथालय भेजा



माता-पिता के साथ मास्किम।

रूस से भागकर अमेरिका में शरण मांगने आए दंपती एवगेनी और एवगेनिया को मई में उनके 8 वर्षीय बेटे मास्किम से अलग कर दिया गया। आईसीई ने उन्हें 2 विकल्प दिए-या तो रूस लौट जाएं या हिरासत में रहते हुए अपने बेटे से अलग होने को तैयार रहें। एवगेनी ने कहा 'मैं रूस नहीं लौट सकता, क्योंकि वहां जेल की सजा तय है।' अब दोनों पति-पत्नी आईसीई की हिरासत में हैं। मास्किम एक अनाथालय में है और हर दिन फोन पर मां से पूछता है कि आप मुझे यहां से कब ले जाओगी?

### रूस लौटने से मना किया, अब तीसरे देश भेजने की तैयारी

रूस में पत्नी की राजनीतिक गिरफ्तारी के बाद पावेल स्नेगिर अपने 11 वर्षीय बेटे अलेक्जेंडर के साथ के साथ अमेरिका पहुंचे। उन्हें हिरासत में ले लिया और बेटे को अलग शेल्टर भेज दिया गया। अगले दिन पावेल ने आईसीई की वह सुरक्षा स्क्रीनिंग पास कर ली, जिससे उन्हें रूस नहीं भेजा जा सकता। आईसीई उन्हें किसी तीसरे देश भेजने की तैयारी में है।

### बच्चे से अलग होने की बजाय भारतीय दंपती वापस लौटे

एक भारतीय दंपती अपने तीन बच्चों के साथ अमेरिका में शरण चाहता था। जब उन्होंने वाणिज्यिक विमान से निर्वासन से इनकार किया, तो आईसीई ने उन्हें 'कानूनी आदेश की अवहेलना' का दोषी मानते हुए अलग कर दिया। अंततः बच्चों को वहीं छोड़कर माता-पिता भारत लौटने को तैयार हो गए। अब उनके बच्चों को भी भारत भेजने की कानूनी प्रक्रिया चल रही है।

**ट्रम्प प्रशासन का दावा- 50 साल में पहली बार अमेरिका आने वालों से ज्यादा ने देश छोड़ेंगेः** ट्रम्प प्रशासन ने दावा किया है कि 2025 अमेरिका के इतिहास में पहला ऐसा साल हो सकता है जब देश में 'निगेटिव नेट माइग्रेशन' दर्ज किया जाएगा, यानी देश छोड़ने वालों की संख्या आने वालों से अधिक होगी। वाइट हाउस ने भी इस दावे से जुड़ा ग्राफिक्स जारी किया, लेकिन इस संबंध में ठोस आंकड़ा पेश नहीं किया।

**आयरलैंड में 20 दिन में 5वां हमला**

### 6 साल की बच्ची पर नस्लीय हमला, कहा- 'भारत लौटो'



**डबलिन** | आयरलैंड के वाटरफोर्ड में अब भारतीय मूल की 6 साल की बच्ची पर नस्लीय हमला हुआ है। 4 अगस्त को घर के बाहर खेल रही बच्ची पर 12 से 14 साल के लड़कों और एक 8 वर्षीय लड़की के समूह ने हमला किया। उन्होंने बच्ची के निजी अंग पर साइकिल से वार किया, चेहरे पर मुक्के मारे और कहा कि 'गंदी भारतीय, भारत लौटो।' बच्ची की मां अनुपा अच्युतन ने पुलिस से शिकायत की है।

**आयरलैंड में पहले के 4 हमलेः**
- **19 जुलाईः** तलाथ में एक भारतीय को नग्न करके पिटा।
- **27 जुलाईः** एआई वैज्ञानिक डॉ. संतोष यादव पर हमला।
- **1 अगस्तः** टैक्सी चालक लखवीर सिंह के सिर पर बोतल से हमला।
- **2 अगस्तः** भारतवंशी डॉ. तैमूर सलमान पर नस्लीय हमला।

1.57 लाख हेक्टेयर फसल भी प्रभावित हुई

# चार माह में बारिश और बिजली से 1621 लोगों की मौतः सरकार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश में अप्रैल से जुलाई के बीच 4 माह में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से 1621 लोगों की जान गई। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में जानकारी दी कि इस दौरान 52,367 पशु भी मारे गए और 1.57 लाख हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई। बिजली गिरने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए 186.78 करोड़ रु. का लाइटनिंग सेफ्टी प्रोजेक्ट 10 राज्यों के 50 जिलों में शुरू किया गया है। राय ने बताया कि पुणे के भारतीय ऊष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने 112 सेंसर की मदद से पूरे देश में आकाशीय बिजली की सटीक निगरानी प्रणाली विकसित की है। इससे जुड़े मोबाइल एप 'दामिनी' के जरिए यूजर को 20-40 किमी के दायरे में बिजली गिरने की पूर्व चेतावनी मिलती है।

**1240 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स पर निर्माण जारीः** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में बताया कि देशभर में 1240 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इनकी कुल लंबाई 29406 किमी और लागत 7.8 लाख करोड़ है। इनमें से 15674 किमी पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। गडकरी ने यह भी बताया कि अब तक 4,557 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन राष्ट्रीय और राज्यीय राजमार्गों पर लगाए जा चुके हैं।

### इस साल छह विमान इंजन शटडाउन व 3 मे डे कॉल दर्ज

केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि इस साल छह विमान इंजन शटडाउन की घटनाएं दर्ज हुई हैं। इंडिगो और स्पाइसजेट में दो-दो घटनाएं, जबकि एयर इंडिया और अलायंस एयर में एक-एक घटना दर्ज हुई। वहीं, तीन मे डे कॉल भी इस साल दर्ज हो चुके हैं। इनमें अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 भी शामिल है, जो 12 जून को टेकऑफ के बाद क्रैश हो गई थी। इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस में भी एक-एक मे डे कॉल घटना हुई।

### खाटू श्याम मंदिर तक सीधी रेल कनेक्टिविटी को मंजूरी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि राजस्थान के रींगस से खाटू श्याम मंदिर तक सीधी रेल कनेक्टिविटी के लिए 17 किमी लंबी नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसकी लागत 254 करोड़ तय की गई है, जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए 43 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। मंत्री ने बताया कि फिलहाल रींगस से दिल्ली के बीच 8 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें चलती हैं, जिनमें से 3 जोड़ी रोजाना चलती हैं।

**न्यूज विंडो**

### ऑनलाइन सट्टेबाजी केसः अभिनेता विजय देवरकोंडा ईडी के सामने पेश, दी सफाई

**हैदराबाद** | हैदराबाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर अभिनेता विजय देवरकोंडा बुधवार को पेश हुए। यह पूछताछ ऑनलाइन सट्टेबाजी और अवैध गेमिंग एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई। देवरकोंडा ने कहा कि वे एक कानूनी गेमिंग एप का प्रचार कर रहे हैं, न कि किसी सट्टेबाजी एप का। इससे पहले, अभिनेता प्रकाश राज, राणा दग्गुबाती और लक्ष्मी मांचू से भी पूछताछ हो चुकी है। ईडी ने 5 राज्यों की एफआईआर के आधार पर केस दर्ज किया है।

### श्रीलंकाई छात्रा से हैदराबाद एयरपोर्ट पर छेड़छाड़, इमिग्रेशन अधिकारी पर केस दर्ज

**हैदराबाद** | तेलंगाना हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक श्रीलंकाई छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में इमिग्रेशन अधिकारी पर केस दर्ज किया गया है। छात्रा ने आरोप लगाया कि 3 अगस्त को ट्रांजिट में रुकते समय अधिकारी ने उसे अपना नंबर दिया और मदद के बहाने फोन कर बाहर घूमने के लिए बुलाया। अधिकारी ने कई बार कॉल किए और पार्किंग में मिलने को कहा। छात्रा ने अपने दोस्त को फोन कर सलाह ली और पुलिस से संपर्क किया। पुलिस की जांच जारी है।

### ओडिशाः निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी; छात्रा ने खुद को लगाई आग, मौत

**भुवनेश्वर** | ओडिशा के केंद्रापाड़ा में 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा ने अपने पूर्व प्रेमी द्वारा निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने की धमकी के बाद आत्मदाह कर लिया। युवती के पिता ने आरोप लगाया कि उन्होंने 6 माह पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर से इनकार कर दिया। छात्रा घटना के वक्त वह घर में अकेली थी और केरोसिन डालकर खुद को आग लगा ली। यह ओडिशा में 12 जुलाई के बाद महिला की जलकर मौत का तीसरा मामला है।

### श्रीलंकाः भ्रष्टाचार केस में शशींद्र राजपक्षे परिवार के पहले सदस्य की गिरफ्तारी

**कोलंबो** | श्रीलंका में एनपीपी सरकार के शासनकाल में पहली बार राजपक्षे परिवार के सदस्य को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पूर्व मंत्री शशींद्र राजपक्षे को बुधवार को राज्य की जमीन के दुरुपयोग और अवैध निर्माण से जुड़ी शिकायतों पर गिरफ्तार किया गया। शशींद्र, पूर्व अध्यक्ष चामल राजपक्षे के बेटे हैं और पहले मुख्यमंत्री व राज्य मंत्री रह चुके हैं। उन्हें कोलंबो की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश कर 19 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# अमेरिका में आर्मी बेस पर गोलीबारी, 5 सैनिक घायल; लॉकडाउन लगाया

भास्कर न्यूज़ | अटलांटा

अमेरिका के जॉर्जिया राज्य स्थित फोर्ट स्टीवर्ट आर्मी बेस पर बुधवार को हुई गोलीबारी में 5 सैनिक घायल हो गए। सेना के इस बड़े बेस पर एक सक्रिय शूटर की सूचना के बाद इलाके को पूरी तरह लॉकडाउन कर दिया गया है। बेस प्रशासन ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि घटना फोर्ट स्टीवर्ट के सेकंड आर्मर्ड ब्रिगेड कॉम्बैट टीम क्षेत्र में हुई। सभी कर्मचारियों और सैन्यकर्मियों को खिड़की-दरवाज़े बंद कर सुरक्षित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस लॉकडाउन के चलते बेस के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। फोर्ट स्टीवर्ट अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित है और मिसिसिपी नदी के पूर्व का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा माना जाता है। यहां हजारों सैनिक और उनके परिवार रहते हैं। तीन प्राइमरी स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है, जिनमें लगभग 1,400 छात्र पढ़ते हैं।

### 1940 में बना बेस, थर्ड इन्फैंट्री की इराक हमले में खास भूमिका थी

फोर्ट स्टीवर्ट मिलिट्री बेस अमेरिका का एक प्रमुख सैन्य अड्डा है, जो जॉर्जिया राज्य के हाइन्सविल और सवाना के पास है। यह इसकी स्थापना 1940 में सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान हुई थी। इसे शुरू में कैंप स्टीवर्ट कहा जाता था। बाद में एक अमेरिकी वॉर हीरो डैनियल स्टीवर्ट के नाम पर इसे फोर्ट स्टीवर्ट नाम दिया गया। यहां सैनिकों को मिलिट्री ट्रैनिंग दी जाती है। इसकी थर्ड इन्फैंट्री डिवीजन ने 2003 में इराक पर हमले में खास रोल निभाया था।

### ओबीसी आरक्षणः तेलंगाना सीएम का दिल्ली में प्रदर्शन

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली के जंतर मंतर पर बुधवार को प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में उन्होंने ओबीसी को 42% आरक्षण देने वाले विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी दिलाने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार पर ओबीसी विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाया। मार्च में तेलंगाना विधानसभा से पारित ये विधेयक स्थानीय निकायों, शिक्षा और रोजगार में आरक्षण बढ़ाने को लेकर हैं। मुख्यमंत्री रेवंत ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ओबीसी के हक में हैं जबकि मोदी सरकार इन अधिकारों को रोक रही है। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के अन्य कई वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे।

# अनाथ बच्चों को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकताः सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सभी राज्यों को आदेश दिया कि वे उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करें जिन्हें 2009 के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत शिक्षा नहीं मिल पाई है। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने केंद्र से भी कहा कि वह 2027 की जनगणना में अनाथ बच्चों के आंकड़े शामिल करने पर विचार करे। पीठ ने 4 सप्ताह में सभी राज्यों से हलफनामे के रूप में रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि भारत में यूनिसेफ के अनुसार करीब 2.5 करोड़ अनाथ बच्चे हैं, लेकिन सरकार के पास कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है।

### 11 अगस्त से वरिष्ठ वकील नहीं कर सकेंगे 'मेंशनिंग'



सीजेआई बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि 11 अगस्त से किसी भी वरिष्ठ वकील को उनकी कोर्ट में तत्काल सुनवाई और सूचीबद्ध मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं होगी, ताकि कनिष्ठ वकीलों को ऐसा करने का अवसर मिल सके। 14 मई को शपथ लेने वाले सीजेआई ने वकीलों द्वारा तत्काल सूचीबद्ध मामलों और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख की प्रथा (मेंशनिंग) को फिर से शुरू कर दिया था।

### घानाः हेलिकॉप्टर हादसे में रक्षा मंत्री सहित 8 की मौत

एजेंसी | अकरा

दक्षिण अफ्रीकी देश घाना में बुधवार शाम को बड़ा हेलीकॉप्टर हादसा हो गया। हादसे में रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमान बोआमाह, पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मुहम्मद, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और चालक दल समेत 8 लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर अवैध खनन पर निगरानी के लिए एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेने ओबुआसी की ओर जा रहा था, लेकिन उड़ान के कुछ समय बाद रडार से गायब हो गया। बाद में उसका जलता हुआ मलबा घने जंगलों में मिला। यह हेलीकॉप्टर चीन में निर्मित जेड-9ईएच मॉडल था, जिसका इस्तेमाल घाना की सेना करती है।

**भास्कर खास** पुरी में 50 साल से भगवान के लिए राखियां बना रहा परिवार बोला- हम खुश किस्मत हैं

# प्रभु जगन्नाथ का रक्षाबंधन... पवित्र बासुंगी के रेशम धागे से बनती हैं महाप्रभु की राखी, 15 दिन कठोर व्रत में रहता है इन्हें बनाने वाला परिवार

प्रियंका साहू | पुरी

बीते 50 साल से पुरी का पात्र परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी भगवान की राखियां बनाता रहा है। लेकिन, मंदिर प्रबंधन को राखियां सौंपने से पहले हर साल इस परिवार को 15 दिन सख्त व्रत का पालन करना होता है। परिवार के मुखिया संतोष पात्र ने भास्कर को बताया कि महाप्रभु की राखी सिर्फ बासुंगी पाट (विशेष रेशम धागा) से ही बनती है। इसे हर साल ओडिशा सहकारी तस्सर और रेशम महासंघ (सेरिफेड) पुरी मंदिर के प्रबंधन को भेजता है। इसीलिए हमें पाटका बीसोई सेवायत भी कहते हैं। संतोष के मुताबिक पहले मेरे पिता और दादा राखी बनाते थे, अब मैं और बेटा बनाते हैं।



हर साल चितलगी अमावस्या से राखी बनाने का काम शुरू करते हैं। पूरे 15 दिन न घर के बाहर जाना, न ही नॉनवेज खाना। घर की महिला, बुजुर्ग से लेकर बच्चों तक के लिए एक ही जैसे नियम रहते हैं। दिन में जब भी राखी बनाने का काम करते, तो सभी मौन रहते, ताकि मन, वाणी और कर्म तीनों शुद्ध रहें। इन दिनों के लिए एक महीने पहले तैयारी शुरू कर देते हैं। हम नई धोतियां, गमछे और महिलाएं नई साड़ियां लेती हैं। इस दौरान घर में न कोई मेहमान आता है और न ही हम बाहर जाते हैं।

आपको इस काम का क्या पारिश्रमिक मिलता है? यह सवाल सुनते ही संतोष हंस पड़े। उन्होंने कहा- मेरे पिता जी को पारिश्रमिक के तौर पर महाप्रभु की पहनी हुई गीतगोविंद साड़ी मिलती थी। अभी हमें प्रशासन कुछ पैसा देता है, लेकिन हम ये भी नहीं चाहते, क्योंकि भगवान की सेवा कर रहे हैं और हम खुशकिस्मत है कि यह मौका हमें मिला है।

**शहनाई के साथ मंदिर तक ले जाते हैं राखियांः** संतोष बताते हैं कि राखियां तैयार हो चुकी हैं। अब मंदिर प्रबंधन को सूचना देंगे। फिर वहां से अनुमति मिलने के बाद मैं और बेटा शहनाई, ढोल के साथ राखियों को थाल में रखकर रवाना होते हैं। उस वक्त एक अलग तरह का आनंद शरीर में दौड़ता है।

### फूलों के रंग से रंगकर बनाई जाती है राखी...

संतोष बताते हैं कि महाप्रभु की राखी एक फीट ऊंची और डेढ़ फीट चौड़ी होती है। इसमें लगने वाले रंग हम घर में ही फूलों के रस से तैयार करते हैं। हम चार राखियां तैयार करते हैं। इनमें सबसे बड़ी राखी महाप्रभु की होती है। दो राखी महाप्रभु और दो भगवान बलभद्र जी के लिए। राखी के साथ 4 गुआमाल( सुपारी माला) तैयार किया जाता है। इस 4 गुआमाल में 54 सुपारी लगती है। इसे राखी के साथ भगवान को पहनना का परंपरा है। इसके साथ साथ पार्श्व देवा देवी के लिए भी सेवायत राखी बनाते हैं।

### आयोग के 6 अफसरों के निलंबन पर ममता बोलीं- हम उन्हें नहीं हटाएंगे

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के छह अधिकारियों के निलंबन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। झाड़ग्राम की जनसभा में ममता ने कहा, हम उन्हें निलंबित नहीं करेंगे। मैं उनकी पहरेदार हूं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया और पूछा कि बिना चुनाव की घोषणा के किस कानून के तहत कार्रवाई की गई।



बता दें कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोप में दो ईआरओ, दो एईआरओ, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक अस्थायी कर्मचारी को सस्पेंड किया था। साथ ही आयोग ने एफआईआर दर्ज करने और विभागीय जांच शुरू करने का भी निर्देश दिया था। ममता ने इस कार्रवाई को 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले सरकारी कर्मचारियों में डर पैदा करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा, गृह मंत्री अमित शाह की मर्जी से आयोग काम कर रहा है। ये गुजरात नहीं, बंगाल है। उन्होंने भाजपा पर वोटर लिस्ट से नाम हटाकर एनआरसी लागू करने की भी साजिश का आरोप लगाया।

## न्यूज ब्रीफ

### एलोरा गुफा में पानी का रिसाव, 9वीं सदी की चित्रकलाएं खतरे में



**छत्रपति संभाजीनगर** | महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित एलोरा गुफा परिसर की गुफा संख्या 32 में पानी का रिसाव शुरू हो गया है, जिससे अंदर मौजूद 9वीं सदी की भित्ति चित्रकलाएं खतरे में पड़ गई हैं। यह जानकारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक अधिकारी ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि यह रिसाव प्राकृतिक रूप से शुरू हुआ है। ऐसा ही एक मामला पिछले साल भी सामने आया था। एलोरा गुफा विश्व धरोहर स्थल है।

### अमेरिकाः शादी में नहीं बुलाया तो एचआर में कर दी शिकायत

**न्यूयॉर्क** | अमेरिका में एक महिला ने अपनी सहकर्मी की एचआर में शिकायत कर दी, क्योंकि उसने उसे शादी में नहीं बुलाया था। महिला का आरोप था कि उसे जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। जांच के बाद एचआर ने शिकायत को खारिज कर दिया और कहा कि यह एक निजी मामला है। किसी को शादी में बुलाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

### अमेरिकाः बियर के सिर से जार हटाया, एक हफ्ते से फंसा था



**न्यूयॉर्क** | विस्कॉन्सिन में बियर के सिर पर एक हफ्ते से ज्यादा समय तक फंसे प्लास्टिक के जार को हटा दिया गया। वन्यजीव अधिकारियों ने बताया कि बियर, तीन काउंटियों में एक हफ्ते से अधिक समय तक सिर पर प्लास्टिक का जार फंसे हुए घूमता देखा गया, उसे आखिरकार सुरक्षित बचा लिया गया। बियर को बेफील्ड, डगलस और सॉयर काउंटी में देखा गया था।

### 321 किमी प्रति घंटे की गति से बाइक चलाई, लगाया जुर्माना

**बर्लिन** | बर्लिन के पास ऑटोबान हाईवे पर बाइक चालक को 321 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलाते पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर पर 900 यूरो (करीब 81 हजार रुपए ) का जुर्माना लगाया गया। ड्राइविंग लाइसेंस से दो अंक काटे गए।

**सफाई बनाम श्रद्धा** • प्रदर्शनकारियों ने तिरपाल हटाई, पुलिस से झड़प

# मुंबई में कबूतरों को दाना देने पर हंगामा, कोर्ट के आदेश पर बंद कबूतरखाने खोले

भास्कर न्यूज | मुंबई

मुंबई के दादर में बुधवार सुबह कबूतरों को दाना डालने पर बड़ा हंगामा हुआ। जैन समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने जबरन तिरपाल हटा कबूतरखाना खोल दिया। बीएमसी ने इसे बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद लगाया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने हाल ही में मुंबई के सभी कबूतरखानों को बंद करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कबूतरों की बीट से सांस की बीमारियां फैलती हैं।

दरअसल, कबूतरों को दाना डालना जैन समुदाय की धार्मिक परंपरा है। इसलिए वे कबूतरखानों को बंद करने के फैसले का विरोध कर रहे हैं। हालांकि, दादर स्थित जैन मंदिर ट्रस्ट ने प्रदर्शन में शामिल होने से इनकार किया है और कहा है कि कुछ बाहरी लोग इसमें शामिल थे। वहीं, बीएमसी ने सफाई दी है कि वे सिर्फ कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे थे। मामले में हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई होनी है।



गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने बुधवार कबूतरखाने पर ढंके हुए तिरपाल को हटा दिया।

### कबूतरों की बीट के संपर्क में आने से फैल रही बीमारी

**भास्कर नॉलेज**



डॉ. प्रह्लाद प्रभुदेसाई
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट-लीलावती अस्पताल मुंबई

- पिछले वर्षों में मैंने हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस बीमारी को ज्यादा बढ़ते देखा है। यह कबूतरों के संपर्क में आने से होती है। इनकी बीट और पंखों में मौजूद फफूंद सांस से शरीर में जाते हैं। इससे फेफड़ों में सूजन और धीरे-धीरे फाइब्रोसिस यानी स्थायी नुकसान होने लगता है।
- पिछले सात-आठ वर्षों में ऐसी बीमारियों के मामले पांच गुना बढ़ चुके हैं। लोग इसे शुरू में जुकाम या अस्थमा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। जब तक वे डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक उनके फेफड़े अक्सर काफी क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- इंडियन चेस्ट सोसाइटी ने इंटरस्टिशियल लंग डिजीज पर रिसर्च की। इसमें 23 मेडिकल संस्थानों से 1,100 सैंपल लिए गए। पता चला कि हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस, इंटरस्टिशियल लंग डिसीज का बड़ा कारण है। सभी मामलों का कारण मरीजों का कबूतरों से संपर्क था।

### कांस्टेबल को थप्पड़ मारा, 9 साल बाद सजा

एजेंसी | ठाणे

ठाणे की सेशंस कोर्ट ने 9 साल बाद पुराने रोड रेज मामले में 52 वर्षीय व्यक्ति को ट्रैफिक पुलिस पर हमला करने का दोषी पाया। कोर्ट ने आरोपी को सिर्फ एक दिन कैद की सजा सुनाई है। यह फैसला आरोपी की खराब सेहत को देखते हुए लिया। उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला 18 नवंबर 2016 का है, जब आरोपी रमेश शिटकर ने ट्रैफिक कांस्टेबल दिलीप पवार को थप्पड़ मारे थे।

### चेन्नईः झगड़ा सुलझाने गए पुलिसकर्मी की हत्या

भास्कर न्यूज | चेन्नई

तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में उडुमलपेट के पास दो बेटों और पिता के बीच झगड़े के दौरान हस्तक्षेप करने पर पुलिसकर्मी की हत्या कर दी गई। यह घटना उस समय हुई जब वरिष्ठ पुलिस सब इंस्पेक्टर शन्मुगवेल पिता और उसके दो बेटों के बीच एक निजी जमीन पर घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि तीनों शराब के नशे में थे। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया।




**नंदनी मठ** • सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार

# कोल्हापुर लौटेगी 'माधुरी', बनेगा हाथियों के लिए नया रिहैब सेंटर

भास्कर न्यूज | छत्रपति संभाजीनगर

कोल्हापुर के नंदनी स्थित जैन मठ में 36 साल से रह रही हथिनी माधुरी को वापस लाने की तैयारी तेज हो गई है। महाराष्ट्र सरकार इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी। इस याचिका में गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा एनिमल रिहैबिलिटेशन सेंटर भी सरकार का साथ देगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में वनतारा टीम के साथ बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। वनतारा ने महाराष्ट्र सरकार और जैन मठ के साथ मिलकर माधुरी के लिए नंदनी क्षेत्र में ही एक अत्याधुनिक सैटेलाइट रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने का प्रस्ताव दिया है। यह सेंटर तय मानकों के अनुसार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त हाई पावर्ड कमेटी के विशेषज्ञों की सलाह से बनाया जाएगा।

**कोल्हापुर में हुआ था मार्च**

माधुरी को वापस लाने की मांग को लेकर रविवार को कोल्हापुर में हजारों लोगों ने मौन मार्च निकाला था। लोगों की मांग थी कि माधुरी को फिर से नंदनी मठ में लाया जाए। वनतारा ने स्पष्ट किया है कि उसने खुद माधुरी को अपने सेंटर लाने की मांग नहीं की थी, बल्कि वह कोर्ट द्वारा नियुक्त रिसीविंग सेंटर के रूप में कार्य कर रहा है।

### बेटी के सामने दामाद की गोली मारकर कर दी हत्या

भास्कर न्यूज | दरभंगा

बिहार के दरभंगा जिले में एक अस्पताल में 25 वर्षीय नर्सिंग छात्र की उसके ससुर ने बेटी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक राहुल कुमार, दरभंगा मेडिकल कॉलेज में बीएससी (नर्सिंग) का द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसकी पत्नी तन्नू प्रिया बीएससी (नर्सिंग) प्रथम वर्ष की नर्सिंग छात्रा है। तन्नू के परिवार को उसके राहुल से दूसरी जाति के युवक से प्रेम विवाह पर आपत्ति थी। हत्या के बाद मृतक राहुल के साथियों ने तन्नू के पिता प्रेमशंकर झा की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, लेकिन अस्पताल परिसर में आक्रोशित छात्रों ने हंगामा किया। इस कारण पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बता दें कि राहुल और तन्नू ने चार महीने पहले शादी की थी। वे दोनों एक ही हॉस्टल में अलग-अलग रहते थे। तन्नू ने बताया कि 'पिता ने गोली मारी तो मेरे पति मेरी गोद में गिर पड़े। पूरा परिवार मेरे पति की हत्या में शामिल था। हमने कोर्ट में पहले ही इसकी जानकारी दे दी थी कि पति की जान को खतरा है।'

**ब्रिटेन** • युवाओं में सनबेड, नेजल स्प्रे से त्वचा को 'डार्क' करने की होड़

# खूबसूरत दिखने के लिए जेन-जी में बढ़ रहा टैनिंग का ट्रेंड; इससे त्वचा कैंसर का खतरा

एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन में युवा तेजी से टैनिंग के खतरनाक तरीकों की ओर बढ़ रहे हैं। 18 से 25 साल के 43% युवा सनबेड (ऐसा बेड जिस पर त्वचा टैन करने के लिए लेटते हैं) का इस्तेमाल कर रहे हैं। 19 साल की मेलिसा जोन्स कहती हैं कि टैनिंग से स्किन में ग्लो आता है और कैमरे पर अच्छा दिखता है। वहीं, ग्राफिक डिजाइनर हन्ना क्लार्क (29) कहती हैं मैं जानती हूं कि सनबेड खतरनाक हैं, पर इससे जो ग्लो आता है, वह हर हाल में पाना है।

त्वचा कैंसर चैरिटी मेलानोमा फोकस के एक सर्वे के अनुसार, ब्रिटेन के 28% वयस्क सनबेड का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन 18 से 25 वर्ष की आयु के लोगों में यह संख्या बढ़कर 43% हो गई। टैनिंग के प्रति जुनून इन जेन जी को त्वचा को काला करने के लिए किसी भी हद तक जाने को मजबूर कर रहा है। युवा स्किन को डार्क करने के लिए नेजल स्प्रे, इंजेक्शन और सनबेड जैसे खतरनाक विकल्प अपना रहे हैं, जबकि डॉक्टरों का कहना है कि ये सुरक्षित नहीं हैं।

**नेजल स्प्रे-इंजेक्शन से भी नहीं डर रहे युवाः** कई युवा बिना रेगुलेशन वाले नेजल स्प्रे और इंजेक्शन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनमें मेलानोटन II नाम का केमिकल होता है। यह स्किन को डार्क करता है, लेकिन इससे मेलानोमा (स्किन कैंसर) का खतरा बढ़ता है। डॉ. सूरज कुकाडिया बताते हैं कि मेलानोटन II से पुरुषों में किडनी डैमेज तक हो सकती है।

**सनबेड से स्किन कैंसर का खतरा 20% अधिक**

डब्ल्यूएचओ ने सनबेड को 'खतरनाक' श्रेणी में रखा है। रिसर्च से पता चलता है कि सनबेड का उपयोग करने वाले को स्किन कैंसर (मेलानोमा) का खतरा 20% अधिक होता है। यदि किसी ने 35 साल की उम्र से पहले सनबेड का इस्तेमाल शुरू किया है, तो यह खतरा 59% तक बढ़ जाता है।

### गुड टच-बैड टच अभियान ने जगाई हिम्मत,1 साल बाद छात्रा ने बताया युवकों ने किया था दुष्कर्म

**अंबिकापुर/बिहारपुर** | सूरजपुर जिले के बिहारपुर में आठवीं की छात्रा की मासूमियत को एक साल पहले तीन दरिंदों ने कुचल दिया था। बदनामी के डर ने उसने किसी से कुछ नहीं कहा। लेकिन, उसकी चुप्पी आखिरकार एक साल बाद तब टूटी, जब पुलिस एक जागरूकता अभियान में पॉक्सो एक्ट और गुड टच-बैड टच की जानकारी देने आई। उसने हिम्मत जुटाई और अपनी शिक्षिका को आपबीती सुनाई। शिक्षिका की सलाह पर परिजन के साथ थाने पहुंची छात्रा ने एक साल पुरानी घटना बयां की। थाना प्रभारी बिहारपुर प्रदीप कुमार सिदार ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**निर्देश** • सस्ता मिलता है गैर-डेयरी उत्पाद से बना एनालॉग पनीर

# मुंबईः होटल को बताना होगा व्यंजन में है कौनसा पनीर, एफडीए का फैसला

भास्कर न्यूज | मुंबई

महाराष्ट्र खाद्य व औषधि प्रशासन (एफडीए) ने ग्राहकों के हित में अहम फैसला किया है। इसके तहत होटल और रेस्टोरेंट मालिकों को मेन्यू में बताना होगा कि व्यंजन किस पनीर से तैयार किया गया है। इससे ग्राहकों को पता चलेगा कि जिस खाद्य पदार्थ का सेवन वे कर रहे हैं, उसमें दूध से बना पनीर है या फिर कृत्रिम पनीर। विदित हो कि एनालॉग (कृत्रिम) पनीर के उपयोग को 2021 में अनुमति दी गई थी।

एनालॉग पनीर वनस्पति तेल या गैर-डेयरी उत्पादों से बनाया जाता है। यह बाजार में सस्ता होता है। पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को 'गैर-डेयरी' के रूप में लेबल करना अप्रैल में ही अनिवार्य कर दिया गया था। अब इसे होटल और रेस्तरां के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। होटल और रेस्तरां एसोसिएशन (आहार) और वेस्टर्न इंडिया होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन (एचआरएडब्ल्यूआई) के सदस्यों ने इसकी पुष्टि की है। इनका कहना है कि कई होटल एनालॉग पनीर को लेकर आवश्यक लेबलिंग प्रोटोकॉल लागू कर चुके हैं। एचआरएडब्ल्यूआई के प्रवक्ता प्रदीप शेट्टी ने कहा कि होटल के मेन्यू में इसका खुलासा आवश्यक है। आहार के अध्यक्ष सुधाकर शेट्टी ने कहा कि हम नियम का पालन कर रहे हैं।

**100 ग्राम असली पनीर में हाई प्रोटीन की मात्रा 20 ग्राम होती है**



पारंपरिक रूप से दूध फाड़कर पनीर बनाया जाता है। प्रति 100 ग्राम असली पनीर में 18 से 20 ग्राम उच्च गुणवत्तावाला प्रोटीन होता है। यह प्रोटीन मांसपेशियों के लिए आवश्यक सभी नौ अमीनो एसिड प्रदान करता है। जानकारों का कहना है कि वनस्पति तेल से तैयार एनालॉग पनीर खाने से कोलेस्ट्रोल कम हो सकता है। लेकिन इसमें सोडियम और ट्रांसफैट की उच्च मात्रा स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है। सिंथेटिक एडिटिव्स से आंत में सूजन जैसी समस्या हो सकती है।

**चंडीगढ़** • ड्यूटी को लेकर था विवाद

### हाईकोर्ट परिसर में एएसआई ने कोर्ट ऑफिसर पर तानी पिस्टल

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट परिसर में बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जमकर हंगामा हुआ। कोर्ट ऑफिसर दलविंदर सिंह व एएसआई दिलबाग सिंह के बीच ड्यूटी को लेकर शुरू हुई बहसबाजी हाथापाई तक पहुंच गई। गुस्से में एएसआई दिलबाग ने अपनी सरकारी पिस्टल कोर्ट ऑफिसर पर तान दी। वहां मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत दिलबाग को शांत किया। सूचना मिलते ही एसएचओ नरेंद्र पटियाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीएसपी सेंट्रल उदयपाल सिंह भी अपनी टीम के साथ पहुंचे। दोनों ने पुलिस को शिकायत दी है। जिस पर दोनों का ही पुलिस ने जीएमएसएच-16 में मेडिकल करवाया। बाकायदा कोर्ट की तरफ से इसकी जानकारी फोन पर एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर को भी दे दी गई थी। बुधवार रात तक पुलिस दलविंदर सिंह की शिकायत पर एएसआई दिलबाग के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज करने में जुटी हुई थी।

**कोर्ट ऑफिसर ने बात करने को बुलाया थाः** पुलिस के अनुसार, एएसआई दिलबाग सिंह हाईकोर्ट के एक जज की सुरक्षा में तैनात है। हाल ही में उसकी ड्यूटी में कथित लापरवाही की शिकायत हुई थी, जिसे जज ने नोटिस करते हुए कोर्ट ऑफिसर से कहा था कि संबंधित कर्मी को समझाया जाए। इसी सिलसिले में कोर्ट ऑफिसर ने एएसआई को बुधवार दोपहर अपने कार्यालय में बुलाया था।

# कर्नाटकः 76 वर्षीय बुजुर्ग ने बनाई दुनिया की सबसे बड़ी निजी लाइब्रेरी, 22 भारतीय भाषाओं में हैं 15 लाख किताबें



**बेंगलुरु** | कर्नाटक के मैसूरु के पास केन्नालु गांव में 76 वर्षीय अनके गौड़ा ने जिंदगीभर की मेहनत से एक अनेखी लाइब्रेरी खड़ी की है। इस लाइब्रेरी में 15 लाख से ज्यादा किताबें हैं, जो 22 भारतीय भाषाओं और कई विदेशी भाषाओं में हैं। खास बात यह है कि अनके ने कभी लाइब्रेरी साइंस की कोई औपचारिक पढ़ाई नहीं की, फिर भी उन्होंने यह विशाल संग्रह तैयार किया। अनके गौड़ा पहले एक शुगर फैक्ट्री में काम करते थे। उन्होंने दशकों तक किताबें इकट्ठा कीं, ताकि गांव और आसपास के लोगों को पढ़ाई और ज्ञान का फायदा मिल सके। उनका मकसद था कि यह लाइब्रेरी एक सार्वजनिक ज्ञान केंद्र बने, जहां हर कोई आकर पढ़ सके।

### डिप्टी सीएम ने जो बाइक चलाई, उस पर 34 चालान

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने 5 अगस्त को हेब्बल फ्लाईओवर लूप का निरीक्षण करते हुए एक बाइक चलाई। बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट के मुताबिक, इस बाइक पर 34 ट्रैफिक नियम उल्लंघन के मामले दर्ज हैं और 18,500 रुपए का जुर्माना बकाया है।हालांकि, कांग्रेस पार्टी के सूत्रों का कहना है कि यह बाइक शिवकुमार की नहीं थी। वे निरीक्षण के दौरान सिर्फ उसे चला रहे थे। इस बाइक पर बिना हेलमेट चलाने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए ड्राइविंग करने और नो-एंट्री या वन-वे में घुसने जैसे कई उल्लंघन दर्ज हैं। शिवकुमार ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे हेलमेट पहनकर बाइक चलाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हेब्बल फ्लाईओवर लूप खोलने से ट्रैफिक जाम कम होगा और लोगों को तेज और आसान सफर मिलेगा। यह राज्य सरकार की "बेहतर बेंगलुरु" बनाने की कोशिशों का हिस्सा है।

**भास्कर खास** बिहारः 8 अगस्त को गृहमंत्री और सीएम करेंगे शिलान्यास

# अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट छोटा होगा पुनौराधाम जानकी मंदिर, अगस्त 2028 तक तैयार हो जाएगा

भास्कर न्यूज | पटना

8 अगस्त के दिन बिहार में के सीतामढ़ी के पुनौराधाम में माता जानकी मंदिर का शिलान्यास होगा। इससे पहले आज 7 अगस्त की शाम घर-घर दीप जलाए जाएंगे। राज्य में दीपोत्सव मनेगा। 882 करोड़ की लागत से मंदिर अगस्त 2028 तक तैयार होगा। राम मंदिर के वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा और उनके परिवार की देखरेख में ही पुनौराधाम में जानकी मंदिर का निर्माण होगा। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण चंद्रकांत सोमपुरा और उनके बेटे निखिल सोमपुरा और आशीष सोमपुरा ने किया है। जानकी मंदिर की ऊंचाई अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम होगी। 8 अगस्त को गृहमंत्री अमित शाह और सीएम नीतीश कुमार भूमि पूजन करेंगे।

**शिलान्यास की पूर्व संध्या पर आज दीपों से जगमगा उठेगा बिहार**



बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन ने कहा कि 8 अगस्त का यह दिन न केवल मिथिला या बिहार के लिए, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए आस्था, संस्कृति और गौरव का महापर्व सिद्ध होगा। शिलान्यास समारोह का सीधा प्रसारण राज्य के प्रमुख मंदिरों, सामुदायिक स्थलों और पंडालों में किया जाएगा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद, ढोल नगाड़ों की गूंज के बीच उल्लास के माहौल में मठ-मंदिरों में माता सीता का आवाह्न होगा। राज्य के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को शिलान्यास के पूर्व संध्या पर असंख्य दीपों से जगमगाएगा बिहार। घर-घर दीप जलेंगे, दिवाली मनेगी। दीप जलाकर माता सीता का स्वागत किया जाएगा। जानकी मंदिर राज्य की धार्मिक संस्कृति, आस्था और गौरव का प्रतीक बनेगा। बिहार सरकार ने माता सीता जन्मभूमि के विकास के लिए 882 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इस परियोजना के अंतर्गत पुनौरा धाम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

### कोर्टः 'ड्रीम गर्ल-2' पर कॉपीराइट दावा खारिज

एजेंसी | मुंबई

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को फिल्म लेखक आशीम बागची की याचिका खारिज कर दी। बागची ने आरोप लगाया था कि निर्माता एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स ने आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में उनके कॉपीराइट का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि सामान्य थीम्स और प्लॉट्स पर कॉपीराइट का दावा नहीं किया जा सकता। जस्टिस आरआई चागला की बेंच ने कोर्ट ने 1993 की हॉलीवुड फिल्म 'मिसेज डाउटफायर' का जिक्र करते हुए कहा कि कॉमन मूवी प्लॉट्स या थीम्स पर कॉपीराइट और सुरक्षा नहीं मांगी जा सकती। कोर्ट ने बागची को पांच प्रतिवादियों को 2-2 लाख रुपए देने का आदेश दिया।

**छत्तीसगढ़** • ठगों ने मानव तस्करी में कार्रवाई का डर दिखाया

# रायपुरः प्रोफेसर 26 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट, पुलिस की समझाइश पर भी दे दिए 88 लाख

भास्कर न्यूज | रायपुर

रायपुर शासकीय इंजीनियर कॉलेज में पदस्थ सीनियर प्रोफेसर डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो गए। इस दौरान प्रोफेसर ने 26 दिनों के भीतर ठगों को 88 लाख रुपए दे दिए। जबकि पुलिस ने उन्हें घर जाकर समझाइश भी दी। उन्होंने शिकायत करने को कहा। इसके बाद भी उन्होंने ठगों को पैसा दे दिया। अब जाकर प्रोफेसर ने पुलिस में इसकी शिकायत की है। पुलिस ने ठगी का केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती इलाके में 62 साल के संतोष कर्मकार रहते हैं, जो शासकीय इंजीनियर कॉलेज सेजबहार में सीनियर प्रोफेसर हैं। उनके पास 20 जून को वाट्सएप पर बेंगलुरु पुलिस के नाम पर फोन आया। उन्हें झांसा दिया कि गया मनी लॉड्रिंग में गिरफ्तार एक आरोपी की जांच के दौरान उनका लिंक मिला है। उनके खाते में अवैध ट्रांजेक्शन दिख रहा है। प्रोफेसर झांसे में आ गए।

**अवैध ट्रांजेक्शन देखकर पहुंची पुलिस, लेकिन नहीं समझे**

ऑनलाइन ठगी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस को प्रोफेसर का ट्रांजेक्शन दिखा। पुलिस ने जानकारी निकालकर प्रोफेसर से संपर्क किया और



उनके घर गए। उनसे पुलिस ने पूछा कि क्या डिजिटल अरेस्ट या साइबर फ्रॉड का शिकार हुए हैं। प्रोफेसर ने इंकार कर दिया। पुलिस ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट के पैटर्न और बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें पुलिस में शिकायत करने को कहा। लेकिन, वो ठगों से इतने डरे हुए थे कि उन्होंने पुलिस को कुछ नहीं बताया। उनके कहने के बाद 20 लाख रुपए और जमा कर दिए।

प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001